CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 15° C

मुरादाबाद, सोमवार 9 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 203 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मुफ्त सरकारी सुविधा में ईमानदारी जरूरी : राहुल गांधी

पेज 2



रैंडेल प्रथम श्रेणी में 5 गेंदों में लगातार 5 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने नेपियर

खेल टाइम्स



न्यूयॉर्क मेयर ममदानी के आवास पर बम हमले की कोशिश

पेज 12

# भारत तीसरी बार टी-20 का सरताज

## फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 96 रनों से दी करारी शिकस्त, टीम इंडिया ने कीवियों के छुड़ाए छक्के



**संजू सैमसन** फाइनल में 89 रन की आतिशी पारी खेली

टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 21 छक्के भी लगाए

**अहमदाबाद।** भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार टी-20 वर्ल्डकप जीत लिया है। इंडिया लगातार दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम बनी। पहली बार किसी मेजबान टीम ने टी-20 वर्ल्डकप जीता है।

टीम इंडिया ने तीसरी बार टी-20 विश्वकप का खिताब जीता है। इससे पहले टीम 2007 में पहले संस्करण और 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खिताब जीती थी। सूर्यकुमार यादव का भी नाम विश्व विजेता कप्तानों में शुमार हो गया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग का

**■ भारतीय टीम ने फाइनल में रिकॉर्ड 255 रन बनाए, न्यूजीलैंड159 पर ढेर**

फैसला लिया था। पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने भारत ने टी-20 वर्ल्डकप फाइनल में रिकॉर्ड 255 रन बनाए थे। संजू सैमसन ने टी-20 वर्ल्डकप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर 89 रन बनाए। ईशान किशन ने 54 और अभिषेक शर्मा ने 52 रन बनाए। आखिर में शिवम दुबे ने 8 गेंद पर 26 रन बनाए। न्यूजीलैंड से जिमी नीशम को 3 विकेट मिले। 255 रनों का पीछा करने उतरी



न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। साइफर्ट (52) और कप्तान सैंटनर (43) के अलावा कोई भी बैटर भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सका। पूरी टीम 19 ओवर में 159 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड को रनों के लिहाज से टी-20 वर्ल्डकप फाइनल में सबसे बड़ी हार मिली। भारत ने पावरप्ले में 92 रन बनाए और 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 255 रन बना दिए। भारतीय टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप के सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की। पिछला रिकॉर्ड 92/1 था, जो 2024 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज ने बनाया था। सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए।

# ईरान की ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की 27वीं स्ट्राइक

## नए ड्रोन -मिसाइलों से अमेरिका-इजरायल व सऊदी अरब पर हमला

**तेहरान।** मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 के तहत 27वीं लहर के हमलों की शुरुआत करने का दावा किया है। ईरान के इस विशिष्ट सैन्य बल ने कहा कि यह कार्रवाई अमेरिका और इजरायल की ओर से कथित उकसावे वाली सैन्य कार्रवाई के जवाब में की गई है।

ईरानी सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी के अनुसार, इस चरण में ड्रोन और मिसाइलों के संयुक्त हमले किए गए, जिनका मुख्य निशाना इजरायल के उत्तरी हिस्सों में मौजूद सैन्य ढांचे व सऊदी अरब को बनाया गया। सऊदी अरब में एक भारतीय समेत लोगों के मरने की खबर है, इस हमले में 12 मजदूर घायल बताए जा रहे हैं। आईआरजीसी ने बताया कि इस हमले में उसकी एयरोस्पेस डिवीजन ने नए खैबर-शेकन सॉलिड-फ्यूल मिसाइलों का उपयोग किया। इन मिसाइलों में टारगेट तक पहुंचने के अंतिम चरण तक मार्गदर्शन की क्षमता मौजूद है। ईरानी सैन्य बयान के मुताबिक इन मिसाइलों से इजरायल के उत्तरी शहर हाइफा में मौजूद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट के अनुसार आईआरजीसी ने ड्रोन के जरिये उन इलाकों को भी निशाना बनाया जहां अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। दावा किया गया कि एक ड्रोन यूनिट ने उस स्थान को निशाना बनाया, जहां अमेरिकी बल मौजूद थे -शेष पृष्ठ दो पर



**मुख्य निशाना इजरायल के उत्तरी हिस्सों में मौजूद सैन्य ढांचे को बनाया गया, यूएई पर 16 मिसाइलों व 117 ड्रोन से हमला**

**कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन भंडारण क्षेत्र को शत्रु ड्रोनों से निशाना बनाया गया, सऊदी में एक भारतीय समेत दो की मौत**

**ईरान ने अपने जल शोधन संयंत्र पर हमले के जवाब में बहरीन में अमेरिका के सैन्य अड्डों पर हमला किया**

### इजरायल का तेहरान में प्रमुख तेल केंद्रों पर हमला

**तेहरान/तेल अवीव।** लेबनान की राजधानी बेरूत स्थित एक होटल पर इजरायल की ओर से किए गए हमले में चार लोग मारे गए, जबकि 10 अन्य लोग घायल हुए हैं। इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान और अल्बोर्ज प्रांत में पांच प्रमुख तेल केंद्रों को निशाना बनाया।

ईरानी सरकारी टेलीविजन के अनुसार, इन हमलों में कम से कम चार टैंकर चालकों की मौत हो गई है। हमलों के बाद तेहरान का आसमान काले धुएं की मोटी चादर से ढक गया। वहीं अमेरिका और इजरायल ईरान के अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को कब्जे में लेने के लिए विशेष बलों की तैनाती की संभावना पर विचार कर रहे हैं। समाचार वेबसाइट एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार इस विषय पर दोनों देशों के बीच चर्चा हुई है। रिपोर्ट में मामले से परिचित चार सूत्रों का हवाला दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्ध उद्देश्यों में ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना शामिल है और इसके लिए ईरान के पास मौजूद करीब 450 किलोग्राम (लगभग 992 पाउंड) 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम को कब्जे में लेना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# राष्ट्रपति दौरा विवाद: गृह सचिव ने बंगाल सरकार से मांगी रिपोर्ट

**■ कहा: वॉशरूम में पानी नहीं था, सड़क पर कूड़ा था, ममता सरकार ने प्रोग्राम वेन्यू बदला था**

**कोलकाता/नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल फॉलो नहीं करने के मामले में केंद्र ने राज्य के मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के मुताबिक, गृह सचिव ने रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी नहीं था। प्रशासन ने जो रास्ता चुना था, वह कचरे से भरा था।

अधिकारियों के मुताबिक, यह रिपोर्ट रविवार को गृह मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए गए। उधर, पीएम मोदी और भाजपा ने इसे राष्ट्रपति का अपमान बताया है। मोदी ने कहा था कि ये शर्मनाक, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। राष्ट्रपति मुर्मू को 7 मार्च को आदिवासी समुदाय के हर साल होने वाले प्रोग्राम 9वें अंतर्राष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में बुलाया गया था। कार्यक्रम सिलीगुड़ी के बिधाननगर में होना तय था। हालांकि सुरक्षा और दूसरे लॉजिस्टिक कारणों का हवाला देते हुए, अधिकारियों ने जगह को बागडोगरा एयरपोर्ट के पास गोपालपुर में शिफ्ट कर दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कार्यक्रम स्थल बदले जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि मुझे लगता है बंगाल सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहतीं। नॉर्थ बंगाल दौरे पर न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई मंत्री मुझे रिसीव करने आया। मुझे नहीं पता कि ममता मुझसे नाराज हैं या नहीं। वैसे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप सब ठीक रहें। राष्ट्रपति बोलीं- ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन जैसी हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। अगर प्रोग्राम बिधाननगर में होता, तो बेहतर होता। वहां काफी जगह है और बहुत से लोग आ सकते थे, लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां मीटिंग की इजाजत क्यों नहीं दी।

## मुख्यमंत्री ममता का धरना तीसरे दिन भी रहा जारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। टीएमसी सुप्रीमो ने चुनाव आयोग को वैनिश कमीशन कहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा 'इलेक्टोरल रोल से सही वोटर्स के नाम हटाने के लिए वैनिश कमीशन का गलत इस्तेमाल' कर रही है।

उनका यह कमेंट ऐसे दिन आया है जब चुनाव आयोग की पूरी बेंच राज्य विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव की तैयारियों का रिव्यू करने के लिए कोलकाता आने वाली है। ममता ने कहा कि एक देश, एक नेता, एक पार्टी के पागलपन में, भाजपा ने जन-विरोधी इच्छाओं को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और संवैधानिक पद को सिस्टमैटिक तरीके से हथियार बना लिया है। बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा का आखिरी मकसद बाबासाहेब अंबेडकर के बनाए गए



**■ बोलीं- भाजपा पर एक देश, एक नेता-एक पार्टी का पागलपन सवार, चुनाव आयोग को वैनिश कंपनी कहा**

संविधान को अपने पार्टी मैनिफेस्टो से बदलना है। ममता ने राज्य में एसआईआर में वोटर लिस्ट से नाम हटाने के विरोध में 6 मार्च दोपहर 2 बजे से कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर धरना शुरू किया है।

## 19वां रोज़ा

### मगफिरत के लिए अल्लाह के जिक्र पर जोर देता है रोज़ा

कुरआने-पाक में अल्लाह का इरशाद है- सो तुम मुझे याद किया करो, मैं तुम्हें याद किया करूंगा और मेरा अहसान मानते रहना और नाशुक्री नहीं करना। इस आयत की रोशनी में मगफिरत के अशरे को तो समझा ही जा सकता है, साथ में उन्नीसवें रोज़े की खासियत और फजीलत का भी बयान किया जा सकता है। मगफिरत का अशरा अल्लाह के ज़िक्र पर जोर देता है। इसलिए उन्नीसवां रोज़ा अल्लाह की मुसलसल याद है और रोज़ेदार के लिए दुआ की मुकम्मल फरियाद है। आयत में अल्लाह का वादा भी तो जाहिर हो रहा है। अल्लाह का ये वादा सो तुम मुझे याद किया करो, मैं तुम्हें याद किया करूंगा, सिर्फ इशारा नहीं है, बल्कि ज़ाहिर कौल है और करार है। अल्लाह चूंकि रहीम है इसलिए उसने रहम फरमाया है, नरमी बरती है और फिर कहा कि मेरा अहसान मानते रहना और नाशुक्री नहीं करना, तो ये हुक्म तो है यानी आर्डर तो है मगर इसमें भी अल्लाह ने फज़्ल की गारंटी पहले दिए गए कौल में दे दी है।

## लोकसभा अध्यक्ष ने ऑल वुमेन बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक समाचार पत्र की ओर से यहां कनॉट प्लेस में आयोजित ऑल-वुमेन बाइक रैली 2026 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने सभी देशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और महिलाओं की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण बताया।

**■ बिरला ने महिलाओं की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण बताया**

स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर भारत के नव निर्माण तक महिलाओं ने हर क्षेत्र में सशक्त नेतृत्व दिया है। उन्होंने कहा कि आज भारत की महिलाएं पंचायत से लेकर संसद तक नेतृत्व कर रही हैं और देश के विकास की मजबूत आधारशिला बन रही हैं।

## सात दिन में खाड़ी देशों से लौटे 50000 भारतीय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर अपडेट देते हुए बताया कि 1 से 7 मार्च 2026 के बीच 52,000 से ज्यादा भारतीय सुरक्षित रूप से खाड़ी देशों से भारत लौटे।

इसमें से 32,107 भारतीय एयरलाइंस के जरिये, बाकी लोग विदेशी कमर्शियल फ्लाइट्स और नॉन-शेड्यूल्ड फ्लाइट्स के जरिये वापस आए हैं। मंत्रालय के अनुसार, खाड़ी देशों में बिगड़ते हालात के बीच वहां फंसे भारतीयों की सहायता के लिए एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है, जो प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के सवालों का जवाब दे रहा है। एमईए ने कहा कि क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को स्थानीय प्रशासन और भारतीय दूतावास/ वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी सलाहों का पालन करने की सलाह दी गई है। विभिन्न देशों में स्थित भारतीय मिशनों ने 24गुना7 हेल्पलाइन भी शुरू की हैं। मंत्रालय के बयान के अनुसार, हाल के दिनों में क्षेत्रीय हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुलने के बाद भारतीय और विदेशी एयरलाइंस कमर्शियल और स्पेशल फ्लाइट्स संचालित कर रही हैं। आने वाले दिनों में और उड़ानें संचालित करने की योजना है।

**■ 32,107 को भारतीय एयरलाइंस लेकर आई**

**■ अकेले इजरायल में रहते हैं लगभग 41 हजार इंडियन**

## धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी पर नया केस दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पीएनबी की शिकायत पर रिलायंस कम्युनिकेशंस के प्रमुख अनिल अंबानी के खिलाफ 1,085 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का एक नया मामला दर्ज किया है।

यह कार्रवाई पीएनबी के मुख्य प्रबंधक संतोषकृष्ण अन्नावरपु की एक शिकायत के आधार पर की गई है। न्यूज एजेंसी के पास मौजूद इस प्राथमिकी की प्रति के अनुसार, इसमें आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2013 से 2017 के बीच अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के तत्कालीन अधिकारियों ने कथित तौर पर पीएनबी के साथ 1,085 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। बैंक का आरोप है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने यह कर्ज वापस न करने की नीयत से प्राप्त किया। पीएनबी ने दावा किया कि कंपनी ने बैंक से प्राप्त धन को जानबूझकर अन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया। ऐसा करना धोखाधड़ी और विश्वास के आपराधिक उल्लंघन के समान है। सीबीआई द्वारा दर्ज इस प्राथमिकी में रिलायंस कम्युनिकेशंस, अनिल अंबानी के अलावा कुछ अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है।

**■ 1085 करोड़ की पीएनबी धोखाधड़ी का मामला**

# आपदा सरकार ने रोकी थी दिल्ली की विकास यात्रा: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आपदा सरकार की वजह से दिल्ली का विकास रुक गया था, लेकिन पिछले एक साल में दिल्ली में चहुंओर विकास हो रहा है और इसका लाभ लोगों को मिल रहा है।

श्री मोदी ने रविवार को यहां बुराड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम में दिल्ली में 33,500 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद कहा कि अब पता चल रहा है कि एक वर्ष पहले दिल्ली ने जिस आपदा से मुक्ति पाई वह कितनी जरूरी थी। अगर आपदा सरकार न



होती, तो मेट्रो का चौथा चरण पहले हो जाता। भाजपा की सरकार बनने के बाद दिल्ली में चारों तरफ विकास में तेजी आई है। दिल्ली में हर दिन लाखों लोग बसों में सफर करते हैं, इसलिए लोगों को साफ आरामदायक बस सेवा मिली है। चार हजार से अधिक बसें दिल्ली की सेवा कर रही हैं जिसमें ईवी बसें भी शामिल हैं। करीब दस वर्षों तक आपदा सरकार ने विकास का काम ठप कर रखा था, लेकिन अब विकास का तेजी से किया जा रहा है। भाजपा सरकार यमुना की सफाई के लिए भी बडे स्तर पर काम कर रही है। दिल्ली में पहले जो आपदा सरकार थी, उसे लोगों की परेशानी से कोई फर्क नहीं पड़ता था। आपदा सरकार ने कभी गरीबों की परवाह नहीं की, लेकिन रेखा गुप्ता के नेतृत्व में निरंतर स्थितियों को ठीक किया जा रहा है।

**■ प्रधानमंत्री ने दिल्ली में 33,500 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया**




## तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

# खामेनेई की शहादत पर शोक सभा

## श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी मगफिरत के लिए की गई दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम भनेड़ा स्थित बुध बाजार चौक पर शिया और सुन्नी समुदाय के लोगों ने एकत्र होकर ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई की शहादत को याद करते हुए एक शोक सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी मगफिरत के लिए दुआएं की गईं।

शोक सभा के दौरान उपस्थित उलेमाओं ने कहा कि खामेनेई ने हमेशा उम्मत-ए-मुस्लिमां की एकता और इंसाफ की आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में मुसलमानों को फिरकों में बंटने के बजाय आपसी भाईचारे और एकता के साथ रहना चाहिए।

शिया और सुन्नी उलेमाओं ने एक स्वर में कहा कि इस्लाम हमें आपसी मोहब्बत, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है, इसलिए हमें किसी भी तरह के मतभेदों से ऊपर उठकर एकजुट रहना चाहिए।





इस मौके पर आसपा नेता मुदस्सिर जमा खान, एडवोकेट अशरफ जमील, साहिल मेहरा, शेरबाज पठान, साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मोअज्जम खान, गुलशन बिजनौरी, हैदर किरतपुरी, शिब्लु, इसरार जैदी, मौलाना सैय्यद शेर अली सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने खामेनेई के जीवन और उनके संघर्षों को याद करते हुए उन्हें महान नेता बताया और उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ की।

कार्यक्रम के अंत में सांसद चंद्रशेखर ने अपने संदेश में कहा कि आयतुल्लाह अली खामेनेई जैसे नेता पूरी दुनिया में इंसाफ, हक और मजलूमों की आवाज उठाने के लिए जाने जाते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्व की याद हमें यह प्रेरणा देती है कि हम समाज में नफरत और भेदभाव से ऊपर उठकर इंसानियत, भाईचारे और एकता के रास्ते पर चलें। सांसद ने कहा कि आज के समय में सबसे ज्यादा जरूरत आपसी सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने की है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी समुदाय मिलजुल कर देश और समाज की तरक्की में अपना योगदान दें और शांति व एकता का संदेश फैलाएं।

# शिविर का दूसरा दिन पर्यावरण, स्वच्छता एवं सौर ऊर्जा दिवस के रूप में मनाया

### वृक्षों की सुरक्षा और संरक्षण पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** शकुंतला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर में आज दूसरे दिन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच.जी. पाठक के दिशा-निर्देश में 'पर्यावरण स्वच्छता' और 'सौर ऊर्जा' का प्रयोग एक कार्यक्रम के रूप मे मनाया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमें शुद्ध वायु देते हैं और हमारा जीवन ही वायु पर ही आधारित है। इसलिए हमें वृक्षों की सुरक्षा और संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने कहा जो स्वेच्छा से देश को समर्पित हैं। वही देश को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। उनके पास एक निश्चित लक्ष्य होता है, जो समाज सुधार की भावना से कार्य करते है। वह लोगों को प्रेरित करके समाज में जागृति फैलाने का कार्य करते हैं।




इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज कुमार ने पर्यावरण स्वच्छता एवं सौर ऊर्जा के प्रयोग के महत्व को बताया और उन्होंने कहा यदि हम अपना आसपास का वातावरण स्वच्छ रखेंगे और सौर ऊर्जा का प्रयोग करेंगे तो हम अपने पर्यावरण को भी स्वच्छ रख सकते हैं।

इसी क्रम में हीमपुर बुजुर्ग के ग्राम प्रधान अली वारिस ने पर्यावरण स्वच्छता और सौर ऊर्जा पर अपने संबोधन में कहा कि हमें अपना गांव, शहर बस्ती को स्वच्छ रखना अति आवश्यक है। जिससे हम होने वाली बीमारियों से दूर रह सकते हैं तथा सौर ऊर्जा का प्रयोग करके हम अपना आर्थिक खर्च को भी कम कर सकते हैं और इसका वातावरण पर कोई भी दुष्प्रभाव नहीं होगा।

कार्यक्रम में रूपाली, शगुन, पल्लवी, शिवा, वंशिका और खुशबू भारती आदि छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मितुल कुमार, नैंसी त्यागी, स्वाति शर्मा का विशेष सहयोग रहा। इस शिविर में ग्राम प्रधान हीमपुर बुजुर्ग अली वारिस का विशेष सहयोग रहा।

# गुलदार के हमले से किसान गंभीर घायल



### ट्रैक्टर-ट्रॉली पर चढ़ कर बचाई अपनी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ दिन पूर्व गांव मुरलीलाला में गन्ना छील रही महिला मोमिना पत्नी सुक्खे निवासी टांडा हिदायतपुर पर गुलदार ने हमला कर उसे घायल कर दिया था। घटना के बाद वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था, लेकिन वह अभी तक पकड़ में नहीं आ सका।

रविवार को गांव मुरलीवाला निवासी किसान ओमप्रकाश धनकड़ पुत्र इंद्रराज सिंह अपने खेत में गन्ना छील रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे गुलदार ने अचानक उन पर हमला कर दिया। बताया गया कि किसान ने किसी तरह ट्रैक्टर-ट्रॉली पर चढ़कर अपनी जान बचाई।

ग्रामीणों का कहना है कि गुलदार अब काफी खूंखार हो गया है और लगातार लोगों पर हमला कर रहा है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द गुलदार को पकड़ने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी घटना को रोका जा सके।

# आरबीडी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरबीडी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रोफेसर पारुल त्यागी के निर्देशन में महिला उत्पीड़न समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. शारदा द्विवेदी ने अपने विचारों से छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को मनाया जाता है। वर्ष 2026 की थीम अधिकार और न्याय के साथ-साथ हर महिला और बालिका के सशक्तिकरण के लिए वास्तविक कार्रवाई पर केंद्रित है।

दुनिया भर में 'गिव टू गेन' अभियान जेंडर इक्वालिटी के लिए आपसी सहयोग और उदारता के महत्व पर जोर देता है। कार्यक्रम की वक्ता डॉ. शारदा द्विवेदी ने कहा कि भारत अब महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिला-नेतृत्व वाले विकास को प्राथमिकता दे रहा है। महिलाएं अर्थव्यवस्था और समाज की उन्नति की असली शक्ति हैं। संविधान द्वारा प्रदत्त समानता के अधिकार और सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार ने यह सुनिश्चित किया है कि भारत के लोकतंत्र में महिलाओं को न केवल बराबरी का दर्जा मिले, बल्कि शासन प्रणाली में उनकी हिस्सेदारी भी समान हो। उन्होंने कहा शिक्षा, स्वास्थ्य, वित्तीय समावेशन और सुरक्षा के क्षेत्रों में सरकार की विभिन्न पहलें महिला सशक्तिकरण के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम का निर्माण कर रही हैं। स्वयं सहायता समूह, एंटरप्रेन्योरशिप स्कीम और कौशल विकास कार्यक्रम महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और उद्यम निर्माण की संभावनाओं का विस्तार कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मृदुल ने किया। इस अवसर पर डॉ. मंजु चौधरी, डॉ. आबिदा, श्री प्रताप सिकदार, डॉ. मीनू सिरोही, कु. ऋतु सैनी, श्रीमती मनीषा शर्मा, डॉ. सीमा चौधरी, कु. वर्षा, कु. जुही फातिमा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्राओं का भी विशेष सहयोग रहा।



# बच्चों ने रखा पहला रोजा भव्य इफ्तार का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मौहल्ला शाहजहीर नगीना निवासी मौहम्मद अफजाल के नाती एवं अलीना के पुत्र मौहम्मद आशु ने रविवार को पहला रोजा रखा। इस उपलक्ष में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विधायक नगीना (पूर्व मंत्री) मनोज पारस उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नीलम पारस (पूर्व जिला पंचायत सदस्य) ने उनके निज-निवास पर शिरकत कर रोजा इफ्तार से पहले उत्तर प्रदेश में एवं खास तौर से अपनी विधानसभा क्षेत्र में अमन चैन एवं खुशहाली की दुआ की एवं उसके उपरांत सभी लोगों के साथ रोजा इफ्तार किया।

### नगीना में रमजान का रंग

वहीं मौहल्ला नूर सराय निवासी नौशाद अंसारी के मासूम बेटे अमन शाद ने भी रविवार को रमजान के 18 वें रोजे को पहला रोजा रखा। परिजनों ने खुशी के मौके पर जहां बच्चे की सलामती की दुआ की तो वही दादा हाजी दिलशाद अंसारी व दादी हज्जन खातून बेगम आदि ने खुशी जाहिर कर अमन के हौंसले की जमकर तारीफ की। रोजा इफ्तार कर मासूम अमन ने अल्लाह की बारगाह में मुल्क, कौम और तमाम इंसानियत के लिए सलामती की दुआएं मांगीं।

# बृजपाल सिंह प्रजापति आसपा में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** उत्तर प्रदेश की सियासत में दल-बदल और समीकरणों के बदलने का दौर जारी है। इसी क्रम में नहटौर विधानसभा क्षेत्र में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने एक बड़ी राजनैतिक बढ़त हासिल की है। राजनीति में सक्रिय रहे बृजपाल सिंह ने अपने समर्थकों के साथ आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली।

प्राप्त समाचार के अनुसार सांसद चन्द्रशेखर आजाद के धामपुर स्थित आवास पर सांसद के समक्ष बृजपाल सिंह ने पार्टी का दामन थामा। इस दौरान सांसद ने उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। सदस्यता ग्रहण करने के



### नहटौर में सियासी हलचल

पश्चात संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों को लेकर सांसद और नवागंतुक कार्यकर्ताओं के बीच अहम चर्चा हुई। इस अवसर पर सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने ब्रजपाल सिंह का स्वागत करते हुए कहा कि जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं के आने से बहुजन आंदोलन को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि संगठन का विस्तार और जनहित की लड़ाई ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। बृजपाल सिंह जैसे अनुभवी साथियों के आने से नहटौर में पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी।

इस मौके पर मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष (मुस्लिम भाईचारा) नरेश फौजी, जिलाध्यक्ष (मुस्लिम भाईचारा) सुधीर कुमार, वरिष्ठ नेता मनोज हिटलर, अरविन्द चौधरी, मनवीर सिंह, खूब सिंह भारती एवं डा. विजेन्द्र सिंह सहित पार्टी के कई दिग्गज नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। राजनैतिक गलियारों में यह चर्चा तेज हो गई है। धीरे धीरे नहटौर विधानसभा के नेताओं का आसपा में जाना क्षेत्र के समीकरणों को प्रभावित कर सकता है, खासकर दलित और पिछड़े वर्ग के बीच पार्टी की पकड़ और मजबूत होने की संभावना है।

# रोडवेज बस का टायर फटने से बस का फर्श टूटा, एक घायल

**नहटौर।** ग्राम इलाबास निवासी यशपाल सिंह पुत्र रघुवीर सिंह (32 वर्ष) रोडवेज बस द्वारा नजीबाबाद से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही बस नहटौर के समीप पहुंची तो अचानक बस का एक टायर जोरदार धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना जबरदस्त था कि पहिये के ठीक ऊपर का बस का फर्श (फ्लोर) फटकर ऊपर की ओर आ गया। उसी सीट पर बैठा यशपाल सिंह इसकी चपेट में आकर घायल हो गया। टायर फटने से बस में चीख-पुकार मच गई। बस चालक ने तुरंत बस रोककर घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। गनीमत रही कि हादसे के समय बस की रफ्तार धीमी थी अन्यथा बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

# मेधावी छात्र-छात्रा कल्याण समिति ने किया शगुन कौशल का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अनुसूचित जाति जनजाति मेधावी छात्र छात्रा कल्याण समिति एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति जन जागृति महासंघ द्वारा यूपीएससी की परीक्षा में 145 वी रैंक हासिल कर IAS बनने वाले शगुन कौशल को आदर्श नगर नजीबाबाद में रविदास धर्मशाला में कोर कमेटी के प्रभारी तेजपाल सिंह की अध्यक्षता एवं अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह के संचालन में आयोजित स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य उमेश कुमार, डॉ. भूपेंद्र कुमार एवं महेंद्र सिंह, मंडलाध्यक्ष जितेंद्र के राव, मंडल कोषाध्यक्ष डॉ. रामकुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष रामनाथ सिंह एवं सुरजा सिंह, जिलाध्यक्ष योगेंद्र कुमार, महामंत्री ओम प्रकाश सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार रवि, कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, डीआरएम डिग्री कालेज के प्रबंधक आर के सागर, मुकेश कुमार, दिले राम रवि, डॉ. धनीराम, संजीव कुमार, भीम सिंह, सुभाष चंद्र, विनय कुमार, संतोष कुमार, राकेश कुमार, ओमराज सिंह, विजय कुमार, जगवती देवी, माता जी विनीता देवी, टीका देवी, रेखा देवी, मोनिका रानी, बहन डॉ.निशिका कौशल, सुरभि, सुशीला देवी, सरिता देवी आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन की व्यवस्था अटेवा नजीबाबाद तहसील प्रभारी सुभाष चंद्र द्वारा की गई।

# रचना का सपा से कोई भी संबंध नहीं : शेख जाकिर

## आपत्तिजनक पोस्ट के खिलाफ दर्ज की जाएगी शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर**। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाली रचना महेंद्रा से उनकी पार्टी का कोई संबंध नहीं है।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी महिला के लिए सपा में कोई जगह नहीं है। उन्होंने बताया कि रचना कई सालों से सपा के कार्यक्रम में शामिल नहीं होती है। वह किस पार्टी में है, यह खुद बता सकती है। उन्होंने कहा कि रचना ने जिस तरह से फेसबुक पर



आपत्तिजनक पोस्ट की है, वह नाका. बिले बर्दाश्त है। इस पोस्ट की सपा निंदा करती है। सपा ने हमेशा भाईचारे को बढ़ावा देने वाला काम किया है। किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना अच्छी बात नहीं है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर सपा में मंथन चल रहा है और शीघ्र ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मिलकर रचना के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता देशभक्त है और कोई भी देशभक्त व्यक्ति आपस में लड़वाने वाला काम नहीं करता है। सपा में सभी को मान सम्मान मिलता है। इस तरह की बयानबाजी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। रचना के द्वारा दंगा भड़काने की साजिश की गई है। इसके खिलाफ जबरदस्त गुस्सा है। इस मौके पर सपा के कार्यालय प्रभारी व प्रवक्ता अखलाक पप्पू भी मौजूद थे।

# रातों को गफलत में न गुजारें : कासमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** रमजान के मुकद्दस महीने का आखिरी अशरा शुरू होते ही इबादत और बंदगी का माहौल ज्यादा रूहानी हो जाता है।

नगर के मारूफ आलिम ए दीन मुफ्ती रियाजउद्दीन कासमी ने रोजेदारों से अपील करते हुए कहा कि रमजान के आखिरी दस दिनों में आने वाली तमाम रातें बेहद फजीलत और बरकत वाली होती हैं, इसलिए इन रातों को गफलत में न गुजारें बल्कि ज्यादा से ज्यादा इबादत करें। उन्होंने बताया कि रमजान के 18 रोजों के बाद आने वाली 21वीं, 23वीं, 25वीं, 27वीं और 29वीं रात को ताक की रातें कहा जाता है। इन्हीं मुबारक रातों में शब-ए-कद्र होने की उम्मीद बताई गई है, जिसे कुरआन शरीफ में हजार महीनों से बेहतर रात बताया गया है। इस रात में की गई इबादत, तिलावत, जिक्र और दुआ का सवाब अल्लाह तआला कई गुना बढ़ाकर अता फरमाता है।

मुफ्ती रियाजउद्दीन कासमी ने कहा कि आमतौर पर 27वीं रमजान की रात को लोग ज्यादा अहमियत देते



हैं, लेकिन हदीसों के मुताबिक शब-ए-कद्र आखिरी अशरे की किसी भी ताक रात में हो सकती है। इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि वे सभी ताक रातों में मस्जिदों और घरों में इबादत का खास एहतमाम करें, कुरआन शरीफ की तिलावत करें, नफिल नमाज अदा करें और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगें। उन्होंने रोजेदारों से यह भी अपील की कि रमजान के इन बेशकीमती लम्हों को नेकियों में बिताएं, जरूरतमंदों की मदद करें और दुआ करें कि अल्लाह तआला हम सबको रमजान की रहमतों, बरकतों से मालामाल फरमाए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ईरान की...**

और जो वॉर्नर ब्रदर्स कंपनी की इमारतों के पास स्थित है। आईआरजीसी ने यह भी कहा कि उसकी नौसेना ने बहरीन के सलमान पोर्ट पर मौजूद अमे. रिकी नौसेना के ढांचे को निशाना बनाया। यह स्थान अमेरिकी नेवी के पांचवें फ्लीट से जुड़ा माना जाता है। ईरानी सेना के अनुसार यहां मानव रहित सतही जहाजों के कमांड सेंटर और सैन्य सहायता हैंगर पर हमले किए गए। ईरान का दावा है कि इन हमलों के बाद इजरायल के कई क्षेत्रों में लगातार आपातकालीन सायरन बज रहे हैं और हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। आईआरजीसी ने यह भी आरोप लगाया कि इजरायली प्रशासन सैन्य ठिकानों की सुरक्षा के लिए नागरिकों को कुछ इलाकों में सीमित कर रहा है। आईआरजीसी ने अपने बयान में कहा कि ईरानी सशस्त्र बल लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष के लिए तैयार हैं और उनकी यूनिट्स सटीक योजना के साथ अमेरिकी बलों की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। गौरतलब है कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की शुरुआत पिछले सप्ताह विदेशी हमलों के बाद हुई थी। इसके बाद से ईरान की ओर से सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइल और आत्मघाती ड्रोन दागे जाने का दावा किया गया है।

इनमें तेल अवीव, यरूशलेम और बेर्शेबा जैसे अहम इलाकों को निशाना बनाने की बात कही गई है। वहीं अमेरिका-इजरायल की तरफ से हमले के बाद ईरान अपने पड़ोसी देशों में मौजूंद अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना रहा है।

इस कड़ी में ईरान यूएई पर 16 मिसाइल और 117 ड्रोन से हमले किए हैं। इसी बीच कुवैत की सेना ने बताया कि कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन भंडारण क्षेत्र को शत्रु ड्रोनों से निशाना बनाया गया। वायु रक्षा प्रणालियों ने कई ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया, लेकिन इस दौरान गिरे मलबे से कुछ नागरिक ढांचे को नुकसान पहुंचा। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने भी रविवार तड़के ड्रोन हमलों की पुष्टि करते हुए कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने कम से कम 21 ड्रोन को मार गिराया है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के आपदा प्रबंधन इकाई ने भी संभावित हमलों के प्रति आज चेतावनी जारी की थी। ईरान ने अपने जल शोधन संयंत्र पर हुए हमले के जवाब में बहरीन में अमेरिका के सैन्य अड्डों पर हमला किया है।

ईरान के सर्वोच्च परिचालन कमान के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जोलफकारी ने शनिवार को कहा कि जुबैर स्थित अमेरिकी अड्डे से केश्म द्वीप के केश्म जल शोधन संयंत्र पर हमले के जवाब में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने अमे. रिकी ठिकाने को निशाना बनाया।

# बीजेपी 'वैनिश कमीशन' का गलत इस्तेमाल कर रही: ममता

**कोलकाता, वार्ता**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व चुनाव आयोग की फुल बेंच आज शाम कोलकाता पहुंच गई है।

चुनाव आयोग की टीम सोमवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और पुलिस एवं आला अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। चुनाव आयोग की बैठक से पहले राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर हमला बोला है और चुनाव आयोग को वैनिश कमीशन करार देते हुए कहा कि बीजेपी वैनिश कमीशन का गलत इस्तेमाल वैध मतदाताओं का नाम हटाने के लिए कर रही है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक नींव पर अभूतपूर्व और सीधा हमला किया



■ सीईसी के कोलक. ाता दौरे पर ममता का बड़ा हमला

जा रहा है। एक राष्ट्र, एक नेता, एक पार्टी' की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी सुनियोजित तरीके से हर लोकतांत्रिक संस्था एवं संवैधानिक पद का गलत इस्तेमाल कर रही है। ममता बनर्जी ने कहा कि सालों से केंद्रीय एजेंसियां, राष्ट्रीय आयोगों और न्यायपालिका का एक वर्ग को बंगाल के खिलाफ खड़ा किया गया है, वे बर्बाद हो चुके आयोग का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं, ताकि वे वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटावा सकें। इस बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार समेत कमीशन की फुल बेंच सोमवार सुबह कालीघाट मंदिर जाएगी, वहां पूजा करेंगे। चीफ इलेक्शन कमिश्नर का मंगलवार को फिर से बेलूर मठ जाने का प्रोग्राम है। एसआईआर की फाइनल लिस्ट 28 फरवरी को पब्लिश हुई थी। हालांकि 60 लाख नाम अनसुलझे लिस्ट में हैं। राजनीतिक पार्टियों ने मांग की है कि जब तक अनसुलझे लिस्ट का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक चुनाव नहीं हों। ऐसे में इस बात को लेकर अटकलें तेज हो रही हैं कि वोटिंग शेड्यूल कब अनाउंस होगा। क्या पोलिटिकल पार्टियों के साथ मीटिंग के बाद कमीशन किसी फैसले पर पहुंचेगा?

# इस साल पालकी पर बैठ धरती पर आएंगी मां दुर्गा

**नई दिल्ली।** नवरात्र का पर्व माता दुर्गा के भक्तों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दौरान माता के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है, साथ ही व्रत रखा जाता है। नवरात्र के दिन भक्ति और आराधना के होते हैं। 19 मार्च को चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के दिन चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो जाएगी। इसका समापन 27 मार्च को राम नवमी के दिन होगा।

हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्र में माता रानी धरती लोक पर अपने भक्तों के दुख और संकट हरने के लिए आती हैं। इस दौरान किए गए पूजा-पाठ का विशेष फल प्राप्त होता है। इस साल चैत्र नवरात्र में माता दुर्गा पालकी पर सवार होकर धरती लोक पर आने वाली हैं, जबकि हाथी पर बैठकर माता प्रस्थान करेंगी। एक सवाल लोगों के मन

■ 19 मार्च से शुरू होगा नवरात्र पर्व, 27 को समापन

में अक्सर आता है कि माता का वाहन कैसे तय होता है? चैत्र नवरात्र में देवी दुर्गा पालकी की सवारी पर आ रही हैं, लेकिन माता का पालकी पर आना अशुभ संकेत माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार माता रानी का पालकी पर आने अर्थ ये है कि देश-दुनिया महामारी और बीमारी की चपेट में आ सकती है। माता का पालकी पर सवार होकर आना व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए भी शुभ नहीं रहता है। मां दुर्गा का वाहन सिंह यानी शेर माना जाता है। माता दुर्गा शेर पर ही सवार रहती हैं, लेकिन जब देवी मां नवरात्र में पृथ्वीलोक पर आती हैं, तब उनका वाहन बदल जाता है।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद

19वां रोजा वक्त इफ्तार 09 मार्च शाम 6:25
20वां रोजा वक्त सहरी 10 मार्च सुबह 5:09

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़
विधानसभा क्षेत्र


मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं
नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा


# घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र के ग्राम बूढ़ावाला में तीन मार्च की रात दो युवकों के बीच हो रहे विवाद और मारपीट में बीचबचाव करने गया गजराज (35 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी सात मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पिता की तहरीर के आधार पर थाना नगीना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## परिजनों में मचा कोहराम

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम बूढ़ावाला निवासी जयराम पुत्र लाला सिंह ने पुलिस को शिकायती तहरीर के माध्यम से बताया कि उसका पुत्र गजराज सिंह रात के समय लगभग साढ़े सात बजे अपने घेर से पशुओं का चारा डालकर घर वापस आ रहा था कि रास्ते में चेतराम पुत्र निहाल सिंह अपने घर के सामने शराब पीकर झगड़ा कर रहे थे। गजराज इन्सानियत के तौर पर बाप-बेटे के बीच में बीच बचाव करने चला गया। उसी बात से नाराज होकर दोनों भाई नेतराम व चेतराम पुत्रगण निहाल सिंह निवास. ीगण ग्राम बूढ़ावाला, थाना नगीना ने गजराज के साथ लाठी डण्डों से मारपीट की। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल होकर वहीं गिर गया। इस बात की जानकारी ग्राम के रामपाल व विमल ने परिजनों को दी, तो उसके पिता ने मौके पर पहुंचकर गजराज की हालत को देखते हुए उसे सीएचसी नगीना में इलाज के लिए ले गया। सीएचसी नगीना से उसे जिला अस्पताल बिजनौर के लिए रैफर कर दिया। फिर वहां से जिला अस्पताल ने मेरठ के लिए रैफर कर दिया। परि. जनों ने गजराज को श्री अस्पताल बिजनौर में भर्ती कराया। जहां से उसे एम्स अस्पताल ऋषिकेश के लिए रैफर कर दिया। शनिवार को एम्स अस्पताल के डॉक्टर ने उसकी हालत को देखते हुए रैफर कर दिया था। परिजन गजराज को लेकर सीएचसी नगीना आ गए थे। जहां डॉक्टर के द्वारा दौराने इलाज उसे मृत घोषित कर दिया गया। जयराम ने बताया कि गजराज का इलाज कराने की व्यस्तथा में व्यस्त होने के कारण वह थाने नहीं जा पाया था।

# सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** क्षेत्र के मंझोला बिल्लौच में आजाद समाज पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश जोन प्रभारी गौहर इकबाल ने अपने फार्म हाउस पर सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन कराया। जिसमें आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। रोजा इफ्तार पार्टी में क्षेत्र के ग्राम सहित हजारों लोग बड़ी संख्या में रोजा इफ्तार में शामिल हुए।

## सांसद चंद्रशेखर आजाद रोजा इफ्तार में हुए शामिल



मुख्य अतिथि नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि रमजान का पाक महीना चल रहा है। यह महीना बरकतों वह रहमतों का महीना है। इस महीने की बरकत हर तमाम गुनाहों को अल्लाह ताला माफ कर देता है। उन्होंने कहा कि रोजा इफ्तार कराने से आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। इस आपसी मौहब्बत-भाईचार बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि ईरान इसराईल जंग में मेरी पूरी हमदर्दी ईरान के साथ है। ईरान पहले से भारत का दोस्त रहा है। ईरान ने हर बुरे वक्त में भारत के साथ खड़ा रहा है। भाजपा सरकार ईरान के मामले में अपनी चुप्पी साधे हुई है।

गौहर इकबाल ने कहा कि रमजान का महीना इंसानियत, सब्र और एक-दूसरे की मदद करने का पैगाम देता है। सामूहिक इफ्तार का उद्देश्य ग्राम में आपसी भाईचारा बढ़ावा और लोगों को एक साथ बैठकर रोजा खोलने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में गांव के बुजुर्ग, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे। लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में आपसी सौहार्द और एकता को मजबूत करते हैं। रोजा इफ्तार पार्टी में शिवाला कलां थाना प्रभारी संजय कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौजूद थे। रोजा इफ्तार पार्टी में मुल्क की सलामती भाईचारे के लिए दुआ कराई गई। इस मौके पर दीपक कुमार, सलीम अहमद अंसारी, गौहर इकबाल, जमील अहमद एड. अंसारी, नगर पालिका चेयरमैन शेरबाज पठान, जिला पंचायत सदस्य विवेक सैन, ओमपाल वालियान, अकरम जमील, नईम अहमद एड., निसार, कासिम अहमद सैफी, साकिब अंसारी, पूर्व चेयरमैन शहजाद अहमद, आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार, हाफिज महबूब अंसारी आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### अनियंत्रित बाइक से गिरकर फूफी-भतीजा घायल

**नगीना।** थाना कोतवाली देहात से धामपुर जाते समय राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर पुरैनी टोल प्लाजा से पहले तुलाराम रेस्टोरेंट के पास बाइक के अचानक अनियंत्रित हो जाने के कारण बाइक पर पीछे बैठी फूफी और बाइक चालक भतीजा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी नगीना लाया गया। जहां से फूफी को जिला अस्पताल बिजनौर रैफर कर दिया गया। मौहल्ला पक्का बाग, थाना बढ़ापुर निवासी 20 वर्षीय मौहम्मद सालिक पुत्र वजहुल कमर डिस्कवर बाइक से अपनी 35 वर्षीय फूफी फरीदा खातून पत्नी नदीम अहमद को रविवार की शाम ग्राम कोतवाली देहात से पुराना धामपुर स्थित फूफी के घर छोड़ने जा रहा था। जैसे ही वह राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर स्थित पुरैनी टोल प्लाजा से पहले स्थित तुलाराम रेस्टोरेंट के पास पहुंचा तभी अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में चली गई। जिससे बाइक सवार फूफी और भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में भर्ती कराया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने फरीदा खातून को जिला चिकित्सालय बिजनौर रैफर कर दिया।

### विधायक मनोज पारस के चाचा का निधन

**नगीना।** विधायक मनोज पारस के चाचा लाखन सिंह का निधन रविवार की सुबह हो गया। विधायक सपरिवार अपने पैतृक ग्राम बिन्जाहेड़ी पहुंचे और अपने चाचा को अंतिम भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार का ढांढस बधाया। इस दुख की घड़ी में आसपास के सभी गांवों के लोग बड़ी संख्या में अंतिम यात्रा में शामिल हुए। निधन पर सपा के नेताओं कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दृष्टिगत मॉकड्रिल

**नजीबाबाद।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी जनपद बिजनौर डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशन में अग्निशमन केन्द्र नजीबाबाद के प्रभारी केएस जादौन द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दृष्टिगत इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड ज्वाइंट ऑफ साइट मॉकड्रिल लेवल-3 कुरुक्षेत्र-रूड़की-नजीबाबाद पाइप लाइन, ग्राम माहिमसापुर तहसील नजीबाबाद के अन्तर्गत मॉकड्रिल कराई गयी। जिसके अन्तर्गत उपस्थित जनसमूह को आग के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई तथा ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि आग लगे तो घबराये नहीं, घटना की सूचना दें। मॉकड्रिल के दौरान अग्निशमन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने जनसमूह को आग से बचाव के प्रति जागरूक किया तथा बताया कि घर के अंदर बिजली के उपकरण खुले न छोड़ें। गैस सिलेण्डर के रेगुलेटर को उपयोग के बाद बंद कर दें। समय-समय पर गैस पाइप को चेक कर लें। डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्रीष्म ऋतु की शुरूआत में ही एसी की सर्विस करवा लें, एसी का आउटडोर यूनिट खुली छाया में रखें, टाइमर का उपयोग करें, एसी का शॉकेट अलग से होना चाहिए, एक शॉकेट पर एक से अधिक उपकरण न चलायें, वाल्टेज स्टॉपलाइजर को कमरे के पर्दे, सोफे एवं ज्वलनशील पदार्थों से दूर लगाये।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/
प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग
व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व
स्पोर्ट्स, धामपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान
समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी
उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम,
कोतवाली देहात


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19
बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी


मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम

संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली
जौहर हायर एजुकेशन
इंस्टीट्यूट, किरतपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर


रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि
कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर


रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय
विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति
के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ
शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर


मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों
से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद
अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर


रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू


## रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों की रियायत बहाल होने पर

# सांसद ने केंद्रीय रेल मंत्री का जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद द्वारा केंद्र सरकार से वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेलवे यात्रा किराये में रियायत और विशेष सुविधाएं पुनः बहाल करने की उठाई गई मांग को सरकार द्वारा स्वीकार किए जाने पर उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया है। सांसद ने कहा कि यह निर्णय देश के करोड़ों बुजुर्गों के सम्मान और सुविधा से जुड़ा हुआ है, जिससे उन्हें राहत मिलेगी।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि उन्होंने पूर्व में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर कोरोना काल में बंद की गई वरिष्ठ नागरिकों की यात्रा रियायत को दोबारा लागू करने की मांग की थी। कोविड-19 महामारी से पहले भारतीय रेलवे द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा किराये में विशेष छूट दी जाती थी, जिसे महामारी के दौरान अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था।

उन्होंने कहा कि इस सुविधा के पुनः लागू होने से बुजुर्गों को यात्रा में आर्थिक राहत मिलेगी और उन्हें



### जनसुनवाई में सुनीं लोगों की समस्याएं

धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक स्थलों की यात्रा करने में भी सहूलियत प्राप्त होगी। सांसद ने कहा कि यह फैसला बताता है कि जब जनहित से जुड़े मुद्दे मजबूती के साथ सरकार के सामने रखे जाते हैं तो सरकार को उन पर सकारात्मक निर्णय लेना पड़ता है।

इस दौरान सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि अमेरिका भारत का सच्चा मित्र नहीं हो सकता, क्योंकि सच्चा दोस्त आंखें नहीं दिखाता। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारत को अपनी विदेश नीति और राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने चाहिए।

धामपुर स्थित अपने आवास पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सांसद ने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी समस्याओं से सांसद को अवगत कराया।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि अधिकारी संपन्न लोगों के काम जल्दी कर देते हैं, जबकि गरीब और जरूरतमंद लोगों की समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इसी कारण उनके आवास पर हमेशा लोगों की भीड़ रहती है, क्योंकि यहां आने वाले हर व्यक्ति की समस्या को सुनकर उसका समाधान कराने का प्रयास किया जाता है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों और नगरों से आए लोगों ने सांसद के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं, जिनके समाधान के लिए सांसद ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

# महिलाओं को रोजगार से जोड़ कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर

### नाबार्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा अनुबोधित संस्था शिव शक्ति ग्रामोद्योग विकास संस्थान के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आरआर पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार कार्यक्रम में मंच पर एलडीएम अखिल सिंह, डीडीएम भूपेश पुनेरा, रंजीत चौधरी, मनुजेंद्र गुप्ता, दीपा गुप्ता, प्राची गुप्ता, टीकम सिंह, प्रमोद कुमार शर्मा, मौहम्मद साइम राजा, मनीषा राजपूत तथा गौरव कुमार चौहान उपस्थित रहे। इस अवसर पर एलडीएम अखिल सिंह ने विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं डीडीएम भूपेश पुनेरा ने नाबार्ड द्वारा संचालित विभिन्न



योजनाओं एवं ग्रामीण विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी। गौरव कुमार चौहान ने महिला उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण के विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि किस प्रकार महिलाओं को छोटे-छोटे रोजगारों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं में दीपा गुप्ता, प्राची गुप्ता, कुसुम देवी, मीना कुमारी, गीता रानी, सुनीता पाल, रश्मि राजपूत, रोशन जहां, पूजा चन्द्रा, आयशा मलिक, मीनू, कल्पना शर्मा, डॉ. रजनी, नीलम चौहान, रजना चौहान, कुमारी पूजा चौहान, शांकी राजपूत, बबीता पाल, नैंसी चन्द्रा तथा मोनिका शामिल रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही तथा सभी ने महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन स्वाति यादव द्वारा किया गया।

## प्रोग्राम की व्यवस्था का जायजा लिया



**नजीबाबाद।** विश्व विख्यात दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द जोगीरम्पुरा में मोला अली की शहादत पर होने वाली मजलिस को विश्व विख्यात धर्म गुरु मौलाना शबाब नकवी (प्रशासक )खिताब फरमाएंगे। दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द जोगीरम्पुरा में मोला अली अ.स. की शहादत पर देश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में जायरिन मोला अली अ.स. को उनकी शहादत पर पुरसा देने आते है। इसी को लेकर पुलिस प्रशासन ने प्रशासक मौलाना शबाब नकवी से मुलाकात की और होने वाले प्रोग्राम की व्यवस्था का जाएजा लिया। प्रशासक मौलाना शबाब नकवी ने पार्किंग, बिजली, पानी व शौचालयों की व्यवस्था को लेकर अपने समस्त कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। जिससे आने वाले जायरिनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस अफसर पर प्रशासक मौलाना शबाब नकवी के साथ दरगाह प्रबन्धक हुसैन मेहंदी, मौलाना फिरोज हैदर, चौधरी सीरत उरुज, मोमिन रजा, सईद भाई, अब्बास नकवी बुकनाला आदि मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम

### संस्था ने सभी सदस्यों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय महिला सम्मेलन से संबद्ध गांधी नारी कल्याण समिति की सभी महिलाओं ने धूमधाम के साथ उत्सव के रूप में आयोजित किया। संस्था सचिव नीरा गोयल के आवास पर समय की पाबंद महिलाओं ने समय पर पहुंच कर लकी ड्रा के माध्यम से पुरस्कार प्राप्त किए।

संस्था की ओर से नारी शक्ति का सम्मान करते हुए सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया। महिला सम्मान पर विनोद शर्मा, नीरा गोयल, माला देवी और सुनीता नंदा ने अपना



अपना काव्य पाठ किया। रजनी अग्रवाल, कंचन शर्मा ने महिलाओं की स्थिति पर विचार व्यक्त किये। नीरजा सिंह ने वर्तमान समाज में व्याप्त समस्याएं और नारी की भूमिका पर प्रकाश डाला कर कविता पाठ किया।

महिला दिवस से संबंधित प्रतियोगितात्मक दो खेलों का आयोजन किया गया। मनोरंजक कार्यक्रम में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ साथ होली की उमंगित तरंगों ने भी समरोह में चार चांद लगा दिये।

होलिकोत्सव पर आधारित प्रतियोगी खेलों ने फाग आनंद को अधिक रोचक बना दिया। संस्था अध्यक्ष डा. रश्मि शर्मा रावल के अध्यक्षीय भाषण से कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में डा. रश्मि शर्मा रावल, नीरा गोयल, विनोद शर्मा, डा. कंचन शर्मा, पमिल अग्रवाल, सुनीता नंदा, माला देवी, सुनीता सिंह, अनीता सिंह, डा. अनुपम विश्नोई, प्रियंका वत्स, नीरजा सिंह, रजनी अग्रवाल, मीनू सिंह, नीलम सिंह उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### झगड़े का वीडियो वायरल

**बढ़ापुर।** कस्बे के एक मोहल्ले में हो रहे झगड़े की वीडियो वायरल हो रही है, जिसमें दो बालक आपस में झगड़ रहे है। उसी दौरान वहां पर खड़ा देख रहा दूसरे मौहल्ले का एक बालक भी उनकी चपेट में आकर घायल हो गया। घायल बालक के परिजनों ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही के मांग की है। बालकों के झगड़े की वायरल वीडियो शनिवार शाम की बताई जा रही है। जिसमें दो बालक आपस में झगड़ रहे है। साथ ही एक व्यक्ति भी झगड़े में मारपीट करता दिखाई पड़ रहा है। वही मौहल्ला लाल सराय का एक दस वर्षीय बालक मौहम्मद शाद वहीं खड़ा देख रहा था। झगड़े के दौरान चपेट में आकर मौहम्मद शाद भी घायल हो गया। घायल के पिता वसीम ने आरोपियों के विरोध थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### दावत खाने गए मजदूर पर हमला



**नहटौर।** ग्राम मंडोरा विप निवासी नत्थू सिंह ने बताया कि वह पड़ोस के गांव मुकर्रमपुर में एक समारोह में दावत खाने गए थे। आरोप है कि वहां कुछ लोगों ने उनके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी और देखते ही देखते उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। नत्थू सिंह पर बेरहमी से लाठियां बरसाई गईं, जिससे उनके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। घायल अवस्था में उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है।

### पेड़ पर अजगर देख मची दहशत



**झालू।** नगर के गोलबाग मार्ग स्थित नंदी गौशाला के पास रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क किनारे एक पेड़ पर करीब 12 फीट लंबा अजगर सांप लटका हुआ दिखाई दिया। अजगर को पेड़ पर लटका देख आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान भीड़ के बीच एक युवक नशे की हालत में वहां पहुंच गया और अजगर के सामने बहादुरी दिखाने लगा। युवक कभी पेड़ के पास जाने की कोशिश करता, तो कभी लोगों को चुनौती देता रहा। युवक के इस हाई वोल्टेज ड्रामे को देखकर मौके पर मौजूद लोगों की सांसें थम गईं और लोग उसे लगातार दूर रहने की चेतावनी देते रहे। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के कर्मचारी मनोज कुमार के नेतृत्व में टीम ने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाया और काफी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। बाद में उसे जंगल में छोड़ने की बात कही गई। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस चौकी का स्टाफ भी मौके पर मौजूद रहा और भीड़ को नियंत्रित करने में सहयोग करता रहा। अजगर के पकड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# कमलेश आर्या को नारी शक्ति सम्मान

### अनाथ और दिव्यांग बच्चों के उत्थान के कार्यों के लिए मिला सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** 1857 की क्रांति के नायक धन सिंह कोतवाल शोध संस्थान मेरठ द्वारा वीरमाता पन्नाधाय नारी शक्ति गौरव सम्मान 2026 समारोह का आयोजन ब्रह्म कुमारी भवन मोहकमपुर मेरठ में अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ।

प्राप्त समाचार के अनुसार अनाथ दिव्यांग बच्चों एवं बेसहारा वृद्धों के जीवन को बेहतर बनाने व समाज की मुख्य धारा से जोड़ने में निरन्तर लगी हुई कमलेश आर्य को यह सम्मान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता बैंसला, आईआरएस पूर्व प्रधान आयकर महा. निदेशक भारत सरकार व शोध संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष तस्वीर सिंह चपराना के द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती मिथिलेश तोमर द्वारा की गई । इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि डॉ. मीनाक्षी सिंह राय योगिनी,



ब्रह्मकुमारी आशा बहन आदि उपस्थित रहे। सम्मान मिलने पर संस्थान में खुशी की लहर दौड़ गई। सम्मान लेकर लौटी कमलेश आर्या का संस्थान परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया ।

इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉ. अजयवीर सिंह, अध्यक्ष सुंदर कुमार गोयल, उपाध्यक्ष वैद्य ओम प्रकाश ने शोध संस्थान का आभार व्यक्त किया और कमलेश आर्य को बहुत-बहुत बधाई दी गई। प्रधानाचार्या गर्जना आर्या समस्त स्टाफ एवं बच्चों ने तिलक कर कमलेश आर्या का स्वागत किया।

# स्वास्थ्य शिविर में शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच




**शाह टाइम्स संवाददाता**

### स्वस्थ जीवनशैली और संतुलित आहार के प्रति जागरूक किया

**नहटौर।** हैल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट (हैप्ट) की जनकल्याणकारी पहल स्वस्थ नहटौर के अंतर्गत 187वां निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने शुगर, ब्लड प्रेशर और ऑक्सीजन लेवल की जांच कराकर विशेषज्ञ परामर्श का लाभ उठाया। मैहदी विला स्थित केंद्र पर आयोजित जांच शिविर में जांच के दौरान कई मरीजों में शुगर और ब्लड प्रेशर का स्तर अत्यधिक बढ़ा हुआ पाया गया, जिन्हें उचित परामर्श के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया। केंद्र के संस्थापक गिजाल मैहदी ने टीम का नेतृत्व करते हुए मरीजों को स्वस्थ जीवनशैली और संतुलित आहार के प्रति जागरूक किया। सेवा कार्य में वरिष्ठ वॉलंटियर अब्दुल कादिर का विशेष सहयोग रहा।

# रमजान का पाक महीना बरकतों वाला : इमरान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला पंचायत सदस्य इमरान ने कहा कि रमजान के पाक महीने में अल्लाह ताला की खूब इबादत करें। रमजान के पाक महीने में अल्लाह ताला अपने बंदों के सभी गुनाहों को माफ कर देता है।

रमजान का महीना बड़ा ही बरकतों का महीना है। इस महीने में जो भी बंदा अल्लाह ताला से मांगता है, अल्लाह ताला उसकी सभी जायज तमन्ना को पूरा कर देता है। इस महीने की बरकत से सभी की जायज तमन्ना को पूरा करता है। हर कोई संपन्न मुसलमान गरीबों का ख्याल करें। उनकी जितनी भी हो सकें मदद करें। गरीबों की मदद करने से अल्लाह ताला अपने बंदों से खुश होता है। उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में जकात इमदाद से मदरसों की दिल खोलकर मदद करें। उन्होंने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि ज्यादातर मदरसे आपकी मदद से चलते हैं। इसलिए मदरसों की खूब मदद करें। इन मदरसों से आपके बच्चे हाफिज कुरान पढ़ कर हाफिज बनकर निकलते हैं। रमजान के पाक महीने में अपने आस पास के



पड़ोसियों का भी ख्याल रखे। रमजान माह में कुरान पाक की खूब तिलावत करें। उन्होंने कहा कि मुसलमान अपने नबी के बताए हुए रास्ते पर जिंदगी गुजारें। आज मुसलमान अपने दीन से भटकता जा रहा है। इसलिए तो दुनिया में परेशान होता जा रहा है। इसलिए मुसलमानों को अपने ईमान पर जिंदगी गुजारनी चाहिए। रमजान के महीने तरावीहों का एहतेराम करना चाहिए। रमजान के पाक महीने में गैर मुस्लिम भाइयों का भी ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि रमजान के पाक महीने में ईरान के लिए भी दुआ करें। अल्लाह ताला फलीस्तीन ईरान की हिफाजत फरमायें। अपने मुल्क के लिए भी दुआ करें।

# नारी शक्ति के सम्मान से ही समृद्ध समाज का निर्माण संभव

### जिला प्रशासन महिलाओं की सुरक्षा और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज विकास भवन परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया और महिला सशक्तीकरण की दिशा में संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण (लाइव टेलीकास्ट) भी देखा गया। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सशक्तिकरण से संबंधित विचार व्यक्त किए गए। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। समाज की प्रगति के लिए महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल करना अनिवार्य है। प्रशासन महिलाओं की सुरक्षा और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। 'मिशन शक्ति' जैसे अभियानों के माध्यम से




जमीनी स्तर पर बदलाव लाए जा रहे हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि बेटियों की शिक्षा में कोई कोताही न बरती जाए, क्योंकि एक शिक्षित महिला पूरे परिवार को शिक्षित करती है।

जिलाधिकारी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस प्रशासन, खेल और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन करते हुए जिलाधिकारी ने उनके कौशल की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना और बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट (बीसी) सखी योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और हेल्पलाइन नंबरों (1090, 181, 112) के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर जनपद की 10 प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिन्होंने गरीबी एवं विभिन्न कठिनाइयों का सामना करते हुए अपने परिवार का सफलतापूर्वक पालन-पोषण किया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों जैसे पुलिस, एनआरएलएम, चिकित्सा विभाग, आईसीडीएस आदि की दो-दो महिला कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को लैपटॉप, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप ट्रैक सूट वितरित किए गए। साथ ही महिला कल्याण विभाग की विभिन्न इकाइयों जैसे वन स्टॉप सेंटर, हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, चाइल्ड हेल्पलाइन में कार्यरत महिला कर्मियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रदान किया गया।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उनके स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए प्रिंटर वितरित किए गए, जबकि महिला मंगल दल की बालिकाओं को खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ट्रैक सूट प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रोबेशन अधिकारी सौरभ कुमार सिंह ने सभी अतिथियों, अधिकारियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं भारी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

**आवश्यकता है प्राचार्य की**

गुरु जम्भेश्वर विश्व विद्यालय मुरादाबाद से सम्बद्ध अक्ष इंटरनेशनल कॉलेज, राजा का ताजपुर (बिजनौर)को यूजीसी/विश्व विद्यालय मापदंडों के अनुसार एक योग्य, अनुभवी प्राचार्य की आवश्यकता हैं। जिसके लिये सात दिन में पत्राचार /ईमेल के माध्यम या सीधे सम्पर्क करें।

**प्रबंधक**

Email-aistajpur @gmail. Com

मो नं. :- 9411225805

स्योहारा-नूरपुर रोड, राजा का ताजपुर, जिला बिजनौर

# मुंबई में शेरकोट के युवक की हत्या

## ओला कंपनी के लिए चलाता था टैक्सी, कार खून से लथपथ मिली





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** मुम्बई मे ओला कैब चला रहे युवक की चाकूओं से गोदकर हत्या कर दिए जाने से उसके परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि युवक करीब तीन माह पूर्व ही रोजगार के सिलसिले में मुंबई गया था। वहीं उसके परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला खुराड़ा निवासी नासिर पुत्र सलामतुल्ला लगभग तीन माह पहले मुंबई गया था और वहां ओला कैब चला रहा था। परिजनों ने बताया कि बृहस्पतिवार को उसे टीटवाला से पूना जाने के लिए ऑनलाइन बुकिंग मिली थी। इसके बाद वह दोपहर करीब तीन बजे सवारी लेकर पूना के लिए रवाना हुआ था, लेकिन वापस नहीं आया।

मुंबई में रह रहे उसके भाई आमिर ने जब नासिर से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। इसके बाद जीपीएस की मदद से शुक्रवार को उसकी कार पूना रोड पर लावारिस हालत में खड़ी मिली। कार में खून के धब्बे और एक चाकू भी पड़ा मिला। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

पुलिस द्वारा आसपास क्षेत्र में तलाश करने पर शनिवार देर शाम पूना के पास जुनर घाट के निकट झाड़ियों में युवक का शव बरामद हुआ। शव की हालत खराब होने के कारण परिजनों ने अंतिम संस्कार मुंबई में ही करने का निर्णय लिया है। वहीं मुम्बई पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हमला करने के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

## चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** ग्राम मे पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने चार लोगों पर लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भिक्कावाला निवासी सुमन देवी पत्नी राजेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुरानी मुकदमेबाजी के चलते गांव के ही कुछ लोग रंजिश रखते हैं। आरोप है कि 3 मार्च की शाम कमल, कपिल, मूलचंद तथा चमन पुत्र कन्हैया निवासी ग्राम भिक्कावाला ने उनके पति राजेन्द्र कुमार को घेर लिया और लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। बताया गया कि शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मारपीट में घायल राजेन्द्र कुमार को परिजन पहले थाने ले गए और बाद में उपचार के लिए सीएचसी धामपुर ले जाया गया।

गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

वहीं थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## एक नजर

### नन्हीं फातिमा जहरा ने रखा रोजा



**स्योहारा।** मुकद्दस माह-ए-रमजान के दौरान शहर के चिकित्सक डॉ. अरशद अली की बेटी फातिमा जहरा ने रोजा रखकर देश और दुनिया में अमन शांति और भाईचारे की दुआ मांगी। नन्हीं फातिमा ने अल्लाह से दुआ करते हुए कहा कि समाज में मौहब्बत, आपसी सौहार्द और इंसानियत कायम रहे तथा सभी लोग मिल-जुलकर एक-दूसरे की मदद करते रहें। इस अवसर पर डा. अरशद अली ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना इंसान को सब्र, इबादत और इंसानियत का पैगाम देता है। रोजा केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं बल्कि यह अपने अंदर अच्छाई, परहेजगारी और दूसरों के लिए हमदर्दी पैदा करने का जरिया भी है। उन्होंने कहा कि इस मुबारक महीने में लोगों को ज्यादा से ज्यादा इबादत करने के साथ जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। परिजनों ने भी फातिमा जहरा की इस नेक पहल की सराहना करते हुए कहा कि अगर नई पीढ़ी में धार्मिक और सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तो समाज में भाईचारा और एकता भी मजबूत होगी। रमजान के इस पवित्र महीने में ऐसी प्रेरणादायक पहल समाज के लिए सकारात्मक संदेश देती हैं।

### रसोईया संगठन ने सौंपा ज्ञापन




**धामपुर।** नगीना चौराहे से एसडीएम कार्यालय तक प्रगतिशील रसोईया संगठन की महिलाओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ रैली निकाली। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा को सौंपा। कार्यकर्ताओं का कहना था कि सरकार उनके साथ घोर उपेक्षा कर रही है। उन्हें 2000 रुपये महीना दिए जा रहे हैं। जो समय पर नहीं मिल पाते। इनमें एक जोड़ी कपड़े भी नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में वह अपने परिवार का पेट पार्चन कैसे करें। उनकी समझ में नहीं आ रहा है। सरकार ने उनका शोषण कर रखा है। उनसे प्राइमरी स्कूल के बच्चों का खाना बनवाने के साथ-साथ आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों का भी खाना बनवाया जा रहा है। उन्होंने सरकार से राज्य कर्मचारी का दर्जा घोषित कर सरकारी सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहीं।

### भावी प्रत्याशी अतुल कुमार का स्वागत



**धामपुर।** वित्तविहीन स्कूल प्रबंधन समिति की ओर से एक स्वागत समारोह विश्व भारती पब्लिक स्कूल क्षत्रिय नगर में समिति के मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार के यहां संपन्न हुआ। स्नातक खंड विधान परिषद सदस्य में समिति के जिला उपाध्यक्ष अतुल कुमार को भावी प्रत्याशी बनाया गया। जिला अध्यक्ष कुंवर पाल सिंह ने बताया कि हमारा जिला सबसे बड़ा है, उसके बावजूद भी जीतने के बाद प्रत्याशी हमारे जिले के लिए कोई काम नहीं करते और पहचानते नहीं हैं। इसलिए हमारा संगठन अपना प्रत्याशी खड़ा कर रहा है ताकि संगठन के काम आ सके। समिति के जिला उपाध्यक्ष अतुल कुमार को भावी प्रत्याशी ने कहा कि हमारे संगठन को किसी प्रकार कोई सुविधा नहीं मिलती। सरकार में अपनी पकड़ बनाने के लिए और अपने समिति के काम कराने के लिए मुझे प्रत्याशी बनाया गया है। समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने भावी प्रत्याशी को फूल माला पहनाकर स्वागत किया और अपनी एकता की शपथ खाई। स्वागत समारोह में समिति के जिला अध्यक्ष कुंवर पाल, संरक्षक अनिल कुमार, सचिव अनुपम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, लवजी यादव, नरेंद्र सिंह नरूका, राहुल त्यागी, अवनीश कुमार, मेघराज सिंह, बृजेश कुमार, गोपाल सिंह, गयूर अली आदि प्रबंधक उपस्थित रहे।

### शगुन कौशल के परिजनों में खुशी की लहर



**नजीबाबाद।** आदर्श नगर निवासी शगुन कौशल ने यूपीएससी 2025 की परीक्षा में 145वीं रैंक हासिल कर बिजनौर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने अपने परिवार, गांव और जिले का नाम रोशन किया है। शगुन, बीएसएनएल टेलीकॉम टेक्नीशियन पुष्पेंद्र कुमार और गृहिणी विनीता कौशल के पुत्र हैं। शगुन कौशल शुरू से ही शिक्षा के क्षेत्र में होनहार रहे हैं। उन्होंने नजीबाबाद के सेंट मैरी स्कूल से 10वीं और 12वीं की परीक्षा में टॉप किया था। इसके बाद उन्होंने आईआईटी दिल्ली से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। यूपीएससी 2022 में अपने पहले प्रयास में वे साक्षात्कार तक पहुंचे थे, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस असफलता से वे निराश हुए, लेकिन उनके परिवार ने उनका हौंसला बढ़ाया। उनके बड़े भाई अमर कौशल, जो आईटीआई कॉलेज मुरादाबाद में प्रधानाचार्य हैं और बहन निशिका कौशल, जो अमरोहा में चिकित्सा अधिकारी हैं, ने उन्हें प्रेरित किया। शगुन कौशल ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना जारी रखा। अंततः उन्होंने यूपीएससी 2025 में सफलता प्राप्त की। घर लौटने पर उनका ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। शगुन कौशल ने बताया कि उन्होंने यह मुकाम बिना किसी कोचिंग के हासिल किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बड़े भाई-बहन और गुरुजनों को दिया। परिवार के सभी सदस्य और संबंधी उनकी इस सफलता से बेहद खुश हैं। शगुन कौशल ने सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से बधाई देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया है।

# यूजीसी बिल के विरोध में शामिल होने के लिए क्षत्रिय समाज के लोग दिल्ली रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिल्ली के रामलीला मैदान में यूजीसी बिल के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए क्षत्रिय समाज के लोग बस द्वारा बड़ी संख्या में रवाना हुए। समाज के हक और अधिकारों की आवाज बुलंद करने के लिए सभी साथियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर प्रभात चंद, हरि ओम, जयवीर सिंह सिसोदिया (जिला अध्यक्ष, महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा बिजनौर), महेंद्र सिंह, यशवीर सिंह गीतम, जितेंद्र सिंह एडवोकेट, दीपक प्रधान (आमखेड़ा), दीप सौरभ गुरुजी, विपुल प्रताप और ओम प्रकाश सहित काफी संख्या में क्षत्रिय बंधु मौजूद रहे और दिल्ली के लिए प्रस्थान किया। सभी साथियों ने एकजुट होकर समाज के सम्मान और अधिकारों के लिए आवाज उठाने का संकल्प लिया।

इस दौरान यह संदेश भी दिया गया कि जब भी समाज के हित और अधिकारों की बात होगी, क्षत्रिय समाज हमेशा मजबूती और एकजुटता के साथ खड़ा रहेगा।

# कुरी हाउस में तरावीह मुकम्मल

## मुल्क में अमन-चैन व खुशहाली की मांगी गई दुआएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** रमजान-उल-मुबारक की बरकतों के बीच बीती देर रात कुरी हाउस में 18वें रोजे की तरावीह बड़े ही अकीदत के साथ मुकम्मल हुई। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की और अल्लाह की बारगाह में इबादत कर मुल्क व दुनिया में अमन-शांति की दुआ मांगी।

मुफ्ती अकील अहमद ने अपने बयान में कहा कि रमजान का महीना इंसान को अपने गुनाहों से तौबा करने और कुरान से जुड़ने का पैगाम देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कुरान-ए-पाक को सिर्फ पढ़ने तक सीमित न रखें, बल्कि उसे अपने दिलों में उतारें और उसकी तालीमात पर अमल करें। उन्होंने कहा कि इंसान को सबसे ज्यादा तकलीफ तब होती है, जब वह अपने रब को नाराज कर देता है। इसलिए हर मुसलमान को चाहिए कि वह अल्लाह को राजी करने की कोशिश करे। अगर अल्लाह राजी हो गया तो जिंदगी के तमाम मसले आसान हो जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि नमाज मोमिन की जिंदगी की सबसे बड़ी नेमत है और इसमें अल्लाह के नबी की आंखों की ठंडक रखी गई है। इसलिए हर मुसलमान को नमाज की पाबंदी करनी चाहिए और अपने मां-बाप की खिदमत को अपनी जिम्मेदारी समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां-बाप की सेवा और इंसानियत की राह पर चलना ही इस्लाम की असली तालीम है।

इस दौरान नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद भी मौजूद रहे और उन्होंने उलेमाओं से मुल्क में अमनो-अमान, भाईचारे और तरक्की के लिए खास दुआ करने की। गुजारिश की तरावीह के बाद मुल्क और दुनिया में अमन-चैन, खुशहाली और इंसानियत के कायम रहने के लिए सामूहिक दुआ की गई।

इस अवसर पर मुफ्ती सज्जाद नौमानी, मुफ्ती फुजैल अहमद, मुफ्ती अली हसन, मौलाना अरशद हक्की, मौलाना शाहिद, कारी हारून अंसारी, मौलाना वकील चौधरी, नासिर चौधरी, चौधरी फहीमुर्रहमान, चौधरी जकीउर्रहमान, गौहर चौधरी, मंसूब चौधरी, तलहा चौधरी, फराज अहमद, रिजवान, शरीफ, आरिफ गांधी, राशिद पीटर, लड्डन लारा, हाजी जाकिर उर्फ कल्लू, नय्यर चौधरी, जाकिर बैटरी वाले, वली चौधरी, मुकीद चौधरी, समीउर्रहमान, अफजाल चौधरी, खालिद चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की निजामत कारी नाजिर हुसैन ने की। अंत में आए हुए सभी लोगों का चौधरी फहीमुर्रहमान और नासिर उर्फ आदिल चौधरी ने आभार व्यक्त किया।

# श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में गूंजे भजनों के सुर



## श्रद्धालुओं ने लिया आस्था का आनंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धर्म कार्यों एवं धार्मिक आयोजनों के लिए समर्पित धर्म नगरी धामपुर की अग्रणी धार्मिक संस्था श्री श्याम सखा मंडल का चतुर्थ वार्षिकोत्सव इस वर्ष भव्य श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के रूप में अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। नगीना मार्ग स्थित रामलीला बाग में बनाए गए विशाल पंडाल में आयोजित इस धार्मिक महोत्सव में देर रात तक भक्ति रस की अविरल धारा बहती रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम के महंत एवं संस्था के संरक्षक राहुल अग्रवाल जी महाराज के संरक्षण में विधिवत पूजन के साथ किया गया। सामूहिक पूजन के मुख्य यजमान नगर पालिका सभासद मनोज कुमार गोयल 'पप्पी', उनकी धर्मपत्नी आरती रानी गोयल, अंश गोयल तथा परी गोयल रहे।

महोत्सव में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की पावन नगरी अयोध्या से पधारी प्रसिद्ध भजन गायिका 'बंकू सिस्टर्स' ने अपने सुमधुर भजनों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। उनके प्रत्येक भजन पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने पारंपरिक जयकारों के साथ भरपूर उत्साह दिखाया। संस्था की ओर से दोनों बहनों को सम्मानित भी किया गया।

इसके अलावा श्याम भक्त अंश गोयल, बरेली से आए राम और श्याम तथा दिल्ली से पधारे मास्टर बॉबी की भजन प्रस्तुतियों ने भी श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भक्ति गीतों के साथ वातावरण पूरी तरह श्याममय हो गया और पंडाल में उपस्थित हजारों श्रद्धालु भक्ति में लीन दिखाई दिए।


महोत्सव के अंतर्गत धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने वाली कई संस्थाओं के पदाधिकारियों और सदस्यों को भी जय श्री श्याम के उद्घोष के बीच सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, महंत राहुल अग्रवाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश चंद्र अग्रवाल, सचिन कुमार अग्रवाल, मुकेश रस्तोगी, मनीष गर्ग, विजय प्रकाश वर्मा, जगदीश लाल अरोड़ा, अरुण कुमार अग्रवाल, लोकेश नंदन रस्तोगी, अनंत नंदन रस्तोगी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सजाया गया बाबा खाटू श्याम का भव्य दरबार, इत्र वर्षा, पुष्प वर्षा, अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग और अखंड ज्योति श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर बाबा के दरबार और अंगियारी के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

संस्था की ओर से श्रद्धालु परिवारों के सहयोग से आयोजित विशाल भंडारे में भी हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक अनुष्ठान नगर के प्रसिद्ध पुरोहित एवं श्रीमद्भागवत कथा वाचक आचार्य पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज तथा पंडित माधव कृष्ण भारद्वाज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराए।

देर रात तक चले इस भव्य संकीर्तन महोत्सव का समापन सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष मनोज कुमार गोयल, उपाध्यक्ष प्रतीक वर्मा व आलोक अग्रवाल, महामंत्री मोनू गुप्ता, मंत्री विशाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जितिन जुनेजा, उप कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, प्रचार मंत्री अंश गोयल, निखिल अरोड़ा तथा नानू अरोड़ा सहित श्याम भक्तों का विशेष सहयोग रहा। भक्ति और आस्था से सराबोर इस आयोजन ने धर्म नगरी धामपुर में आध्यात्मिक वातावरण का सृजन करते हुए श्रद्धालुओं के हृदय में गहरी छाप छोड़ी।

# पुलिस ने अवैध तमंचे व कारतूस के साथ दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी धामपुर के निर्देशन में थाना धामपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि रामधन उर्फ रामू पुत्र राम निवासी मोहल्ला जोशियान पहाड़ी दरवाजा थाना धामपुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए।

इस संबंध में थाना धामपुर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनि. रीक्षक ईश्वरपाल गिरी, हेड कांस्टेबल 578 अमजद तथा कांस्टेबल 2574 अमन कुमार शामिल रहे।

# शॉर्ट सर्किट से मारुति वैन में लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** शॉर्ट सर्किट से मारुति वैन में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।

मौहल्ला बसंतगढ़ में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक मारुति वैन में एलपीजी उपकरण की रिपेयरिंग करते समय अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया और वाहन में आग लग गई। देखते ही देखते वैन से धुआं और लपटें उठने लगी, जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पानी और अन्य साधनों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि वाहन को नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद इलाके में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के तहत किया जागरूक

## क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाल कर वृक्षारोपण किया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत (विध्या टेलीलिंक लिमिटेड नजीबाबाद) सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के तहत उन्नत सुरक्षा हेतु लोगों को जागरूक करने एवं सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर जल जीवन मिशन के अंतर्गत (विध्या टेलीलिंक लिमिटेड नजीबाबाद) के तत्वावधान में नगर क्षेत्र में उन्नत सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य वर्कर्स को उन्नत सुरक्षा के प्रति जागरूक करने एवं सुरक्षा नियमों के प्रति शिक्षित करने और सुरक्षा नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान परियोजना के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान कंपनी के सुरक्षा अधिकारी शाने अब्बास व प्रबंधक कौशल सिंह, विवेक कुमार, नितीश कुमार, सुनील कुमार आदि ने सुरक्षा नियमों को समझाने के साथ-साथ नियमों का पालन करने वाले वर्कर्स को चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया।

उन्होंने नियमों की अनदेखी से होने वाले दुष्परिणामों पर भी प्रकाश डाला और सुरक्षा को जीवन से जोड़कर देखने की अपील की। इसी दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत विद्या टेलीलिंक, नजीबाबाद के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने वृक्षारोपण का कार्य किया।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक-अफजलगढ़



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# फिल्मी स्टाइल में बदमाश कूलरों से भरी पिकअप लेकर फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल/असमोली।** अमरोहा से कूलर लेकर बहजोई जा रही महिन्द्रा पिकअप को कार सवार बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में लूट लिया। चालक को कूलर गिरने की आवाज देकर बदमाशों ने पिकअप को रूकवाया। नीचे उतरा चालक ने रस्सी को कसा इसी बीच बदमाश कूलरों से भरे पिकअप वाहन लूटकर ले गए। फिल्मी स्टाइल में लूट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सी सी टी वी कैमरों को खंगाला।

**○अमरोहा से बहजोई जा रहा था वाहन**
**गिरने का बहाना देकर रुकवाया**

अमरोहा जनपद के गांव हादकपुर निवासी शाहिद डीसीएम चालक हैं। रविवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे वह अमरोहा के ही फर्म स्वामी मोहम्मद शाकिर के गोदाम से 20 कूलर लादकर बहजोई ले जा रहे थे। रास्ते में जब वह असमोली थाना क्षेत्र के मनोटा पुल पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रही कार में सवार कुछ युवकों ने आवाज देकर कहा कि डीसीएम से कूलर गिर रहे हैं। पिकअप चालक शाहिद ने डीसीएम को सड़क किनारे रोक दिया और नीचे उतरकर पीछे की ओर देखने लगे। अंधेरे का फायदा उठाकर इसी दौरान कार सवार एक युवक मौका पाकर डीसीएम में बैठ गया और वाहन को लेकर फरार हो गया। जब तक शाहिद कुछ समझ पाते, तब तक बदमाश डीसीएम लेकर काफी दूर निकल चुके थे। पिकअप चालक ने शोर मचाते हुए बदमाशों के पीछे भागने की कोशिश की, लेकिन अंधेरा ओर आसपास कोई मौजूद नहीं होने के कारण वाहन हाथ नहीं आ सका। चालक पास ही स्थित एक ईंट भटठे पर पहुंचे और वहां सो रहे मजदूरों को जगाकर उनके मोबाइल से डायल 112 पुलिस को घटना की सूचना दी। जानकारी मिलने पर फर्म स्वामी मोहम्मद शाकिर भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि डीसीएम में 20 कूलर लदे हुए थे।, जिनकी कीमत करीब एक लाख रुपये है। सूचना पाकर पुलिस भी आ गयी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालकर बदमाशों का पता लगाने में जुटी है।



सम्भल- यूजीसी के विरोध में धरने को जंतर-मंतर जाते रोकने पर रोष जताते ब्राह्मण।

# ब्राह्मण नेताओं को नजरबंद करने पर रोष गहराया

**○दिल्ली में जंतर-मंतर पर धरना देने जाते रोकने का लगाया आरोप**
**○यूजीसी कानून से बताया समाज के एक वर्ग में असंतोष**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** यू जी सी में संशोधन के विरोध में जंतर-मंतर पर ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित धरने पर जाने से राकेने और ब्राह्मण नेताओं को नजरबंद किये जाने पर ब्राह्मण समाज में रोष गहरा गया है। वक्ताओं ने इसे लोकतांत्रिक देश में अपनी बात शांतिपूर्ण तरीके से रखने के अधिकार का सम्मान होने की मांग भी की।

ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश महामंत्री राजकुमार शर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यूजीसी से जुड़े ऐसे कानून, जो समाज के एक वर्ग में असंतोष उत्पन्न करते हैं, सद्भाव और सबका विकास की भावना की आत्मा पर चोट पहुँचाते हैं। उन्होंने सरकार से इस मामले पर पुनर्विचार करने की अपील की। इस अवसर पर प्रभाकर शुक्ला, अभिनंदन शर्मा, नवीन प्रकाश शर्मा, संजीव शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, संजीव शर्मा एडवोकेट, संजय शर्मा, डा. पंकज शर्मा, राहुल शर्मा, अनुपम मिश्रा, भुवनेश शर्मा, सुशील कुमार शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# सुबह कूलरों भरा वाहन सांय को बाइक लेकर चम्पत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कूलरों भरी पिकअप वाहन लेकर बदमाशों के चम्पत होने की वारदात की चर्चा अभी रूकी भी नहीं थी कि लघुशंका करने को रूके व्यक्ति की बाइक लेकर चम्पत हो गए। बाइक स्वामी की ओर से तहरीर थाना पुलिस को दे दी गई है।

थाना असमोली क्षेत्र के गांव भैसोड़ा निवासी महेंद्र सिंह देर दोपहर लगभग 3:00 बजे अपनी मोटर साइकिल स्प्लेंडर प्लस यू पी 21 वी 9880 से अपने गांव भैसोड़ा से रामनगर को जा रहा था। हरथला गांव से आगे कुछ दूरी पर सड़क किनारे अपनी मोटरसाइकिल को खड़ी कर पेशाब करने लगा। तभी दो व्यक्ति मोटरसाइकिल सवार आए

**○ लघुशंका करने को सड़क किनारे खड़ी की थी बाइक**

और उसकी मोटरसाइकिल को लेकर फरार हो गए। लघुशंका कर देखा तो चोर उसकी मोटरसाइकिल लेकर जा रहे थे। बाइक स्वामी ने शोर मचाया लेकिन तब तक चोर मोटरसाइकिल को लेकर अदृश्य हो गए। पीड़ित ने थाना असमोली पुलिस को तहरीर दे दी है। बता दें कि सुबह सवेरे अमरोहा से चलकर बहजोई को पिकअप वाहन से कूलर लेकर जाते चालक को कूलर गिरने का झांसा देकर बदमाश कूलरों भरी पिकअप वाहन को लेकर फरार हो गए। सुबह सवेरे हुई इस घटना की चर्चा लोगों की जबान पर थम भी नहीं सकी थी कि बदमाशों ने लघुशंका करने के लिए बाइक खड़ी बाइक चोरी की दूसरी वारदात को अंजाम दे दिया। चोरी की सुबह-शाम हुई वारदात से स्थानीय पुलिस पर सवालिया निशान खड़े होना स्वभाविक है। जबकि पुलिस की सक्रियता की भी असलियत सामने आ रही है।

# देर रात तक गुले गुलजार हो रहे बाज़ार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** ईदुल फितर के करीब आते-आते बाज़ार देर रात तक गुले-गुलजार हो रहे हैं। रात्रि आठ बजे तक खुलने वाली दुकानें बारह एक बजे तक खोली जा रही है।

पवित्र रमजान का महीना विदा हाने के करीब आता जा रहा है। वैसे-वैसे बाज़ार में खरीदारों की भीड़ बढ़ती जा रही है। सुबह से लेकर इफ्तार तक जहां महिला खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है वहीं देर रात्रि में पुरूष कपड़े और अन्य सामानों की खरीदारी करने पहुंच रहे है। देर रात तक बाज़ार खुले रहने से रौनक बढ़ती जा रही है।

# आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले पर हो सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** मुख्यमंत्री की माता जी को लेकर आपत्ति जनक टिप्पणी पर करणी सेना के जिलाध्यक्ष ने रोष जताते हुए आरोपी के खिलाफ सख्ती कार्रवाई की मांग की है। असमोली/मढ़न क्षेत्र के गांव गुमसानी निवासी ठाकुर रितिक राजपूत, जिला अध्यक्ष करणी सेना ने पटना निवासी मौलाना अब्दुल्ला सलीम द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा की गई आपत्ति जनक टिप्पणी की कड़ी निंदस की। उन्होने कहा कि किसी भी व्यक्ति की माता के बारे में इस प्रकार की अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना अत्यंत निंदनीय है और यह हमारी भारतीय संस्कृति व सामाजिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। उन्होंने इस तरह की मानसिकता का कड़ा विरोध किया और सरकार तथा प्रशासन से मौलाना अब्दुल्ला सलीम के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही ऐसे सभी लोगों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए जो आए दिन समाज में माता-बहनों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करते हैं। ठाकुर रितिक राजपूत ने कहा कि समाज में शांति, सम्मान और मर्यादा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और किसी को भी ऐसी भाषा बोलने की छूट नहीं दी जानी चाहिए।

# अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश को 153 ने दी परीक्षा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश सन्ननिमर्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड (यू पी बी ओ सी डब्ल्यू) के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बालक-बालिकाओं को अटल आवासीय विद्यालय समिति द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा करायी गयी। प्रवेश परीक्षा के दौरान सुरक्षा चाक चौबंद रही।

वर्ष 2026-27 के शैक्षणिक सत्र में अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया तेज हो गयी है। प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन नगर के शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमें कक्षा 6 में प्रवेश के लिए 99, जबकि कक्षा 9 के लिए 62 ने आवेदन किया था, लेकिन इनमें कक्षा 6 में 97 तथा कक्षा 9 में 56 प्रवेश परीक्षा में भाग लेने पहुंचे। नकल विहीन और शांति पूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने को स्कूल में कड़े प्रबंध किये गए थे। सहायक श्रमायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय में शिक्षा के लिए यह परीक्षा मेहनतकश श्रमिकों के बच्चों को बेहतर भविष्य देने का अवसर प्रदान करती है। अटल आवासीय विद्यालय मूलतः श्रम विभाग में प्रजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों का आवासीय विद्यालय बालक,बालिकाओं के लिए प्रथक-प्रथक छात्रावास,, निःशुल्क गुणवत्ता परक शिक्षा, भोजन एवं आवास की व्यवस्था, बालक एवं बालिकाओं के सर्वागीण विकास के लिए स्पोर्टस व खेलों का प्रमोशन, हरियाली से परिपूर्ण विद्यालय कैम्पस, सुरक्षा के विशेष प्रबंध एवं अटल आवासीय विद्यालय नवोदय विषलय के तर्ज पर होगा और सी बी एस ई पैर्टन पर आधारित गुणवत्ता पूर्ण निःशुल्क शिक्षा प्रदान करेगा। इस विद्यालय में कक्षा 6 में 160 यीटों में (80 बालक व 80 बालिकाओं) एवं कक्षा 09 में66 सीटो में 32 बालक व 34 बालिकाओं का चयन मंडल के पॉचो जनपद मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल,बिजनौर एवं अमरोहा में मिले आवेदनों के सापेक्ष किया जाना है। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विकास चंद्र डिप्टी कलक्टर को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। परीक्षा में श्रम प्रर्वतन अधिकारी मौ. आजम, ने सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया। जबकि केन्द्राध्यक्ष नरेन्द्र सिंह बर्तवाल, ने शासन के मानकों का पाहन अपने स्टाफ के साथ कराया।



सम्भल- अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थी शंकर कॉलेज में एकत्र।

# सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान का समापन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बहजोई स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य मंत्री गुलाब देवी ने बाल विवाह मुक्त भारत के सौ दिवसीय अभियान का समापन किया। बता दें कि बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में भारत सरकार ने पूरे देश में सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया था। जिसके अंतर्गत जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने 19 जनवरी 2026 को बहजोई स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह रथ जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था द्वारा संचालित किया गया था। रथ ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने, लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराने और इसे पूर्ण रूप से रोकने का संदेश दिया। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने बाले जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी की ओर से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# महिलाओं पूर्ण रूप से मिले सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने से कुछ नहीं होगा। जब तक बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान व भेदभाव से छुटकारा नहीं मिलेगा। बालिकाएं सुरक्षित नहीं है। बालिकाओं पर अत्याचार हो रहा है। उनके साथ भेदभाव होता है। केवल समान अधिकार की बात कहकर काम नहीं होगा। सुधा गौतम ने कहा कि समाज का आधार और अस्तित्व बालिकाओं के कारण है। बालिकाओं की इज्जत होनी चाहिए। उन्हें सम्मान अवसर प्रदान करना चाहिए। जिससे उनकी छुपी हुई प्रतिभा सामने आ सके। ममता राजपूत ने कहा कि बालिकाएं जागरुक होकर अपने हक और अधिकार के लिए आगे आए। बालिकाओं को आक्रमकता लानी होगी ताकि कोई उन्हें अबला न समझे। तभी अत्याचारों का अंत होगा। सुषमा यादव ने कहा कि लिंग आधारित भेदभाव व कन्या भ्रूण हत्या समाप्त होनी चाहिए। हालात बदल रहे हैं लेकिन गति धीमी है। शिक्षा बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ा रही है। प्रियंका गुप्ता ने कहा कि शिक्षित बालिकाएं बुराइयों से लड़ने में सक्षम है। आज वह प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। केवल उनकी सुरक्षा बेहतर करने की आवश्यकता है। महिला सशक्तिकरण समय की मांग है।






## एक नज़र इधर भी



सम्भल-ईरानी कल्चर हाउस में नगर पंचायत अध्यक्ष कौसर अब्बास।

# चेयरमैन कौसर ने दिल्ली ईरानी कल्चर हाउस में जताया खामनेई की शहादत पर शोक

**शाह टाइम्स संवाददातो**

**सिरसी।** ईरान के सर्वोच्च लीडर व शिया विश्व गुरू अयातुल्ला सय्यद अली खामनेइ की शहादत से दुनिया ने इन्सान दोस्त और मिलत्त का रहनुमा को खो दिया है। जिसकी कमी हमेशा महसूस होती रहेगी।

नगर पंचायत चेयरमैन कौसर अब्बास ने उक्त विचार व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होने दिल्ली में रहबर के प्रतिनिधि डा. अब्दुल माजिद हकीम इलाही से मुलाकात कर गहरे दुःख का इजहार किया। इसी के साथ चेयरमैन ने वहॉ पर शोक पुस्तिका में हस्ताक्षर कर अपने विचार लिखे। कौसर अब्बास ने अपने दुःख का इजहार करते हुए अयातुल्ला खामनेइ की याहादत को कमज़ोर व मज़लूमों के लिए अपूर्णीय क्षति बताते हुए उनके परिजनों व ईरान के रहने वालों के प्रति अपनी हमदर्दी का इजहार कर इस अजीम दुःख की घड़ी में अल्लाह से दुआ कि उन्हे गम सहने की हिम्मत दे।



बबराला- गंगाघाट राजघाट पर रंग पंचमी पर आस्था की डुबकी लगाते।


# रंग पंचमी पर श्रद्धालुओं ने किया स्नान

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** गंगाघाट राजघाट पर श्रृद्धालुओं ने रंग पंचमी पर स्नान किया। रंग पंचमी पर स्नान का बड़ा महत्व है। गंगा आरती के पुरोहित सत्यम मिश्रा ने कहा कि रंग पंचमी के त्योहार का हिंदू धर्म में विशेष महत्व होता है। ऐसी मान्यता है कि रंग पंचमी पर देवी-देवता सभी पृथ्वी पर आते हैं और भक्तों संग रंगों का उत्सव रंग पंचमी मनाते हैं। इस कारण से इसे देव पंचमी और श्री पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। सन्तोषी माता श्रीबाँकेबिहारी मन्दिर के पंडित श्याम बिहारी ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार, हर वर्ष होली के पांचवें दिन यानी चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को रंग पंचमी का त्योहार बड़े ही जोश, उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। रंग पंचमी के साथ ही ब्रज में लगभग 40 दिनों तक चलने वाले रंगोंत्सव पर्व का समापन हो जाता है। रंग पंचमी पर्व की पूजा विधि-विधान से होती है।

# 10 वर्षीय जिया ने पहला रोजा रखकर मांगी अमन की दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** असमोली क्षेत्र के गांव ईकरोटिया सादात निवासी सरकार मेहंदी के 10 वर्षीय पुत्र मौ. जिया ने रमजान के पाक महीने में अपने जीवन का पहला रोजा रखा। छोटे से बच्चे के इस धार्मिक जज्बे को देखकर परिवार और क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल रहा।



मौ. जिया ने रोजा रखकर देश और समाज में अमन-शांति की दुआ मांगी। करीब 13 घंटे 37 मिनट तक चले इस रोजे को मासूम ने पूरे धैर्य और समर्पण के साथ निभाया। रोजा खोलने के समय परिवार के लोगों ने उन्हें दुआएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौ. जिया ने कहा कि रोजा सिर्फ भूख और प्यास सहने का नाम नहीं है, बल्कि यह इंसान को सब्र, संयम और दूसरों के लिए दुआ करने की सीख देता है। उन्होंने मुल्क में भाईचारे और शांति की दुआ करते हुए सभी लोगों से मिलजुल कर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर परिवार के कई सदस्य मौजूद रहे। सभी ने मौ. जिया के पहले रोजे की सराहना करते हुए उन्हें दुआओं से नवाजा और उनके इस जज्बे को प्रेरणादायक बताया।

# महिला दिवस उपलब्धियों का जश्न मनाने का दिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** उप नगरी सरायतरीन स्थित आर्य समाज मन्दिर में नारी उत्थान समिति द्वारा महिला दिवस पर अनेकों महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्व इतिहास की क्रांतिकारी महिलाओं और भारत की महिला स्वतंत्रता सेनानियों के छायाचित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्ष सीमा आर्या ने कहा कि 8 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विश्व इतिहास की क्रांतिकारी महिलाओं के संघर्ष को याद करने और उनकी सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने जोर दिया कि महिलाओं ने हर युग में अपनी अमिट छाप छोड़ी है और आज वे हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की स्वतंत्रता और उत्थान के लिए लंबा संघर्ष किया गया है।

# ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेशाध्यक्ष हाउस अरेस्ट

**○यूजीसी के विरोध में दिल्ली जाने से रोकने का आरोप**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा को पुलिस ने दिल्ली जाने से पूर्व हाउस अरेस्ट कर लिया।

उन्होंने कहा कि 8 मार्च 2026 को जंतर मंतर पर होने वाले यूजीसी के खिलाफ आंदोलन में जो भी सदस्य पदाधिकारी जा रहे थे वह सभी पदाधिकारी और सदस्य निकल जाएं। उन्होने जिला पुलिस प्रशासन पर हाउस अरेस्ट करने का आरोप लगाया। जबकि बाकी सदस्यों व पदाधिकारियों से समय से निकलकर आंदोलन में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि देश में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी अभिव्यक्ति प्रकट करने की आजादी है। शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन अपनी आवाज उठाने के लिए किया जा सकता है लेकिन उसको रोका जा रहा है, जो गलत है। इससे संविधान के अधिकार जो आम नागरिक को मिले हुए हैं उनका हनन किया जा रहा है। यूजीसी को थोपने की कोशिश कामयाब नहीं होने दी जायेगी। इसको रद्द किया जाये। इस दौरान मुकेश गौड़, अविरल शर्मा, सचिन शर्मा सचिन मिश्रा, विनीत शर्मा, विवेक शर्मा गुमथला, विकास मिश्रा, बृजेश शर्मा, निशांत शर्मा प्रशांत वशिष्ठ, विमल शर्मा, सौरभ शर्मा, पराग शर्मा, अभिषेक पाराशरी, अमोल शर्मा, श्री शर्मा, डा. निशाकर शर्मा, विभोर भारद्वाज, डा. पीके पाण्डे, राजीव मिश्रा, डा. विनय शर्मा, उमाकान्त शर्मा आदि मौजूद रहे।



सम्भल- ब्राहम्ण शक्ति संघ के प्रदेशाध्यक्ष को रोकने पर पुलिस से नोंक-झोंक करते।

# बुजुर्ग महिला के चरण स्पर्श कर स्वयं सेवको ने किया सम्मान

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** एमजीएम कॉलेजकी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वयं सेविकाओं को जागरूक किया गया।

हल्लू सराय स्थित महाराणा प्रताप पार्क कार्यक्रम के प्रथम सत्र में नेशनल पब्लिक स्कूल की शिक्षिका जसिका सिंह ने छात्राओं को योगासन ताड़ासन तितली आसन पश्चिम मुखासन अनुलोम विलोम चक्रासन का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में स्वय सेवक धरुव कुमार, शिवा, मौहम्मद आतिफ, मौहम्मद आदिल ने बुजुर्ग महिला के चरण स्पर्श कर महिला सम्मान किया। कार्यक्रम अधिकारी डा. नेमपाल सिंह ने 8 मार्च से जिला स्तरीय रोजगार मेला जो विशेष कर महिलाओं के लिए लगाया जा रहा है उसमें भाग लेने को स्वयं सेवक सेविकाओं को जागरूक किया। इस अवसर पर स्वयं सेविका वंशिका गुप्ता आकांक्षा सिंह सना शिफा दीक्षा सिंह मुस्कान फातिमा इल्मा परवीन अलशिफा महक सानिया ने अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में सौरभ कुमार एवं अजीत कुमार ने सहयोग प्रदान किया इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त स्वयंसेवक सेविका उपस्थित रहे।



सम्भल- महिला दिवस पर बुजुर्ग महिला का पांव छूकर आर्शीवाद लेते छात्र।

# महिलाओं को राज्यमंत्री ने प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**○समाज में उत्कृष्ट कार्य करने ओर जिले को आगे बढ़ाने के लिए दिया गया सम्मान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप बबराला एवं कलाकार ममता राजपूत एवं संस्कृति विभाग द्वारा रजिस्टर्ड कलाकार जिन्होंने अपने जिले में प्रथम स्थान एवं मंडल में प्रथम स्थान लोक कलाओं में हासिल किया।उन लड़कियों को भी अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर आज सम्मानित किया गया। जिनमें माही गुप्ता, संजना यादव एवं आंगनवाड़ी प्रत्येक विभाग से महिलाओं को सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अधयक्षा अनामिका यादव, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट एवं राज्य मंत्री गुलाबो देवी ने सभी महिलाओं को उनके समाज में उत्कृष्ट कार्य एवं अपने जिले को आगे बढ़ाने के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर संगीता भार्गव, ममता राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# डेढ़ लाख कीमत का मोबाईल बच्चों ने पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** ईमानदारी अभी जिंदा है। सड़क किनारे मिले डेढ़ लाख कीमत के मोबाईल को थाना पुलिस को सौंपकर दो नौनिहालों ने यह चरित्रार्थ किया है

हयात नगर थाना क्षेत्र के ग्राम घुंघावली निवासी नाजिम अली पुत्र इमामी का डेढ़ लाख कीमत का एप्पल फोन खो गया था। गुम हुआ मोबाईल हयातनगर क्षेत्र में ही सड़क किनारे अ. गनी (10) पुत्र मौ. सालिम व मौ. रजा (10) पुत्रमौ. गालिब, मौ. असद (11) पुत्र मौ. जुबैर व मौ. अदनान 12 पुत्र ताहिर हुसैन, मौ. शान (12) पुत्र मौ. नाजिम हर्ष कुमार (13) पुत्र बिजेन्द्र कुमार को मिल गया। बच्चों ने ईमानदारी दिखाते हुए मोबाईल को थाना पुलिस को दे दिया।



बबराला- प्रदेशाध्यक्ष के आगमन पर स्वागत को जमा भाजपा कार्यकर्ता।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर बबराला में प्रदेश अध्यक्ष भाजपा व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी का स्वागत भाजपाइयों ने किया। नगर में पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पंकज चौधरी का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। वह नगर से गुजर कर नैनीताल जा रहे थे। उनका भाजपाइयों ने पटका व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। वह थोड़ी देर यहां रुके। सभी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत बेहतर है। इस दौरान भाजपा नेता विनय वार्ष्णेय, उमेश यादव, सुरेश यादव, राजीव आदि मौजूद रहे।

# महानगर में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा

**मुरादाबाद।** सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में रविवार को नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्र के बाहर छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों के चेहरों पर खुशी और संतोष देखने को मिला।परीक्षा खत्म होते ही जैसे ही छात्र केंद्र से बाहर निकले, गेट पर इंतजार कर रहे अभिभावकों ने उनसे पेपर के बारे में जानकारी ली। कई अभिभावक यह जानने के लिए उत्सुक दिखाई दिए कि प्रश्नपत्र का स्तर कैसा था और बच्चों ने पेपर किस तरह से हल किया।बाहर निकलते ही अधिकांश छात्रों ने बताया कि प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत सरल था और अधिकतर प्रश्न पाठ्यक्रम से ही पूछे गए थे। कुछ छात्रों ने कहा कि गणित और रीज. निंग के सवाल भी समझने में आसान थे, जिससे उन्हें पेपर हल करने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई।परीक्षा केंद्र के बाहर सुबह से ही अभिभावक अपने बच्चों के बाहर आने का इंतजार कर रहे थे। परीक्षा खत्म होने के बाद बच्चों से बातचीत करते समय उनके चेहरों पर राहत और उम्मीद दोनों दिखाई दीं। कई अभिभावकों ने कहा कि उनके बच्चों ने पूरे वर्ष मेहनत की है और उन्हें उम्मीद है कि इस बार उनका चयन नवोदय विद्यालय में जरूर होगा।परीक्षा समाप्त होने के बाद परिसर के बाहर कुछ देर तक छात्रों और अभिभावकों के बीच प्रश्नपत्र को लेकर चर्चा होती रही। कुल मिलाकर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई और छात्रों में अच्छे परिणाम को लेकर उत्साह का माहौल बना रहा।



# महिला दिवस मनाया

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथि महिलाओं को बैज लगाकर, पगड़ी पहनाकर और पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

माधव मिश्र ने कहा कि अंत. रराष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं को समान अधिकार दिलाना और समाज के हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि हमारे सनातन ग्रंथों में नारी को सर्वोच्च स्थान दिया गया है और 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' का संदेश दिया गया है। उन्होंने महिला दिवस के इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 1908 में न्यूयॉर्क में हजारों महिलाओं ने समान वेतन, कम कार्यघंटे और मतदान के अधिकार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था, जिसके बाद धीरे-धीरे यह दिवस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 08 मार्च को मनाया जाने लगा।

उन्होंने कहा कि आज भी समाज में महिलाओं को समान अधिकार, शिक्षा, सम्मान और अवसर देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में डॉ. महेश कुमार गुप्ता, डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. शाजिया शाहीन, रीमा गुप्ता, सरोज कुमारी, अश्विनी शर्मा, शोभा यादव, सो. निका, सपना, नीतू, रितु, डॉ. नितिन कौशिक, अंकित वार्ष्णेय, अनमोल मिश्रा, पंकज अग्रवाल, कमला, कांति, शांति देवी, सीमा, लटूरी सिंह, परशुराम, नीरा, केशव, बिरमा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार कारपेंटर हुआ गंभीर, रूप से घायल मेरठ रेफर



**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को तुरंत उपचार के लिए कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल मुरादाबाद रेफर कर दिया। मुरादाबाद जिला अस्पताल में भी हालत नाजुक बनी रहने पर चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मेरठ रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान शायेवन पुत्र भूरा निवासी बिनसी विरामपुर हरोरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शायेवन पेशे से लकड़ी का कारीगर (कारपेंटर) है और डिगरपुर रोड स्थित हरियाना में एक दुकान पर कारपेंटर का काम करता है। परिजनों के अनुसार घटना के समय शायेवन दोपहर में नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन और स्थानीय लोग अस्पताल पहुंच गए। वहीं मामले में अभी तक शायेवन पुत्र भूरा की ओर से पुलिस को कोई शिकायती पत्र नहीं दिया गया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रमजान का महीना आत्मशुद्धि के साथ सामाजिक जागरण का भी अवसर देता है: रईस चौधरी

**कांठ( शाह टाइम्स )।** रमजान का महीना केवल इबादत और उपवास का समय नहीं बल्कि आत्म शुद्धि के साथ सामाजिक जागरण का भी अवसर है यह बात रईस चौधरी ने कही उन्होंने बताया कि रोजा इंसान को भूख का अनुभव करता है सब्र की ताकत सिखाता है और हर हाल में रब का शुक्र अदा करने की आदत डालता है। यही तीनों तत्व मिलकर समाज में संवेदन शीलता अनुशासन और सकारात्मक का वातावरण निर्मित करते हैं जब कोई व्यक्ति सुबह से शाम तक भूखा प्यासा रहता है तो उसे पहली बार एहसास होता है कि भूख क्या होती है यह अनुभव केवल शरीर तक नहीं रहता बल्कि दिल और दिमाग को प्रभावित करता है यही एहसास उसके भीतर करुणा और सहानुभूति जगाता है परिणाम स्वरुप जकात सदका और दान की भावना प्रबल होती है समाज में आर्थिक सहयोग और परस्पर सहायता का माहौल बनता है रोजा इस तरह भूख को सामाजिक संवेदना को बदल देता है जब व्यक्ति सब्र करना सीखना है तो उसका व्यवहार भी संयमित हो जाता है परिवार में झगडे कम होते हैं समाज में तनाव घटना है और आपसी रिश्तों में मिठास आती है।



### जनपद के आरटीई में अभिभावकों को पसंद नहीं आए 653 स्कूल

**कांठ ( शाह टाइम्स )** आरटीई के तहत संचालित की जा रही आवेदन प्रक्रिया के पहले चरण में जनपद के 653 स्कूलों में किसी भी अभिभावक ने विकल्प नहीं भरा। दूसरे चरण की प्रक्रिया के तहत करीब 23 सौ आवेदन आए। अधिकारियों का कहना है कि हो सकता है दूसरे चरण में इन विद्यालयों का चुनाव करें।बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित आरटीई प्रक्रिया के तहत निजी स्कूलों में नि:शुल्क दाखिला करवाया जाता है। जनपद में 1184 स्कूलों को दाखिला के लिए पोर्टल पर पंजीकृत किया गया था। इसमें करीब 13800 सीटों पर दाखिला लिए जाने हैं। दूसरे चरण में आवेदन करने की अंतिम तारीख सात मार्च थी। जिला समन्वय अमित कुमार सिंह का कहना है कि जो विद्यार्थी पहले आवंटित होने से रह गए थे, उनको दोबारा से पूरा फॉर्म नहीं भरना पड़ा है। आवे. दन प्रक्रिया पर सबमिट क्लिक करने से उनके पूरे प्रमाण पत्र पुन: दर्ज हो गए हैं और उनको पंजीकरण नंबर मिल गया है। पहले चरण में जिले में 9028 विद्यार्थियों के आवेदन आए थे और 7477 आवेदन स्वीकार किए गए थे। पहले चरण की लॉटरी प्रक्रिया में 4080 विद्यार्थियों का चयन किया गया था। साथ ही 3397 विद्यार्थियों को विद्यालय आवंटित नहीं हो सके थे। पहले चरण में जनपद में 653 ऐसे विद्यालय थे, जिनका अभिभावकों ने चुनाव नहीं किया। इन स्कूलों में पांच हजार सीटें हैं। वहीं नगर निगम की 1132 सीटें खाली थीं।

### सनातन धर्म पुस्तकालय में धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड के तत्वाधान में घंटाघर स्थित सनातन धर्म पुस्तकालय में होली मिलन समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ बोर्ड के संस्थापक सदस्य योगेन्द्र मोहन शास्त्री एवं विनय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया, तत्पश्चात अशोक कुमार गुप्ता एवं योगेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा गायत्री मंत्र का पाठ किया गया।

जिलाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी ने सभा में कहा कि होली का पावन पर्व रंगों का त्यौहार है, यह सामाजिक एकता, प्रेम, सौहार्द और आपसी भाई चारे का त्यौहार है। एड. मुकेश अग्रवाल ने कहा कि होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। सुभाष भोलेनाथ एवं जगदीश राणा ने कहा कि होली का त्योहार हमें मिलजुलकर मनाना चाहिए। समारोह में एड. अवनेश चौहान, योगेन्द्र मोहन शास्त्री, कृष्णगोपाल गुप्ता, अशोक गुप्ता, योगेन्द्र शर्मा, तुलसीदास शर्मा, डॉ टी0एस0 पाल, प्रशांत गुप्ता, योगेन्द्र कुमार, अरुण कुमार शर्मा, दीपेन्द्रनाथ गुप्ता, श्रीकृष्ण रस्तोगी, जगत साहनी आदि उपस्थित रहे।

# ग्राम टहानायक में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विकास खण्ड मुण्डा पाण्डे की ग्राम पंचायत टहानायक में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान पति खेमपाल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जल सरंक्षण और स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया। ग्राम के बच्चो द्वारा जल सरंक्षण और स्वच्छता पर बैनर लेकर प्रभात फेरी निकाली गई। इसके अलावा जल बंधन, जल वन्दना, जल संकल्प, जल श्रंगार, रंगोली, ज्योति सजावट और जल गुणवत्ता जाँच का प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों ने जल का उपयोग जल प्रबंधन और जल सरंक्षण की जिम्मेदारी स्वीकार करने का संकल्प लिया।

ग्राम प्रधान ने ग्राम को हर घर जल घोषित किया और जल के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) मुरादाबाद के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता कु० अंजलि पाण्डेय, जूनियर इंजीनियर मुकैश कुमार सैनी, डी०पी०एम०यू० के कोऑर्डिनेटर विकास कुमार शर्मा और कार्यदायी संस्था मै० एल०सी०इन्फ्रा० के परियोजना प्रबन्धक राजेश कुमार पटेल उपस्थित रहे।



# विद्युत पेंशनर्स परिषद मुरादाबाद की नई कार्यकारिणी का चुनाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विद्युत पेंशनर्स परिषद जनपद मुरादाबाद की कार्यकारिणी का दो वर्षीय चुनाव दिनांक 7 मार्च 2026 को कोठी नम्बर 5, सिविल लाइंस पर प्रात: 11 बजे हुआ। विद्युत पेंशन परिषद मुरादाबाद के लगभग 100 से अधिक पेंशनधारी इस चुनाव में उपस्थित होकर सर्वसम्मति से पदाधिकारी चुने गये। चुनाव अधिकारी ई0 अनवार अली ने चुनाव संपन्न कराया। संरक्षक मंडल में ए0पी0 माथुर एवं संयोजक ई0 ए0के सिंघल रहे। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए ई0 पी के कपूर, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, सचिव पद के लिए एस पी सिंह, कोषाध्यक्ष पद के लिए सुशील कुमार, संगठन सचिव महमूद हसन जाफरी, प्रचार सचिव अशोक कुमार गुप्ता, लेखा निरीक्षक एस के अग्रवाल चुने गए। सदस्य कार्यकारिणी में एस के अग्रवाल, जीवन लाल सिंह राणा, महावीर सिंह, आनन्द सिंह, जय किशोर आदि काफी संख्या में चुने गए। इस अवसर पर एस एस यादव, विभूति त्यागी, दिनेश बिश्नोई, सैयद शहजाद अली, राकेश कुमार गुप्ता, एल के त्यागी, ओम कार सिंह, नेम पाल सिंह, मोहर सिंह, जगदीश सरन, सूर्य कुमार, पी के सक्सेना के अतिरिक्त काफी संख्या में पेंशनर मौजूद रहे।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष ई0 पी के कपूर ने कहा कि वे पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने सभी पेंशनर्स का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे उनके सहयोग और समर्थन से ही अपने कार्यों को पूरा कर पाएंगे।



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**कुंदरकी।** रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अवसर पर नगर कुंदरकी के मोहल्ला नरूल्ला में आर्य जन कल्याण समिति कार्यालय परिसर में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्कताओ ने महिलाओं के अधिकारों, समानता और सम्मान के प्रति जागरूकता करने पर बल दिया गय विचार गोष्ठी में बोलते हुए आर्य जन कल्याण समिति के केंद्रीय अध्यक्ष राम सिंह आर्य ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का विचार जर्मन के समाजवादी नेता कलारा जेटकिंन ने 1910 में कोपेनहेगन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन में रखा था उनके प्रस्ताव के बाद 1911 में पहली बार 8 मार्च को जर्मनी ऑस्ट्रिया डेनमार्क और स्विट्जरलैंड सहित कई देशों में महिला दिवस मनाया गया उसी समय लाखों महिलाओं और पुरुषों ने रैलियां में भाग लेकर महिलाओं को मतदान का अधिकार बेहतर कामकाजी परिस्थितियों और समान वेतन की मांग की । समय के साथ यह दिन पूरी दुनिया में महिलाओं के संघर्ष उपलब्धियां और योगदान को सम्मान देने का प्रतीक बन गया। जबकि मनुस्मृति में महिलाओं के सम्मान को जूती के नोक के बराबर बताया गया है। विचार गोष्ठी में भारतीय कश्यप सेना संगठन के प्रदेश प्रभारी सुनील कुमार कश्यप ने कहा कि नारी शक्ति पुरुष शक्ति से चार गुना अधिक होती है इसलिए महिलाओं का अधिकार हर मामले में पुरुषों से अधिक है इसलिए उनका सम्मान जरूरी है । विचार गोष्ठी मे विपिन कुमार कश्यप, सरदार सिंह, रामवीर सिंह भारती, बादाम सिंह, गणपत सिंह, सुरेश दिवाकर, डीपी दिवाकर , जय करण ठाकुर आदि ने विचार व्यक्त किये । गोष्ठी की अध्यक्षता रवि कुमार कश्यप ने व संचालन धर्मपुर कला के होराम सिंह कश्यप ने किया।

# शिव पार्वती रसोई में अरहर की दाल-चावल का प्रसाद वितरित

**शाह टाइम्स, ब्यूरो।**

**मुरादाबाद।** प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाली शिव पार्वती रसोई में आज अरहर की दाल-चावल का प्रसाद श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंदों को वितरित किया गया। आज की रसोई का शुभारंभ स्नातक क्षेत्र मुरादाबाद-बरेली के एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने स्वयं रसोई में सेवा करते हुए उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरण किया तथा संस्था के सेवा कार्यों की सराहना की। संस्था के अध्यक्ष एवं संस्थापक पुष्प यादव एडवोकेट ने बताया कि शिव पार्वती रसोई का उद्देश्य प्रत्येक रविवार को जरूरतम. दों एवं श्रद्धालुओं को भोजन उपलब्ध कराना और समाज में सेवा व सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर संस्था के सदस्य प्रत्युष यादव, डॉ. सतवीर चौहान, आशुतोष त्यागी, अंकुर यादव, राहुल शर्मा, योगेश भारती, विनय कश्यप, हरिओम शर्मा, ओमप्रकाश सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर सेवा कार्य में अपना योगदान दिया। डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि इस तरह के सेवा कार्यों से समाज में एकता और सहयोग की भावना बढ़ती है। उन्होंने संस्था के सदस्यों को इस कार्य के लिए बधाई दी और कहा कि वे आगे भी इसी तरह के कार्यों में अपना योगदान देते रहेंगे।




# पत्रकार समाज का आइना होते है उन पर समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है: नरेश भारद्वाज

**■ जर्नलिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल रजि.( उ प्र ) जनपद मुरादाबाद की नवगठित इकाई घोषित की गई**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मानसरोवर कन्या इन्टर कालेज में जर्नलिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल रजि (उ प्र) ष्जापष जनपद मुरादाबाद इकाई की एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई जिसमे सर्व सम्मति से वर्ष 2026 के लिये संगठन की जनपदीय शाखा का गठन किया गया।

वैठक में सर्वप्रथम सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया इसके उपरांत संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नरेश भारद्वाज ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुऐ अपने सम्बोधन में कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते है और समाज का प्रतिनिधित्व भी करते है हमारा संगठन पत्रकारों के साथ-साथ उनके परिवारों के लिये भी रचनात्मक कार्य करेगा, उन्होने कहा कि पत्रकार लोग भी समाज के अंग होते है।इसलिये उन्हें भी सामा. जिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए और समाजिक समस्याओं को अपने अखवार के माध्यम से प्रशासन के समक्ष उठाना चाहिए उन्होंने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा से आग्रह किया कि वह पत्रकारों में किसी तरह का भेदभाव न करके सभी पत्रकारों को एकजुट करते हुऐ उनके हितों के लिये संघर्ष करें। इस अवसर पर प्रांतीय पर्यवेक्षक विनय गुप्ता ने कहा कि संगठन के सभी नव नियुक्त पदाधिकारी संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते हुऐ अन्य साथियों को भी संगठन में जोड़ेंगें। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा ने अपने सम्बोधन में प्रदेश नेतृत्व को आश्वासन देते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने जो उन पर भरोसा किया है वह भरोसे को कायम रखते हुए पत्रकारों के लिए जनपद स्तर पर कल्याणकारी योजनाएं बनाकर उन्हें लागू करेंगे इसके अलावा प्रदेश नेतृत्व से समय समय पर पत्रकारों के लिये जो भी कल्याणकारी योजना प्राप्त होगी उनहे सक्रिय रूप से लागू कराया जायेगा। बैठक का संचालन करते हुऐ महासचिव दीपक कपूर ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को अपनी शुभकामना देते हुए कहा कि जल्द ही संगठन पत्रकारों के लिये व उनके परिवारों के लिये चिकित्सा शिविर का आयोजन भी करेगा इस शिविर में महानगर के नामी गिरामी चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। इसकेअलावा फील्ड में कवरेज का कार्य करते हुऐ किसीभी पत्रकार साथी का उत्पीड़न हुआ तो संगठन उत्पीड़न के करने वालों के खिलाफ जोरदार तरीके से आन्दोलन भी करेगा।बैठक में प्रान्तीय चुनाव अधिकारी विनय कुमार गुप्ता की देखरेख में जनपदीय ईकाई के निम्न पदों पर सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारी बनाये गये है।

1-सुनील शर्मा जिलाध्यक्ष, 2-अनुज विश्नोई उपाध्यक्ष, 3-भावेश शर्मा उपाध्यक्ष, 4-दीपक कपूर महासचिव, 5-संदीप बर्मा सचिव, 6-हेमन्त कुमार यादव सचिव, 7-सुनील गुप्ता कोषाध्यक्ष, 8-सुनील तोमर मीडिया सचिव, **कार्यकारिणी सदस्य**- 9-आकाश विश्नोई , 10- इफ्तकार अर्शी, 11- पूनम सागर, 12- जसबीर गौतम, 13- संजीव कुमार, 14- मोहित गुप्ता, 15 संजू गौतम, 16-सुधीर शर्मा, दीपक कपूर जिला महासचिव, जर्नलिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल रजि.(उ प्र)।



# होली मिलन समारोह एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का हुआ आयोजन

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ सखी-सहेली द्वारा रविवार को होली मिलन समारोह एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नूतन चौधरी (सीडब्ल्यूसी सदस्य) रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. सुधा चौधरी (केंद्रीय समिति सदस्य), पद्मा भार्गव (विशेष समिति सदस्य), अनु रस्तोगी (मुख्य परियोजना समन्वयक, जीडब्ल्यूएफ फेड-05), अंजू राजपूत (यूनिट निदेशक), सीमा वर्मा (परियोजना समन्वयक), रीता बुदियाल (फेडरेशन अधिकारी), डॉ. मधु तोमर (अध्यक्ष), रजनी गुप्ता (उपाध्यक्ष), राजेश्वरी श्रीवास्तव (डीओए) तथा कंचनबाला (डीओएफ) की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी श्रीवास्तव (डीओए) द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों में सरोज शर्मा, अनुराधा, मुन्नी देवी सक्सेना, करुणा, संगीता, सरोज वार्ष्णेय, रेनू अग्रवाल, नीरू गोयल, दीप्ति दुबे, रेनू वार्ष्णेय, मोनिका शर्मा, अनिता सक्सेना, सविता भटनागर, रेखा गुप्ता, अल्का रानी तथा अर्निका सक्सेना शामिल रहीं। कार्यक्रम के दौरान होली के गीत गाए गए तथा नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी ने उत्साहपूर्वक इस पर्व का आनंद लिया। सभी ने एक-दूसरे को फूलों के साथ होली की शुभकामनाएँ दीं और आपसी प्रेम, सौहार्द एवं एकता का संदेश दिया।






## कार्यालय ग्राम पंचायत साहूपुर विकास खण्ड-छजलैट ( मुरादाबाद )।

पत्रांक मीमो/के0/रा0वि0/नि0/2025-26 दिनांक: 08.03.2026

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्म/पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत साहूपुर में वर्ष 2025-26 हेतू अनुमोदित (GPDP) के अनुसार के0वि0/रा0वि0 की धनराशि से निम्न विवरण अनुसार निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इच्छुक फर्म/पंजीकृत विक्रेताओं से सामग्री की आपूर्ति हेतू सीलबंद निविदा/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। दिनांक 9.03.2026 से दिनांक 14.03.2026 तक अपरान्ह 12 बजे तक निविदा पत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं दिनांक 14.03. 2026 को अपरान्ह 02 बजे तक टैण्डर बॉक्स में डाली जा सकती है। निविदा दिनांक 14.03.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे कार्यालय पर खोली जायेगी। अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य सम्बन्धित (BOQ) किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। सामग्री की मात्रा अवश्यकता अनुसार घटाई बढ़ाई जा सकती है। धरोहर राशि एन.एस.सी/बैंक ड्राफ्ट/एफ.डी. आर. के रूप में जमा होगी जोकि ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राईमरी स्कूल से मुन्तलिब के घर तक मिट्टी+ नाली+ सीसी टाईल्स सड़क निमार्ण कार्य। | सीमेंट, ईंट, सीसी टाईल्स रेत बजरी आदि। | 185760.49 | 3715.00 | 300/- | 3 माह |

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत साहूपुर**
**विकास खण्ड छजैटल, मुरादाबाद।**

# राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों ने सात दिवसीय शिविर के द्वितीय दिवस को यातायात दिवस के रूप में मनाया

**ठाकुरद्वारा।** सुखदेई स्मारक महाविद्यालय रतुपुरा ठाकुरद्वारा मुरादाबाद की एन ०एस० एस ०की दोनों इकाई द्वारा शिविर के द्वितीय दिन का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत गाकर किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डॉक्टर रघुनाथ सिंह ने समस्त छात्र- छात्राओं के सम्मुख सड़क पर होने वाले हादसे के आंकड़ों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि देश में प्रतिदिन सबसे ज्यादा मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो रही है ,जो चिंता की बात है । इससे भी अधिक चिंता जनक यह है कि इन हादसों में सर्वाधिक युवा ही अपने प्राण गवा रहे हैं, जिसका कारण लापरवाही एवं असुरक्षित तरीके से सड़क पर वाहन चलाना। इसके वाद समस्त छात्र-छात्राओं ने ग्राम सरकडा परम्पुर माफी में यातायात के नियमों को लेकर जन जागरूकता रैली निकाली।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में समस्त छात्र- छात्राएं अपने शिविर स्थल एकत्रित हुए जहां सभी ने सड़क के नियमों पर एक समूह चर्चा की जहाँ सभी ने दुर्घटना का कारण सड़क के नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाना वताया । इसके वाद दोनों इकाई के छात्र छात्रा कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजपाल सिंह के नेतृत्व में ठाकुरद्वारा-कांठ रोड पर नाहरवाल - सरकडा परंप पुर चौराहे पर एकत्र हुए और बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वाले दोपहिया वाहन स्वामियों से आगे हेलमेट कर ही वाहन चलाने के बारे में , गति नियन्त्रण करने, मोवाईल का प्रयोग ना करने व सीट वैल्ट लगाकर ही वाहन चलाने को कहाँ। आज के कार्यक्रम में नैना, संजना, पल्लवी, सोनम, वाली, सीमा, श्रधा, सुधांशु, विशाल, विवेक, आदि ने अपना सहयोग किया।



## सैनी, शाक्य, मौर्य, कुशवाहा व माली समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

**चन्दौसी।** सैनी, शाक्य, मौर्य, कुशवाहा एवं माली समाज के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि होली का पर्व आपसी मतभेद भुलाकर समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करने का अवसर देता है। समारोह के दौरान समाज के विकास और आपसी सहयोग को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर परमेश्वरलाल सैनी, हरीश सैनी उर्फ हरिओम प्रकाश एडवोकेट सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अंबेडकर मेल को भव्य बनाने को लेकर तय की गई रूपरेखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के अंबेडकर पार्क में अंबेडकर युवक संघ की बैठक का आयोजन हुआ जिसमें आगामी दो दिवसीय अंबेडकर मेल को लेकर रूपरेखा तय की गई। रविवार को हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आगमी 14, 15 व 16 अप्रैल को लगने वाले दो दिवसीय मेले की ओर अधिक भव्य बनाया जाएगा।

वक्ताओं ने कुछ कमियों के बारे में बताया कि उन्हें सुधार कर मेले को अधिक आकर्षित एवं सुंदर बनाया जाए, संघ के अध्यक्ष डॉक्टर जगतपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को अपनी-अपनी जिम्मेदारी सौंपी। मेले में किसी प्रकार की कोई कमी ना रह जाए, आगामी 15 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से झांकियां डीजे व बैंड बाजे के साथ नगर के प्रस्तावित मार्ग से शुरू होकर अंबेडकर पार्क बिलारी में जनसभा के रूप में परिवर्तित होगी। जहां तथागत गौतम बुद्ध जी की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। 16 अप्रैल को मिस्टर इंडिया अजय जादूगर का प्रोग्राम, उसके बाद भीम लीला का मंचन किया जाएगा। 16 अप्रैल को झांकियां में सम्मिलित कलाकारों को पुरस्कार वितरण कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। तथा मेले को सही संचालित करने के लिए कार्यकर्ताओं को सही सुझाव दिए गए तथा बताया गया कि डीजे पर कोई भी ऐसा गाना नहीं बजाया जाएगा जिससे किसी भी समाज के सम्मान मे ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए। संघ के अध्यक्ष डॉ जगतपाल सिंह ने कहा कि डीजे अधिक चौड़े नहीं होने चाहिए व झांकियां में रंग व गुलाल का प्रोग्राम नहीं होना चाहिए। बैठक में मौजूद संघ के अध्यक्ष डॉ जगतपाल सिंह, संघ के मंत्री केके नवल, संघ के उपाध्यक्ष डॉ कुंवर सिंह, संघ कोषाध्यक्ष मनवीर सिंह, बादाम सिंह नेता. जी, इंद्रपाल सिंह,रामवीर, सिंह,प्रताप सिंह, हरिशंकर बौद्ध,, डॉक्टर ओम प्रकाश,शिवम सागर,, डॉक्टर चरन सिंह,राम खिलाड़ी, रन सिंह भारती, मोहर सिंह, राम अवतार जी, प्रेम किशोर जी, डॉक्टर विजयदीप इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षिका सम्मानित

**कांठ( शाह टाइम्स )।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले परिषदीय स्कूलों की शिक्षिकाओं को रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्लॉक छजलैट के प्राथमिक विद्यालय गढ़ी की शिक्षिका सविता यादव को पंचायत भवन मुरादाबाद में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी द्वारा सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### पुलिस ने वारंटी सहित चार का किया चालान



**कांठ ( शाह टाइम्स )** पुलिस ने वारंटी सहित चार का चालान किया है बताया गया कि सुनील पुत्र जगदीश निवासी दरियापुर का वारंट चल रहा था जिसे आज पुलिस ने हिरासत में ले लिया इसके साथ-साथ इमरान आलम पुत्र इदरीस मोहम्मद आदिल पुत्र इदरीस और उजैर पुत्र मोहम्मद यूसुफ निवासी ग्राम गढ़ी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इन तीनों पर वादी व उसके पिता के साथ गाली गलौज करना मारपीट करना व जान से मारने की नीयत से लकड़ी की फटी से हमला कर देने का आरोप था। इस झगड़े में वादी के पिता के सिर में काफी चोट आई थी इन लोगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी थी पुलिस ने आज चारों का चालान किया है।

### होली मिलन का आयोजन, एकता और भाईचारे का संदेश

**मुरादाबाद।** रविवार को भारतीय सोशलिस्ट मंच के तत्वाधान में डॉ० दुर्गेश यादव के निवास लाइन पार मुरादाबाद पर दोपहर 2:00 बजे होली मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ० दुर्गेश जी ने घर पर आए सभी मित्रगणों का स्वागत किया और वहां पर मौजूद सभी मित्रगणों का दुर्गेश दीदी ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी टीका लगाकर और पुष्पवर्षा करके होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर रमजान की मुबारकबाद भी दी गई और इफतारी का एहतमाम करते हुए इफतारी के लिए पेकेट भी दिया गया। हिंदू मुस्लिम मिलकर लोगों के दिलों में देश भक्ति के रंग भरे और जाति धर्म की नफरत से दूर मानवतावादी समाजवादी विचार को मजबूत करने के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर आदित्य कुमार एडवोकेट, शाहिद हुसैन एडवोकेट, चौधरी सुरेश सिंह एडवोकेट, डिंपल सागर, मेडम कविता अतर सिंह सैनी एडवोकेट, कासिम मलिक, सरगम यादव, नीतू यादव, शिबानी, जिबिका यादव, हर्ष, शेलेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।



### महिला दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**मुरादाबाद ।** मेरा युवा भारत मुरादाबाद खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान मे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेलो इंडिया की तरफ से एक भव्य आयोजन नेताजी बोस स्टेडियम राम गगा बिहार में किया गया ।इस आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उप निदेशक अंकित कुमार गौर ने बताया कि प्रात: 9 बजे से दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित हुई इसमें 100मी ,200मी, 400मी स्पर्धाएं शामिल हुई। इस प्रतियोगिता में संपूर्ण जनपद से 700 से अधिक युवतियों ने प्रतिभाग किया और सभी स्पर्धाओं की विजेताओं को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के दूसरे सत्र में अष्टचक्र का निर्माण का किया गया किया गया इसके तहत 8 सर्कल में खड़ी सैकड़ों की तादाद में युवतियों ने मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि डॉ मंजू की अगुवाई में बैलून फेस्टिवल का आयोजन कर लोगों में महिला दिवस के महत्व को लेकर जागरूक किया। गया कार्यक्रम में डॉ मंजू सिंह मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम को अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ मंजू ने युवतियों को आत्मनिर्भर बन समाज में समान अधिकार व समान दायित्व के प्रति सतर्क होने का आवाहन किया कार्यक्रम को उप निदेशक अंकित कुमार ने भी संबोधित किया

और उन्होंने भारत की महिला के प्रति दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए उन्हें भारत की परंपरा को पालन करते हुए भविष्य में समान हिस्सेदारी को प्राप्त करने का आवाहन किया। कार्यक्रम के समापन पर अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं योगा की प्रस्तुतियों ने सभी का मनमोह लिया कार्यक्रम में रंजीत कुमार सैनी चंद्रसिंह चंचल ,आबिद, विकास कुमार ,अमित कुमार ,पूजा, सीताराम ,उपासना भरद्वाज, प्यूस आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### 28 मार्च को बैंड बाजे के साथ निकलेगी महाकाली शोभा यात्रा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** नगर में हजारों लोगों के लिए आस्था और श्रद्धा का प्रतीक माता महाकाली मंदिर जय माता महाकाली माँ का 56 वाँ तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 26 मार्च को शुरू होगास माता महाकाली की 28 मार्च को बैंड बाजे के भव्य शोभा यात्रा निक.ाली जाएगी।



आयोजन कमेटी के अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह बिश्नोई ने रविवार की शाम बताया कि 26 मार्च को महिला कीर्तन, 27 मार्च को भंडारा,रात्रि 9 बजे विशाल जागरण, 28 मार्च को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### दहेज की मांग को लेकर महिलाओं सहित 10 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** दहेज की मांग और महिला उत्पीड़न में पुलिस ने महिलाओं सहित 10 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मस्तापुर खंडसाल निवासी महिला का आरोप है कि करीब आठ माह पहले गुलजार पुत्र लतापथ ने उसे भगाकर शादी की थी शादी के कुछ दिन बाद से ही गुलजार उसका भाई फिरासत पिता लताफत बहन आयशा जहरा सानिया गुलाफसा इनका बहनोई मुर्तुजा निवासी शाहपुर फहीम निवासी मंडोली मारपीट और गाली गलौज करने लगे दहेज में बुलेट बाइक और 5 लाख नगद की मांग की जाने लगी मना करने पर सभी ने मारना पीटना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगे किसी के समझाने का इन पर कोई असर नहीं पड़ा महिला ने मुर्तुजा पर बुरी नजर रखने का और छेड़छाड़ एवं बदतमीजी करने का आरोप लगाया पीड़िता का कहना है कि किसी से कहने पर वह उसे जान से मारने की धमकी देते हैं। बताया कि 5 मार्च को सभी ने रस्सी से बांधकर काफी मारपीट और धमकी दी कहा कि मांग पूरी नहीं की तो तुझे जान से मार देंगे पीड़िता इसकी शिकायत लेकर थाना पहुंची और कार्रवाई के लिए तहरीर दी पुलिस ने महिलाओं सहित 10 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### एंबुलेंस और बाइक दुर्घटना में एक महीने बाद एफआईआर दर्ज

कांठ( शाह टाइम्स )बाइक और एंबुलेंस की दुर्घटना के मामले में एक माह बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है बतादे की अनस पुत्र मोहम्मद आरिफ निवासी मोहल्ला पृथ्वीगंज का कहना था कि उसके पिता मोहम्मद आरिफ व मामा जियाउद्दीन पुत्र शमसुद्दीन निवासी सहसपुर जिला बिजनौर अपनी बाइक से जा रहे थे 12 फरवरी को दोपहर 12:00 बजे के करीब कंबोडिया ढाबे के पास एंबुलेंस के चालक अफजाल पुत्र नफीस मोहल्ला मुगलपुरा सहसपुर जिला बिजनौर ने तेज गति एवं लापरवाही से चलाते हुए उसके पिता की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें उसके पिता एवं साथ में बैठे मामा गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका उपचार कॉसमॉस अस्पताल में कराया गया उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है शिकायत मिलने पर पुलिस ने एंबुलेंस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# एनएसएस शिविर में सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज चन्दौसी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 'कौशल विकास हेतु युवा' विषय के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय विशेष शि.विर के दूसरे दिन सड़क सुरक्षा क्लब के तत्वावधान में ग्राम देवरखेड़ा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय ने किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने सर्वप्रथम शिविर स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया और इसके बाद गांव में रैली निकालकर ग्रामवासियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इसके पश्चात स्वयंसेवक बदायूं चुंगी पहुंचे, जहां हेड कांस्टेबल सचिन कुमार (यातायात विभाग) के सहयोग से यात्रियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को हेलमेट पहनकर दोपहिया वाहन चलाने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने के बारे में जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित पोस्टर बनाकर बदायूं चुंगी पर उनका प्रदर्शन भी किया। शिविर के द्वितीय बौद्धिक सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक क्षति युवाओं को होती है, इसलिए एनएसएस स्वयंसेवकों का कर्तव्य है कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर कई स्वयंसेवकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में यातायात विभाग के सतीश कुमार, गुलाल सिंह, कृपाल सिंह, छत्रपाल और जितेंद्र कुमार का विशेष सहयोग रहा।



## जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति ने धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर जायंट्स प्रार्थना के साथ की गई। अध्यक्ष इंदु अग्रवाल एवं डी.ओ.ए. मीना वार्ष्णेय ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला ही संसार की सबसे बड़ी शक्ति और सम्मान है। उन्होंने कहा कि बेटी, बहन, मां और पत्नी के रूप में महिला परिवार और समाज की शान होती है तथा अपने पूरे जीवन को परिवार, बच्चों और समाज के लिए समर्पित कर देती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के कारण ही हमारे घर-परिवार, संस्कार और संस्कृति सुरक्षित रहते हैं और हर कठिन समय में महिला ही परिवार को साहस और विश्वास प्रदान करती है। इस अवसर पर समाज सेवा में संलग्न पूर्व शिक्षिका मीरा गोयल, कवयित्री व पूर्व शिक्षिका आशा बिसारिया, अनु रस्तोगी, क्षमा अग्रवाल, इंदु अग्रवाल, मीना वार्ष्णेय, रेखा रस्तोगी, मंजू अग्रवाल, मीरा, सुनीता, रानी, अलका, अंजू, नीलम, सीमा, रितु, मनीषा, शशि, रीता, अंशु नागर, नीलिमा, ममता मिश्रा, अमृता, प्रतिभा, कविता, आराधना, मनीषा आदि मौजूद रहे।



## चार लाख रुपये लेने के बाद लौटाने से किया इनकार, फोन पर दी जान से मारने की धमकी

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के एक युवक ने चार लाख रुपये उधार लेने के बाद रकम वापस न करने और फोन पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शेरपुर पट्टी निवासी विशाल कुमार पुत्र सुनील कुमार ने समाधान दिवस अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह जीएसटी से संबंधित कार्य में कॉन्ट्रैक्टर के पद पर कार्यरत है। आरोप है कि संभल रोड स्थित ग्राम कलेसरा अमरऊटा (जिला संभल) निवासी रियाज खान ने उससे चार लाख रुपये उधार लिए थे। काफी समय बीत जाने के बाद भी आरोपी ने रकम वापस नहीं की। प्रार्थी का कहना है कि जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने फोन पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इससे वह और उसका परिवार भयभीत हैं। पीड़ित ने समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर प्रशासन से आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई करने तथा उससे अपने चार लाख रुपये वापस दिलाने की मांग की है। वहीं प्रशासन ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**बेदखली सूचना**

मेरा पुत्र कमल एंव उसकी पत्नी नेहा गलत संगत में पड गए है। मेरा तथा परिवार का कहना नही मानते जिस कारण मैने अपने पुत्र कमल एंव पुत्रवधु नेहा से अपने सभी सम्बन्ध समाप्त कर दिए है। अब दोनो का मेरी चल अचल सम्पत्ति व किसी भी प्रकार के लेन देन से कोई सम्बन्ध नही रहेगा। उनके किसी भी कार्य की जिम्मेदारी मेरी नही होगी। गजेन्द्र पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम कुरी बांगर पोस्ट स्योहारा तहसील धामपुर जिला बिजनौर मो0नं0 8077718488

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र मोहम्मद रईस पुत्र कलुवा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवाकि संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मोहम्मद रईस के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**कलुवा पुत्र विलायत हुसैन निवासी गोपालपुर नत्था नगला कोकरपुर पोस्ट अगवानपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**विविध वाद सं० :** 137/2025
**तारीख पेशी:** 06.04.2026
**मौ. आसिम आदि बनाम श्रीमति हदीशा आदि।**

1. मौ. आसिम, 2. मौ. शाहनवाज पुत्रगण स्व. मौ. हारून निवासीगण कटघर उड़पुरा तहसील व जिला मुरादाबाद द्वारा मुख्तारे आम मौ. फैजान पुत्र हाजी याहिया कुरैशी निवासी मीना मस्जिद असालतपुरा तहसील व जिला मुरादाबाद।

**( प्रार्थीगण )/वादीगण।**

**बनाम**

1. श्रीमति हदीशा पत्नी स्व. मकसूद, 2. मकबूल हुसैन पुत्र स्व. छोटे, 3. महबूब हुसैन पुत्र स्व. छोटे, 4. इरफान पुत्र स्व. मकसूद, 5. फुरकान पुत्र स्व. मकसूद समस्त निवासीण ग्राम मैनाठेर तहसील व जिला मुरादाबाद, 6. संजीव कुमार पुत्र समरपाल सिंह निवासी मौ. ताऊ की बस्ती लाइनपार तहसील व जिला मुरादाबाद, 7. नाजमीन पुत्री स्व. मकसूद पत्नी शान मौहम्मद निवासी ग्राम कदीमपुर जब्ती तहसील व जिला मुरादाबाद, 8. सायेमीन पुत्री स्व. मकसूद पत्नी हसन रजा निवासी नबाव नगर तहसील स्वार जिला रामपुर-विपक्षी गण/प्रतिवादी गण। चूंकि उपर्रिनामांकित वादीगण के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 04 के दिवस 06 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 03 के दिवस 06 को निकाली गयी है।

**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## भव्य होली मिलन समारोह में गले मिलकर दी होली की बधाई

मुरादाबाद। होली रंगोत्सव के उपरांत आज स्मार्ट सिटी में भव्य होली मिलन का आयोजन बड़ी धूम धाम से लेडीज क्लब सिविल लाइन में आयोजित किया गया। सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर शुभकामनाएं दी।होली मिलन के अवसर पर विभिन्न प्रकार के गेम्स, अंताक्षरी, होली हुड़दंग पर काव्य प्रस्तुति एवं हास्य कविता प्रस्तुत करी गई। इसी क्रम में महिला दिवस की भी सभी को बधाई दी गई।विशेष सहयोग प्रियंका अवस्थी, पूनम गुप्ता, संजना भटनागर का रहा। अध्यक्षा नेहा मेहरोत्रा ने सभी को बधाई दी एवं इस समय बदलते मौसम के चलते वायरल के प्रकोप से बड़ों एवं खासकर बच्चों को बचा कर रखने का आहवाहन किया। इस दौरान संजना, पूनम गुप्ता, प्रियंका, अवनीत, प्रतिमा, अर्चिता, रजनी, कविता, नीति, मिनी, निधि, रचना, भावना, हिमानी, अनु, ईशा, दीपाली, स्वाति, प्रियंका, पूजा, अनीता, नैना, दिशा आदि मौजूद रही।

# होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन

**मूढ़ापांडे।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह की ओर से महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज भदासना में आयोजित होली मिलन समारोह का आयोजन कराया गया। होली मिलन समारोह में कुंदरकी विधानसभा के अलग-अलग ग्रामों से हजारों क्षेत्रवासी और पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने लोगो के बीच जाकर सभी से गले मिले और स्वयं सभी पर फूल बरसाते नजर आए। कार्यक्रम में विशाल पंडाल में राधा कृष्ण के स्वरूप में अद्भुत प्रस्तुति और होली के गीत व रागिनी की शानदार प्रस्तुतियां कलाकारों द्वारा दी गई, जिन पर पंडाल में मौजूद लोग भक्ति भाव में झूमते हुए नजर आए। विधायक कुंदरकी ने होली को समाज को जोड़ने वाला सबसे बड़ा लोकतांत्रिक पर्व बताया।



उन्होंने कहा कि पूरी विधानसभा का प्रत्येक व्यक्ति मेरा परिवारजन है। उन्होंने जोर दिया कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र के चरित्र और मूल्यों का भी प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि होली को केवल रंगों तक सीमित न रखकर प्रेम, एकता और सकारात्मकता का संदेश फैलाने का माध्यम बनना चाहिए।

# अवैध खनन पर प्रशासन की खामोशी, शिकायत शिकायत के बाद भी खनन कारोबारियो के हौसले बुलंद

**ठाकुरद्वारा।** थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम काजीपुरा में रामगंगा नदी से हो रहे अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। लंबे समय से चल रहे इस कथित अवैध कारोबार पर प्रशासन की चुप्पी को लेकर ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते रोक नहीं लगी तो नदी और पर्यावरण दोनों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। ग्रामीणों के अनुसार गांव के कुछ दबंग लोग महीनों से संगठित होकर रामगंगा नदी क्षेत्र में जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉली के जरिए बड़े पैमाने पर रेत और बजरी का खनन कर रहे हैं। आरोप है कि खनन माफिया खुलेआम नदी की धारा को नुकसान पहुंचाते हुए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक तमाशबीन बना हुआ है। शिकायत में यह भी बताया गया कि अवैध खनन की जानकारी पहले भी कई बार प्रशासन और पुलिस को दी जा चुकी है, मगर कार्रवाई के नाम पर केवल आश्वासन ही मिलते रहे। एक बार तहसील प्रशासन की ओर से लेखपाल को मौके पर भेजा गया था, लेकिन आरोप है कि खनन में लगे लोगों ने लेखपाल के साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज और मारपीट कर उसे वहां से भगा दिया। इसके बावजूद अब तक कोई सख्त कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि खनन में शामिल लोगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे दिन-रात मशीनों से नदी का सीना चीरते नजर आते हैं। सवाल यह उठ रहा है कि जब शिकायतें लगातार की जा रही हैं तो आखिर प्रशासन की कार्रवाई जमीन पर क्यों नहीं दिखाई दे रही। ग्रामीणों ने मांग की है कि अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही अवैध खनन से हुए नुकसान का आकलन कर दोषियों से क्षतिपूर्ति की धनराशि भी वसूली जाए। इस संबंध में गांव के वाहिद, साबिर, ताहिर सहित एक दर्जन ग्रामीणों ने एसडीएम प्रीति सिंह को शिकायती पत्र देकर निष्पक्ष जांच कर अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि शिकायतों के ढेर के बीच प्रशासन कब तक चुप्पी साधे रहता है और कब कार्रवाई की गाड़ी वास्तव में मौके तक पहुंचती है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर युद्ध के विरोध में अभाकिमस

**ठाकुरद्वारा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के विरोध में रविवार को पुराने एसडीएम कार्यालय परिसर में अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा, अखिल भारतीय किसान सभा और खेत मजदूर यूनियन के संयुक्त नेतृत्व में जनसभा आयोजित की गई। सभा में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड गुलशेर अली ने की, जबकि संचालन हरस्वरूप सिंह ने किया। जनसभा को प्रांतीय अध्यक्ष कामरेड धर्मपाल सिंह, कामरेड शाकिर, डॉ. सईद सिद्दीकी तथा किसान नेता प्रीतम सिंह ने संबोधित किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में अमेरिका द्वारा ईरान पर की जा रही बमबारी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह युद्ध पूरी मानवता के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने विश्व के सभी देशों की सरकारों से अपील की कि वे अमेरिका और इजराइल पर युद्ध समाप्त करने के लिए दबाव बनाएं और निर्दोष लोगों की हो रही हत्याओं पर गहरी संवेदना व्यक्त की। सभा में गीता देवी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं की एकता, अधिकारों और संघर्ष को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सभा के बाद कार्यकर्ताओं ने पुराने एसडीएम कार्यालय से जुलूस निकाला, जो कोतवाली के सामने से होते हुए बुध बाजार, मुख्य बाजार से गुजरकर कबीर तिराहे तक पहुंचा। जुलूस में कार्यकर्ताओं के हाथों में युद्ध विरोधी नारे लिखी तख्तियां और लाल झंडे थे। इस दौरान "युद्ध बंद करो", "पूंजीवाद-साम्राज्यवाद मुर्दाबाद" और "समाजवाद जिंदाबाद" जैसे नारे जोश के साथ लगाए गए। कबीर तिराहे पर पहुंचकर जुलूस का समापन किया गया। कार्यक्रम में हाजी कल्लू, सुरेंद्र सिंह, कामरेड त्रिमल सिंह, नरेश सिंह, जगदीश सिंह, बिमला, ओमवती, वीर सिंह, अर्जुन सिंह, जहांगीर, चांद बरसी, सुरेश सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

## ऐनाबेल सदरलैंड के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट में भारतीय टीम को 10 विकेट से दी मात

**पर्थ, वार्ता।** ऐनाबेल सदरलैंड (कुल छह विकेट और 129 रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को भारतीय टीम को दूसरी पारी में 129 रन पर ढेर करने बाद मिले 25 रनों के लक्ष्य को 4-3 ओवर में हासिल कर मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम कर लिया।

यहां भारतीय महिला टीम ने कल के छह विकेट पर 105 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में एश्ले गार्डनर ने स्नेह राणा (30) को आउट कर भारत को सातवां झटका दिया। अगले ही ओवर में अलाना किग ने काश्वी गौतम (शून्य) का शिकार कर लिया। सायली सातघरे (तीन) को भी अलाना किंग ने 48वें ओवर में आउट किया। अगले ही ओवर में एश्ले गार्डनर ने एक छोर थामे रन बना रही प्रतिका रावल को आउट कर भारत की दूसरी पारी का 149 के स्कोर पर अंत कर दिया। प्रतिका रावल ने भारतीय टीम के लिए सर्वाधिक 63 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 137 गेंदों का सामना किया और आठ चौके लगाए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 25 रनों का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया की ओर से लूसी हैमिल्टन ने तीन विकेट लिए।

ऐनाबेल सदरलैंड, अलाना किग और एश्ले गार्डनर को दो-दो विकेट मिले। डार्सी ब्राउन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में महज 4-3 ओवरों में बिना कोई विकेट गंवाए। 28 रन बनाकर मुक. ाबला अपने नाम कर लिया। जॉर्जिया वॉल (16) और फीबी लिचफील्ड (11) रन बनाकर नाबाद रही। भारतीय महिला टीम पहली पारी 198 रन बनाए।



# टेस्ट में लय नहीं बनाए रख सके : हरमनप्रीत

● **ऑस्ट्रेलिया में हर समय खेलकर बहुत खुश हूं और मुझे लगता है कि यह एक शानदार मैच था**

**पर्थ, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि हमने बहु प्रारूप सीरीज में मजबूत शुरुआत की, लेकिन वाका ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में लय बनाए नहीं रख सके और मुकाबला हार गए। टेस्ट में मिली हार के बाद कौर ने कहा कि हमने बहुत अच्छी शुरुआत की, टी-20 में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला लेकिन दुर्भाग्य से, उसके बाद, हम इसे जारी नहीं रख पाए, लेकिन मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह एक अच्छी सीरीज थी। ऑस्ट्रेलिया में हर समय खेलकर बहुत खुश हूं, और मुझे लगता है कि यह एक शानदार मुकाबला था।

उन्होंने कहा कि मल्टी-फॉर्मेट सीरीज और पिक-बॉल टेस्ट खेलना टीम के लिए एक कीमती अनुभव था। उन्होंने कहा कि यह बहुत मजेदार था, और उम्मीद है कि भविष्य में भी हमें इस तरह के टूर्नामेंट मिलते रहेंगे क्योंकि इससे आपको बहुत कॉन्फिडेंस मिलता है। टेस्ट क्रिकेट कुछ ऐसा है जिसे हम सब सच में खेलना चाहते हैं, और पिक-बॉल कुछ ऐसा था जो बहुत चुनौतीपूर्ण था और उम्मीद है कि भविष्य में भी हमें इस तरह के चैलेंज मिलेंगे। कौर ने टूर के दौरान सपोर्ट के लिए प्रशंसकों को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि और सभी इंडियन फैंस और क्रिकेट फैंस का धन्यवाद जो हमें देखने के लिए यहां आए। मुझे पता है कि आज का दिन हमारे लिए अच्छा नहीं था, लेकिन मुझे यकीन है कि भविष्य में हम उन्हें गर्व महसूस कराएंगे।

### संक्षिप्त खेल समाचार

### इंग्लैंड व द. कोरिया ने FIH हॉकी विश्व कप क्वालिफायर मुकाबले जीते

**हैदराबाद, वार्ता।** एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालिफायर 2026 के पहले दिन इंग्लैंड की महिला टीम ने रविवार को एक कड़े मुकाबले में इटली को हराया, जबकि दक्षिण कोरिया ने ऑस्ट्रिया को शिकस्त दी। यहां जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड (गाचीबोवली हॉकी कॉम्प्लेक्स) में खेले गये मुकाबले में इंग्लैंड की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटली को 5-2 तथा एक अन्य मुकाबले में दक्षिण कोरिया की महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया। इंग्लैंड के लिए ग्रेस बाल्सडन ने (12वें, 32वें), लोटी लबगहैम ने (15वें), एलिजाबेथ नील ने (16वें) और एना टोमन ने (27वें) मिनट में गोल किए, जबकि इटली के लिए इवाना पेसिना ने (19वें) और फेडेरिका कार्टा ने भी एक गोल किया। दूसरे मैच में, कोरिया के लिए सियोना किम ने (34वें) अकेली गोल करने वाली खिलाड़ी थीं।

### मंगलवार सुबह भारत से प्रस्थान करेगी विंडी और द. अफ्रीका की टीम

**कोलकाता, वार्ता।** विंडीज और दक्षिण अफ्रीका को टीमें मंगलवार की सुबह को चार्टर विमान में जोहैनेसबर्ग और वहां से वेस्टइंडीज का दल एंटीगुआ के लिए उड़ान भरेगा। दोनों टीमों को रविवार को भारत से रवाना होने की उम्मीद थी लेकिन आज अपरान्ह उन्हें नई तारीख की पुष्टि दी गई। दक्षिण अफ्रीका टीम के तीन सदस्य केशव महाराज, जॉर्ज ललडे और जेसन स्मिथ पूरे टीम प्रबंधक के साथ आज ही न्यूजीलैंड के लिए रवाना होंगे क्योंकि 15 मार्च से दक्षिण अफ्रीका को वहां पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति के कारण एयरस्पेस बंद होने या सीमित होने के चलते दोनों टीमों में नाराजगी है।

# हर जिला स्पोर्ट्स में एक्टिव हो हर बेटी कॉन्फिडेंट हो : खडसे



● **अस्मिता कार्यक्रम के तहत देशभर में 250 जगहों पर एथलेटिक्स लीग का शुभारंभ करते हुए यह बात कही**

**औरंगाबाद, वार्ता।** खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने रविवार को कहा कि समर ओलंपिक गेम्स और दूसरे मल्टी-डिसिप्लिन प्रतियोगिताओं में भारत के पदकों की संख्या में तभी सुधार हो सकता है जब स्पोर्ट्स में महिलाओं की भागीदारी कई गुना बढ़े।

तथा हर जिला स्पोर्ट्स में एक्टिव हो, हर बेटी कॉन्फिडेंट हो और फिटनेस राष्ट्रीय आदत बन जाए। श्रीमती खडसे ने आज यहां छत्रपति संभाजीनगर के गरखेड़ा में डिविजनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर (अची. विग स्पोर्ट्स माइलस्टोन बाय इंस्पायरिग विमेन थ्रू एक्शन) अस्मिता कार्यक्रम के तहत देशभर में 250 जगहों पर एथलेटिक्स लीग का शुभारंभ करते हुए यह बात कही।

इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री ने अस्मिता बैनर के तहत योग, वुशु, किकबॉक्सिग और वेटलिफ्टिग लीग का भी उद्घाटन किया, साथ ही एक साइक्लोथॉन और वॉकथॉन को भी हरी झंडी दिखाई।

खेल राज्यमंत्री कहा कि हर डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स में एक्टिव हो, हर बेटी कॉन्फिडेंट हो, और फिटनेस एक नेशनल आदत बन जाए। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया, फिट इंडिया, माय भारत और अस्मिता के जरिए हम एक मजबूत, फिट और सशक्त भारत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री के विजन के तहत, भारत का स्पोर्ट्स इकोसिस्टम लगातार अधिक समावेशी और महिला-केंद्रित बन रहा है।

# रैंडेल का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में ऐतिहासिक प्रदर्शन

● **प्रथम श्रेणी में पांच गेंदों में लगातार पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने**

न्यूजीलैंड, वार्ता। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के तेज गेंदबाज ब्रेट रैंडेल ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पांच गेंदों में लगातार पांच विकेट लेकर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। ब्रेट रैंडेल ने रविवार को यह कारनामा प्लंकेट शील्ड मैच के दूसरे दिन नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट के खिलाफ मुकाबले में किया है। इसी के साथ वह प्रथम श्रेणी में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले गें. दबाज बन गए। रैंडेल का स्पेल इतना खतरनाक रहा कि नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट ने केवल नौ के स्कोर पर ही अपने पांच विकेट गंवा दिए।

रैंडेल ने दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर हेनरी कूपर को आउट करते हुए विकेट लेने का यह सिलसिला शुरू किया। अगले ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने राउंड द विकेट से आकर जीत रावल की गिल्लियां बिखेर दीं। दूसरी गेंद पर जो कार्टर को विकेट के पीछे कैच कराते हुए उन्होंने अपनी हैट्रिक पूरी की। रॉबर्ट ओ 'डॉनेल ने अगली गेंद पर स्लिप में कैच थमाया। क्रिस्टियन क्लार्क ने अगली गेंद पर ऑफ स्टंप के बाहर बल्ला चलाया और गेंद अंदरुनी किनारा लेकर स्टंप में जा लगी। इस समय रैंडेल के गेंदबाजी आंकड़े 2-4-1-2-5 थे जिस पर भरोसा कर पाना बेहद मुश्किल था। थोड़ी ही देर बाद वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में आठ गेंदों में छह विकेट लेने वाले भी पहले गेंदबाज बने थे। अपनी उपलब्धि पर रैंडेल ने कहा कि मैं भरोसा नहीं कर पा रहा हूं। यह ऐसा लम्हा था जब मुझे लगा कि कोई आकर मुझे पिच करे। मैं एकाग्र रहकर गेंद को एक ही जगह गिराने की कोशिश कर रहा था और हैट्रिक के बाद भी मैंने वही करना जारी रखा। मुझे इसका बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि यह पहली बार हुआ 'प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पांच गेंदों में पांच विकेट'। मेरे पास फिलहाल शब्द नहीं हैं। मैं ईमानदारी से कहूं तो मजा आया। रैंडेल को सात विकेट लेने के लिए केवल 3-5 ओवर ही लगे। उन्होंने 11 ओवर में 25 देकर सात विकेट झटक कर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट की टीम केवल 82 के स्कोर पर ढेर हो गई।

# मेली केर सात विकेट लेकर तोड़ा रिकॉर्ड

● **न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और जिम्बाब्वे को मात्र 102 रनों पर समेट दिया**



**डुनेडिन, वार्ता।** मेली केर (34 रन देकर सात विकेट) के ऐतिहासिक गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में दूसरे एकदिवसीय मैच में जिम्बाब्वे को आठ विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ केर ने जैकी लॉर्ड के 44 साल पुराने रिकार्ड को भी तोड़ दिया। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। केर ने 34 रन देकर सात विकेट झटके और जिम्बाब्वे को मात्र 102 रन पर समेट दिया, जिससे जैकी लॉर्ड का 44 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। लॉर्ड ने आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 1982 में भारत के खिलाफ 6/10 का रिकॉर्ड बनाया था, जो इससे पहले एकदिवसीय में न्यूजीलैंड की किसी महिला का सबसे अच्छा गेंदबाजी प्रदर्शन था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार यह महिला एकदिवसीय में सात विकेट लेने का सातवां मौका था।

केर इस उपलब्धि के साथ पाकिस्तान की साजिदा शाह, इंग्लैंड की जो चेम्बरलेन, वेस्ट इंडीज की अनीसा मोहम्मद और ऑस्ट्रेलियाई तिकड़ी अलाना किंग, एलिस पेरी और शेली नित्स्के की सूची में शामिल हो गईं। इससे पहले, मॉली पेनफोल्ड ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे जिम्बाब्वे का शीर्ष क्रम ध्वस्त हो गया और मेहमान टीम 48 रन पर तीन विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी। इसके बाद केर ने आक्रमण की जिम्मेदारी को संभाला और सी धुरुरू को बोल्ड करके टीम को गिराना शुरू किया। उन्होंने मोडेस्टर मुपाचिकवा, क्रिस्टाबेल चैटोंजवा, एडेल जिम. ुनु, न्याशा ग्वानजुरा, ऑड्रे माज. विशाया और तेंदई मकुशा को जल्दी-जल्दी आउट किया, जिससे मेजबान टीम ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। केर ने बल्ले से भी अहम योगदान दिया, लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने सबसे अधिक 45 रन बनाए, जिससे न्यूजीलैंड ने आराम से आठ विकेट से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड की महिला टीम ने तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।



● **टी-20 विश्व कप फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार शॉट लगाते ईशान किशन ईशान ने 25 गेदों में 54 रन बनाए**



● **न्यूजीलैंड का विकेट गिरने पर खुशी मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी**

# वैष्णवी अदकर ने जीता ITFW-35 कलबुर्गी का खिताब

● **वैष्णवी अदकर ने फाइनल में हमवतन अंकिता रैना को 7-6(3), 6-4 से हराकर खिताब अपने नाम किया**



**कलबुर्गी, वार्ता।** भारत की वैष्णवी अदकर ने रविवार को फाइनल में हमवतन अंकिता रैना को 7-6(3), 6-4 से हराकर आईटीएफ डब्ल्यू 35 कलबुर्गी का एकल खिताब अपने नाम किया। यहां खिताबी मुकाबले में तीसरी सीड अदकर ने मैच की जबरदस्त शुरुआत की, दोनों विग से क्लीन विनर लगाकर शुरुआती गेम में दो ब्रेक पॉइंट हासिल किए, फिर रैना की एक गलती से सर्व ब्रेक करवाया।

उसने शुरुआती बढ़त को मजबूत करते हुए एक आरामदायक पकड़ बनाकर 2-0 की बढ़त बना ली। रैना ने धीरे-धीरे अपनी लय पकड़ी, कोर्ट की चौड़ाई का अच्छा इस्तेमाल करके सर्व होल्ड किया और फिर अदकर की एक गलती का फ़ायदा उठाकर ब्रेक बैक किया और स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। जैसे ही अदकर ने कोर्ट में कदम रखा, मोमेंटम बदलता रहा और उन्होंने एग्रे. सिव रिटर्न मारकर फिर से ब्रेक करके 3-2 की लीड ले ली, लेकिन रैना ने भी अपने अटैकिग रिटर्न से जवाब देकर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। दोनों खिलाड़ियों ने कई कड़े गेम खेले, जिसमें अदकर ने ड्रॉप शॉट लगाकर रैना की रिदम बिगाड़ी। सेट तब तक कड़ा रहा जब तक अदकर ने ब्रेक करके 5-4 की लीड नहीं ले ली, लेकिन रैना ने तुरंत ही मजबूत फोरहैंड से वापसी करते हुए मुकाबला टाई-ब्रेक में पहुंचा दिया। ब्रेकर में, रैना की लगातार गलतियों की वजह से अदकर ने 3-0 की लीड ले ली, फिर कॉन्फिडेंट शॉट मारकर अपनी बढ़त 5-1 कर ली।

हालांकि रैना ने अंतर 6-3 कर दिया, लेकिन अदकर ने एक मजबूत सर्व के साथ सेट 7-6(3) से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट की शुरुआत में मोमेंटम में और उतार-चढ़ाव आया क्योंकि रैना ने शुरुआती गेम में ब्रेक किया, लेकिन अदकर ने सीधे वापस ब्रेक किया। अदकर की गलतियों के बाद रैना फिर से आगे निकल गईं, लेकिन यह लीड ज्यादा देर तक नहीं टिकी क्योंकि अदकर ने एक बार फिर ब्रेक किया और कंट्रोल करने के लिए सर्व बनाए रखा। अदकर के बैकहैंड रिटर्न छठे गेम में अहम साबित हुए, जब उन्होंने रैना की सर्विस तोड़ी और 4-2 से आगे हो गईं। रैना ने आक्रामक रिटर्न करके वापसी की और मुकाबले में बने रहे, लेकिन आखिरी समय में अडकर ने अपनी पकड़ बनाए रखी। उन्होंने 5-4 तक सर्विस बनाए रखी और फिर रैना की कुछ गलतियों का फायदा उठाकर अगले गेम में तीन ब्रेक पॉइंट हासिल किए।

# मिलिंद सोमन, रागिनी द्विवेदी, सिमरन शर्मा, नंदिनी अगासरा ने लिया फिट इंडिया कार्निवल में हिस्सा

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज ली ताहुहू ने 15 साल के करियर के बाद एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट वेबसाइट के अनुसार 2011 में ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 साल की उम्र में एकदिवसीय क्रिकेट में पर्दापण करने वाली ताहुहू ने 103 एकदिवसीय मैच में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने सफेद गेंद प्रारूप में 125 विकेट लिए हैं, जो इस फॉर्मेट में किसी गें. दबाज द्वारा लिए गए सबसे अधिक विकेट हैं। ताहुहू उन 12 खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने न्यूजीलैंड की महिला टीम के लिए 100 से अधिक एकदिवसीय मैच खेले हैं और आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के चार एडिशन का हिस्सा रही हैं। 2023 में महिला एकदिवसीय टीम ऑफ द ईयर चुनी गई ताहुहू ने कहा कि अब 50 ओवर के प्रारुप से दूर जाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड की शर्ट पहनना हमेशा से मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात रही है।

एक गेम खेलना एक कमाल का एहसास था। एकदिवसीय क्रिकेट में 100 से अधिक बार शर्ट पहनना और अपने देश और अपने परिवार को रिप्रेजेंट करना, ऐसा कुछ है जिसके बारे में मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। मैं हर पल को संजो कर रखूंगी और वनडे गेम से इस फॉर्मेट में जो कुछ भी हासिल कर पाई हूं, उस पर बहुत गर्व के साथ जाऊंगी। न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने टीम में उनके शानदार योगदान और एकदिवसीय क्रिकेट में उनके शानदार रिकॉर्ड के लिए ताहुहू की तारीफ की। सॉयर ने कहा कि अपने देश की ऑल-टाइम लीडिग विकेट-टेकर के तौर पर एक फॉर्मेट से हटना एक ऐसी अचीवमेंट है जिस पर ली को बहुत गर्व होना चाहिए। ली ने एकदिवसीय गेम की ऊंचाइयों को छुआ है और न्यूजीलैंड के लिए फॉर्मेट में गेंदबाजी के नए मानक तय किए हैं। ताहुहू टी-20 प्रारुप में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करती रहेंगी।

# पेड़ गिरने पर बढ़ा विवाद, मजदूर पर दरांती से हमला, नाक पर गंभीर चोट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के गांव जेतिया फिरोजपुर में रविवार सुबह पॉप्लर के पेड़ काटने के दौरान हुए विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। कहासुनी के बाद मजदूर पर दरांती से हमला कर दिया गया, जिससे उसकी नाक पर गहरी चोट लग गई। घायल को उपचार के लिए कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बीरपुर निवासी इस्माईल पुत्र कलुआ, शकील पुत्र पीरू समेत करीब पांच मजदूर रविवार सुबह करीब 11 बजे जेतिया फिरोजपुर गांव में पॉप्लर के पेड़ काटने के लिए पहुंचे थे। बताया गया कि गांव निवासी ऋषिपाल ने अपने खेत में खड़े पॉप्लर के पेड़ अकरम नाम के ठेकेदार को बेच दिए थे। ठेकेदार ने पेड़ों की कटाई के लिए मजदूरों को मजदूरी पर भेजा था। पेड़ काटते समय एक पेड़ पास के दूसरे खेत में गिर गया। इसी बात को लेकर खेत मालिक और मजदूरों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो कुछ ही देर में विवाद में बदल गई। आरोप है कि इसी दौरान ऋषिपाल और उसके पुत्र ने मजदूरों पर दरांती से हमला कर दिया। हमले में इस्माईल की नाक पर दरांती लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया और काफी खून बहने लगा। घटना के बाद साथ मौजूद अन्य मजदूरों ने घायल इस्माईल को तुरंत कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया। मामले की शिकायत पुलिस से कर कार्रवाई की मांग की है।



## ब्राह्मण शक्ति संघ के नेताओं को पुलिस ने किया नजरबंद

**चन्दौसी।** रविवार को नगर में ब्राह्मण शक्ति संघ के नेताओं को स्थानीय प्रशासन द्वारा नजरबंद कर दिया गया। सुबह करीब पांच बजे से ही सीतारोड पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा के गणेश कॉलोनी स्थित आवास पर पहुंच गए और घर के बाहर पहरा बैठा दिया, जिससे वह दिल्ली कूच के लिए रवाना न हो सकें। बताया जाता है कि ब्राह्मण शक्ति संघ के पदाधिकारी यूजीसी के कथित काले कानून के विरोध में दिल्ली कूच की तैयारी कर रहे थे। पुलिस की निगरानी के बीच संगठन के पदाधिकारियों ने अपने आवास के बाहर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। लगभग आधे घंटे तक सवर्ण समाज के लोगों ने कानून के विरोध में नारे लगाए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने कहा कि सवर्ण समाज को कई मामलों में एससी-एसटी एक्ट में फंसाया जा रहा है और आरक्षण के कारण उनके अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से सवर्ण समाज की स्थिति पर विचार करने की मांग की। साथ ही कहा कि सवर्ण समाज अपनी वोट की ताकत से नेतृत्व को आगे भी बढ़ा सकता है और हटाना भी जानता है। ब्राह्मण शक्ति संघ ने इस दौरान काले कानून का विरोध जताते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



**मुरादाबाद।** थाना मझोला पुलिस ने मारपीट के बाद युवक की मौत के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 2 मार्च को थाना मझोला क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया था कि कुछ लोगों ने उसके छोटे भाई के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल मुरादाबाद में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। तहरीर के आधार पर थाना मझोला में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी।इसी क्रम में मझोला पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में रितिक कुमार और अंकित कुमार पुत्र अंजू उर्फ संजू निवासी भोला सिंह की मिलक एमडीए क्वार्टर थाना मझोला शामिल हैं, जिनका स्थायी पता डिलारी खास चौराहे के पास थाना डिलारी बताया गया है। तीसरा आरोपी विनीत कुमार पुत्र कल्लू निवासी बी-ब्लॉक काशीराम नगर थाना मझोला है, जिसका स्थायी पता थाना हसमोली जनपद संभल क्षेत्र में बताया गया है।पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। थाना मझोला पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### सामाजिक संस्था के द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में महिला मरीजों को वितरित किए गए फल



**मुरादाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला महिला अस्पताल में समाजसेवी संस्था द्वारा महिला मरीजों के बीच फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती महिलाओं को फल बांटकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई और उन्हें सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम के दौरान जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. रणवीर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने संस्था के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि मरीजों के इलाज के साथ-साथ उन्हें भावनात्मक सहयोग और सकारात्मक माहौल मिलना भी बेहद आवश्यक है। ऐसे सामाजिक प्रयास मरीजों में आत्मविश्वास और उत्साह बढ़ाने का काम करते हैं।इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी और सदस्य अस्पताल के विभिन्न वार्डों में पहुंचे और भर्ती महिला मरीजों को फल वितरित किए। फल मिलने पर मरीजों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। संस्था के सदस्यों ने मरीजों का हालचाल भी जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि उनकी संस्था हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर जिला महिला अस्पताल में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करती है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं की सहायता करना और समाज में सेवा भाव को बढ़ावा देना है।कार्यक्रम के दौरान अस्पताल का स्टाफ और संस्था के कई सदस्य भी मौजूद रहे। महिला दिवस के इस आयोजन के माध्यम से सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का संदेश दिया गया।

## बायोगैस प्लांट लगने से गांवों में रोजगार बढ़ेगा और किसानों की आय में होगी वृद्धि

**कांठ( शाह टाइम्स )** गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में गोसंरक्षण को अब आधुनिक तकनीक और स्टार्टअप से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस दिशा में एक नई परियोजना शुरू की जा रही है, जिसके तहत प्रदेश की 300 गोशालाओं में बायोगैस प्लांट लगाए जाएंगे। इन प्लांटों के माध्यम से गोबर और गोमूत्र से स्वच्छ ऊर्जा, जैविक खाद और अन्य उपयोगी उत्पाद तैयार किए जाएंगे। इस मिशन का नेतृत्व आईआईटी खड़गपुर के पूर्व छात्र यशराज गुप्ता करेंगे। यशराज ने एक बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी की करीब दो करोड़ रुपये सालाना पैकेज वाली नौकरी छोड़कर गोसंरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े इस काम को चुना है। परियोजना की शुरुआत जालौन जिले से की जाएगी और सफल होने पर इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा।गुप्ता ने बताया कि गोशालाओं में लगाए जाने वाले बायोगैस प्लांट से जैविक खाद, बायो-सीएनजी और बिजली का उत्पादन भी होगा। इसके साथ ही पंचगव्य से बनने वाले उत्पादों के औद्योगिक उपयोग पर प्रशिक्षण दिया जाएगा और उनकी ब्रांडिंग व बाजार में बिक्री की संभावनाओं पर भी काम होगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से गोआश्रय स्थल केवल पशुधन संरक्षण तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि ऊर्जा और जैविक खाद उत्पादन के केंद्र बनेंगे। इससे गांवों में रोजगार बढ़ेगा और किसानों की आय में भी वृद्धि होगी।



## सोशल मीडिया पर हाथ में तमन्चा का फोटो सोशल मीडिया में वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** सोशल मीडिया में एक युवक की इंस्टाग्राम आईडी पर हाथ में देशी तमन्चा लगा फोटो खूब वायरल हो रहा है। युवक ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर हाथ में देशी तमन्चा लगा फोटो के साथ गाना लगाकर शेयर कर दिया। स्टेटस पर लगा फोटो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है।

सोशल मीडिया में वायरल यह फोटो कुढफतेहगढ थाना क्षेत्र के एक गांव का बताया जा रहा है।

## ज्ञानेंद्र गांधी बने प्रदेश उप प्रधान और रमेश आर्य बने अंतरंग सदस्य



**मुरादाबाद।** आज आर्य प्रतिनिधि सभा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की अंतरंग सभा की बैठक 5मीराबाई मार्ग, लखनऊ में आयोजित हुई।जिसमें समस्त उत्तर प्रदेश की आर्य समाजो के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में मुरादाबाद के वरिष्ठ समाजसेवी ज्ञानेंद्र गांधी को वरिष्ठ उप प्रधान और रमेश आर्य को अंतरंग सदस्य बनाने की घोषणा हुई।

ज्ञानेंद्र गांधी को बैठक में वरिष्ठ उपप्रधान के नाते मंच पर स्थान दिया गया। जनपद मुरादाबाद के आर्य समाज के पदाधिकारियों ने दोनों को हार्दिक बधाई देते हुए खुशी व्यक्त की है।

## महिला दिवस पर व्यापार मंडल ने किया वैध वर्णिका को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा शाहबाद रोड स्थित कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया जिसमें समाज और देश के लिए महिला शक्ति के महत्व पर चर्चा की गई। व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि महिलाओं के बिना समाज अधूरा है आज के हाईटेक युग में महिलाएं भी हाईटेक बन चुकी हैं जो थल सेना, वायु सेना, रेल, बस, आईटी, चिकित्सा, शिक्षा राजनीति के आदि सभी क्षेत्रों में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज करवा रही हैं। देश की राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू,उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, दिल्ली की मुख्यमंत्री और रेखा गुप्ता, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती सशक्त नाम हैं। इंदिरा गांधी भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री तो सुचेता कृपलानी उत्तर प्रदेश की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं। प्रतिभा पाटिल देश की पहली महिला राष्ट्रपति रहीं। किरण बेदी पहली आईपीएस अधिकारी बनीं। जिन्होंने मातृशक्ति का सर सम्मान से ऊंचा उठाया। व्यापार मंडल की महिला इकाई की नगर अध्यक्ष विनीता रस्तोगी ने कहा कि व्यापारिक क्षेत्र में भी महिलाएं सशक्त भागीदारी कर रही हैं। बैठक के दौरान राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की चिकित्सा अधिकारी वैद्य वर्णिका को व्यापार मंडल द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया, ग्रामीण अंचल में उनके द्वारा रोगियों की सेवा करने की सराहना की गई। बैठक में सभी ने संकल्प दो. हराया कि बेटियों को और सशक्त बनाने के लिए शिक्षा प्रशिक्षण के क्षेत्र में और आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में शगुन जैन, विनीता रस्तोगी, चारू जैन, सुरेंद्र कुमार चुग, सुधीर अग्रवाल, दुष्यंत चौहान, सलीम अहमद, मुन्ना बैटरी, अरिहंत जैन, नितिन डुडेजा आदि शामिल रहे।



## जाट महासभा के होली मिलन में एकता और सौहार्द बढ़ाने के साथ बेटियों को आगे बढ़ाने का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** अखिल उत्तर प्रदेश जाट महासभा के तत्वावधान में स्योंडारा रोड स्थित शुभम राठी के फार्म हाउस पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आपसी प्रेम, एकता और सौहार्द मजबूती का संदेश दिया गया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चर्चा करते हुए बेटियों को आगे बढ़ाने और उन्हें शिक्षा व समाज में बराबरी का अवसर देने का संकल्प भी दोहराया गया। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रवक्ता चौधरी राम सिंह ने की, जबकि संचालन सरजू सिंह और सुनील लाठर ने संयुक्त रूप से किया। वक्ताओं ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार ही नहीं, बल्कि आपसी गिले-शिकवे मिटाकर भाईचारे को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने के लिए ऐसे आयोजन जरुरी हैं। समारोह के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर सभी वक्ताओं ने शुभम राठी की सराहना की। कार्यक्रम में जाट महासभा के तहसील अध्यक्ष चौधरी राजवीर सिंह, चंद्रविजय सिंह, विनीत चौधरी, आशु बालियान, भयराज सिंह, रिटायर दारोगा राजपाल सिंह, खिलेंद्र सिंह, गन्ना समिति के सभापति विजयपाल सिंह, हरपाल सिंह मलिक, नोमान जमाल, पुष्पेंद्र सिंह, ललित चौधरी, सुमित कुमार, ऋषभ चौधरी, सरजू सिंह, अमित काजला, जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर सत्यवीर सिंह, अर्जुन सिरोही, संजीव कुमार, अखिलेश सिरोही, मनोज सिरोही, चौधरी भयराज सिंह, श्यामवीर सिंह, उदयपाल सिंह, अनिल चौधरी, पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह और चौधरी नरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और समाज में एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।



## जमात ए इस्लामी हिंद ने कराया इफ्तार राशन किट का वितरण



कांठ(शाह टाइम्स)। जमात ए इस्लामी हिंद कांठ शाखा की और से आज गुड़ मण्डी में हर वर्ष की तरह इस बार भी बैतूल माल की तरफ से इफ्तार राशन किट का वितरण 12 गरीब परिवारों को किया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह की मदद से गरीब लोगों को काफी राहत महसूस होती है उन्होंने दूसरे लोगों से भी इस तरह के कार्यक्रम रमजान के महीने में चलाए जाने का आह्वान किया। इस मौके पर अमीर मुकामी जहांगीर अहमद, अब्दुल कय्यूम,यूसुफ सलीम,रिजवान अहमद,सलीम अहमद, मोहम्मद मीर, मशकूर अहमद,खुर्शीद अंसारी आदि मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पंचायत भवन में आयोजित हुआ कार्यक्रम, छात्राओं को किया गया सम्मानित

**मुरादाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सिविल लाइंस स्थित पंचायत भवन सभागार में रविवार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्राओं, महिलाओं और अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर बेटियों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी मिनाली अविनाश जोशी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की प्रमुख अल्पना रितेश गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल और क्षेत्राधिकारी सिटी सुनीता दहिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने महिलाओं की शिक्षा और उनके सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। छात्राओं ने नृत्य, गीत और नाटिका के माध्यम से नारी शक्ति, शिक्षा और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। उनकी शानदार प्रस्तुतियों पर सभागार तालियों की गूंज से गूंज उठा।इस दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। साथ ही इन योजनाओं से लाभान्वित छात्राओं को मंच पर बुलाकर चेक और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने पर छात्राओं ने खुशी जाहिर की और आयोजकों का आभार व्यक्त किया।अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा और आत्मनिर्भरता समाज की प्रगति के लिए बेहद आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं और समाज में सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं और उपस्थित लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## नगर विधायक रितेश गुप्ता का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**मुरादाबाद।** नगर विधायक रितेश गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर गांधी नगर स्थित उनके कार्यालय पर रविवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर विधायक को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में डीजे की धुन पर केक सेरेमनी आयोजित की गई और समर्थकों ने उत्साह के साथ जश्न मनाया। समारोह के दौरान युवाओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर नृत्य किया। समर्थकों ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण तलवार से केक काटने की विशेष रस्म रही, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इसके बाद उपस्थित लोगों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। विधायक कार्यालय पर दिनभर समर्थकों के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला समर्थक भी शामिल हुई और उन्होंने भी विधायक को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समर्थकों ने विधायक रितेश गुप्ता के नेतृत्व और क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रति अपना समर्थन जताया।इस अवसर पर मौजूद कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एकजुट होकर आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में दोबारा से रितेश गुप्ता को विधायक बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान समर्थकों ने 'रितेश गुप्ता जिंदाबाद' के नारे लगाए और उनके मंत्री बनने की कामना भी व्यक्त की।पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। समर्थकों ने फूलमालाओं से विधायक का स्वागत किया और उनके साथ केक काटकर जन्मदिन का जश्न मनाया। कार्यक्रम देर तक चलता रहा और सभी ने मिलकर इस अवसर को यादगार बना दिया।



## भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान में संगठन विस्तार व बूथ प्रबंधन पर दिया गया जोर

**चन्दौसी।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत चन्दौसी नगर मंडल द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने संगठन के विस्तार के बारे में जानकारी दी और कहा कि भाजपा के संगठन की मजबूती का कारण सबका साथ सबका विकास और विश्वास है जो कि सभी को एक डोर में बांधे रखता है। क्षेत्रीय संयोजक साहित्य एवं प्रचार सामग्री विभाग भुवनेश राघव ने बूथ प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष और उसकी समिति के सदस्य भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है क्योंकि अगर बूथ मजबूत होगा तो हम चुनाव आसानी से जीत सकते है पार्टी प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को मन की बात का कार्यक्रम का आयोजन करती है जिसमे देश के प्रधानमंत्री द्वारा देश की उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी ने सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया कि सरकार द्वारा देश मे लाभकारी योजनाएं चला रखी है जिससे आज देश के नागरिक लाभान्वित हो रहे है चाहे वो आयुष्मान योजना, आवास योजना, उज्जवला योजना, सुमंगला योजना, लखपति दीदी, मुद्रा योजना आदि है। जिला संयोजक सनी चौधरी ने सोशल मीडिया के बारे में जानकारी दी की आज का युग सोशल मीडिया का युग है जिससे समय समय पर देश मे हो रही गतिविधियों की जानकारी प्रदान करती है उन्होंने एआई के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह चौधरी, परमेश्वरलाल सैनी, अंकित जैन, नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, गिरीश रतन, मंजू दिलेर, चंद्रपाल सिंह, मनोज कठेरिया, शरद शर्मा, अभिनव शर्मा, डॉ टी.एस. पाल, तरुण नीरज, शुभम अग्रवाल, देवेंद्र गुप्ता, ज्ञानप्रकाश शर्मा, खुशीराम मौर्य, अंकुल देव, आकाश आहूजा, अमित अग्रवाल, राखी सिरोही, विनोद कुमार, राजेश पाल, शीला सागर, आशा गोस्वामी, प्रतिभा चौधरी, किरण शर्मा, मोक्षिका शर्मा, राजकुमार ठाकरे, यश मदान, दिग्विजय सिंह, मोरमुकुट वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

## युवक पर हमला, पिता-पुत्र गंभीर घायल

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के गांव तखतपुर में रविवार सुबह युवक को रास्ते में घेरकर धारदार हथियारों से हमला कर दिया गया। हमले में युवक और उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने पांच लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम तखतपुर निवासी धर्मपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार सुबह करीब 11:30 बजे उनका पुत्र सेनकी किसी काम से गांव के चौराहे से घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में संजीव के घर के सामने गांव के ही नेमवीर पुत्र वीर सहाय, अजय उर्फ बंटू पुत्र मुनेश, अनुभव उर्फ अभिषेक पुत्र देवेंद्र सिंह, रजत पुत्र अर्जुन और रवि पुत्र अर्जुन सिंह ने उसे घेर लिया। आरोपियों ने धारदार हथियारों से हमला करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर धर्मपाल और उनका भाई वीरपाल मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। हमले में सेनकी और वीरपाल को गंभीर चोटें आईं। परिजनों का कहना है कि गांव के लोगों की मदद से दोनों की जान बच सकी, वरना आरोपी उन्हें जान से मार देते। आरोप है कि हमलावर जाते समय पीड़ित के 38 हजार रुपये और मोबाइल फोन भी छीन ले गए।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 9 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ममता का धरना

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एसआईआर के बाद मतदाता सूची में कथित मनमानी तरीके से नाम हटाए जाने के विरोध में चल रहा धरना रविवार को तीसरे दिन में प्रवेश कर गया, जिसमें टीएमसी सुप्रीमो ने भाजपा पर वैध मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने के लिए लुप्त आयोग का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उनकी यह टिप्पणी ऐसे दिन आई है जब राज्य विधानसभा चुनावों से पहले चुनावी तैयारियों की समीक्षा करने के लिए चुनाव आयोग की पूरी पीठ कोलकाता पहुंचने वाली है। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि देश अपनी लोकतांत्रिक नींव पर अभूतपूर्व और प्रत्यक्ष हमले का सामना कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, अपने एक राष्ट्र, एक नेता, एक पार्टी के उन्माद में, भाजपा ने अपने जनविरोधी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और हर संवैधानिक पद का व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग किया है। बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा का अंतिम लक्ष्य बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान को अपने पार्टी घोषणापत्र से प्रतिस्थापित करना है। टीएमसी सुप्रीमो ने आरोप लगाया, सालों से वे बंगाल के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों, राष्ट्रीय आयोगों, चाटुकार गोदी मीडिया और न्यायपालिका के एक आज्ञाकारी वर्ग को लगा रहे हैं। वे वैध मतदाताओं को मतदाता सूची से मिटाने के लिए लुप्त आयोग का दुरुपयोग कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने भाजपा नेतृत्व को दिल्ली के जमींदार बताया और दावा किया कि वे बंगाल को अपने अधीन करने के अपने मिशन में कभी सफल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि धर्मातला में हमारा धरना उन सभी बांग्ला-विरोधी एजेंडों का जवाब है जो इस राज्य के लोगों को अपमानित करने, डराने-धमकाने और सताने की कोशिश करते हैं। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को लेकर बढ़ते विवाद के बीच आई है, जिसके बारे में टीएमसी का दावा है कि इससे बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। 28 फरवरी को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल नवंबर में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद से लगभग 63.66 लाख नाम- मतदाताओं के लगभग 8.3 प्रतिशत-हटा दिए गए हैं, जिससे मतदाता आधार लगभग 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ से थोड़ा अधिक रह गया है। इसके अतिरिक्त, 60.06 लाख से अधिक मतदाताओं को न्यायिक जांच के अधीन श्रेणी में रखा गया है, जिसका अर्थ है कि आने वाले हफ्तों में कानूनी जांच के माध्यम से उनकी पात्रता निर्धारित की जाएगी, एक ऐसी प्रक्रिया जो निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर चुनावी समीकरणों को और अधिक रूप दे सकती है। सुश्री बनर्जी ने दावा किया कि जहां भाजपा की एकमात्र प्राथमिकता सत्ता है, वहीं उनकी प्राथमिकता हमेशा से जनता रही है।

## गरीबों को शर्मिंदा किया जाता है



वह गरीबों तथा अमीरों को मिलने वाली मुफ्त सरकारी सुविधाओं के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इस बारे में विचार करते समय ईमानदारी बहुत जरूरी है, गरीबों को दी जाने वाली सरकारी सुविधा का मजाक उड़ाया जाता है, जबकि अमीर लोगों को दी जाने वाली सुविधा को सम्मान बताया जाता है, जब गरीबों को जीवनयापन के लिए सब्सिडी मिलती है, तो इसे रेवड़ी और मुफ्त सुविधाएं कहा जाता है, जब अडानी और अंबानी को कौड़ियों के भाव जमीन, कर छूट और करोड़ों के ऋण माफ किए जाते हैं, तो इसे विकास कहा जाता है, गरीबों को शर्मिंदा किया जाता है, शक्तिशाली लोगों का गुणगान किया जाता है, मैं मुफ्त सुविधाओं के बारे में बातचीत के लिए तैयार हूं, लेकिन आइए ईमानदारी से दोनों पक्षों पर विचार करें।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# विश्व में शांति का ठेका और नोबल शांति पुरस्कार की इच्छा



तनवीर जाफरी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जिद, सनक और हठधर्मी ने इस समय लगभग पूरी दुनिया को एक खतरनाक युद्ध में झोंक दिया है। अमेरिका व इस्राईल द्वारा अकारण ईरान पर थोपा गया एक ऐसा युद्ध जिसके अंजाम को लेकर विश्व के बड़े बड़े सामरिक विशेषज्ञ भी कोई भविष्यवाणी कर पाने में असमर्थ हैं। ईरान, इस्राईल और अमेरिका के बीच चल रहे इस युद्ध की लपटें फिलहाल मध्य पूर्व से भी आगे तक फैल चुकी हैं। लगभग 20 से अधिक देश इस युद्ध से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो चुके हैं। गत 28 फरवरी से शुरू हुए इस युद्ध में अब तक हजारों निर्दोष लोगों की मौतें हो चुकी हैं। इसी युद्ध के परिणाम स्वरूप जहां ईरान ने अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई को खो दिया है वहीं युद्ध छिड़ने के पहले ही दिन यानी 28 फरवरी की सुबह को ही ईरान के दक्षिणी शहर मिनाब में अमेरिका और इस्राईल ने शाजारे तैय्यबह गर्ल्स प्राइमरी स्कूल पर उस वक्त हमला किया जब बच्चियां अपने अपने क्लास में पढ़ रही थीं। इस हमले में 175 तक छात्राएं मारी गईं जिनमें अधिकांश की उम्र 7-12 साल की थी। स्कूल का दो मंजिला भवन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ईरान पर थोपा गया यह युद्ध किसी न किसी रूप में कुवैत इराक, बहरीन, सऊदी अरब, यूएई, ओमान, कतर, जॉर्डन, तुर्की, अजरबैजान, साइप्रस व यमन तक पहुंच गया है। यहां तक कि भारत-लंका के समुद्रीय क्षेत्र में भी अमेरिकी पनडुब्बी ने समुद्री हमला कर भारत में अतिथि के रूप में आए ईरान के एक नेवल जहाज को डुबो दिया है। अमेरिका-इस्राईल की इन सैन्य कार्रवाइयों से जहां पूरे विश्व की ऊर्जा जरूरतों के प्रभावित होने की संभावना है वहीं बढ़ते तेल संकट और विभिन्न हवाई क्षेत्र बंद होने से भी इस युद्ध का वैश्विक प्रभाव पड़ा है।

पूरे विश्व में दिनोंदिन फैलती जा रही इस अशांति के सबसे बड़े जिम्मेदार केवल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप उनकी हठधर्मिता उनकी सनक व जिद को माना जा रहा है। जी हां, यह वही ट्रंप हैं जो अपने आप को स्वयंभू विश्व शांति दूत समझते हैं और विश्व का सबसे प्रतिष्ठित समझा जाने वाला नोबल शांति पुरस्कार पाने हेतु हमेशा लालायित नजर आते रहे हैं। उन्होंने समय समय पर न केवल नोबल शांति पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा कई बार सार्वजनिक रूप से व्यक्त की है बल्कि इसके लिए सक्रिय रूप से प्रयास भी किए हैं। वे स्वयं को इस पुरस्कार के योग्य समझते हुए कहते भी रहे है कि मैं इसका हकदार हूं ट्रंप ने तो 2017-2021 के अपने पहले कार्यकाल से ही नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा जतानी शुरू कर दी थी। जोकि उनका दूसरा कार्यकाल आते आते 2025 में और अधिक तीव्र हो गई। अपने इस दावे के पक्ष में वे अपने शासनकाल की अमेरिकी विदेश नीति के फैसलों को पेश किया करते थे। हालांकि ट्रंप कई अवसरों पर यह भी कह चुके हैं कि वे नोबल शांति पुरस्कार के हकदार तो जरूर हैं परन्तु उन्हें लगता है कि इस पुरस्कार का निर्णय करने वाली नॉर्वेजियन नोबल कमेटी यह पुरस्कार उन्हें कभी नहीं देगी, जबकि 2025 में तो ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र की सभा में यह कहा था कि ष्हर कोई कहता है कि मुझे नोबल शांति पुरस्कार मिलना ही चाहिए।

हद तो यह है कि ट्रंप ने इस पुरस्कार के लिए इस तरह की बातें कीं यहां तक कि अपने असहज करने वाले बयानों से नोबल कमेटी पर इसके लिए दबाव बढ़ाने की कोशिश की जो नोबेल शांति पुरस्कार के इतिहास में इसके पहले किसी भी दावेदार द्वारा नहीं की गई। उदाहरण के तौर पर एक बार उन्होंने अमेरिकी सैनिकों से बातचीत के दौरान कहा कि वे (नॉर्वेजियन नोबेल कमिटी) इसे किसी ऐसे व्यक्ति को देंगे जिसने कुछ नहीं किया, लेकिन मुझे नहीं देंगे, जबकि मैं इसके योग्य हूं। इसके अलावा ट्रंप ने नॉर्वे के वित्त मंत्री जेन्स स्टोल्टेनबर्ग जोकि पूर्व नाटो प्रमुख भी हैं, को फोन कर यह पुरस्कार हासिल करने के लिए लॉबिंग की। उन्होंने 2025 में इस्राईली बंधकों के परिवारों से भी उन्हें पुरस्कार देने की अपील कराई। ट्रंप को इस्राईली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू व पाकिस्तान द्वारा इस पुरस्कार हेतु नामांकन भी कराया गया।

ट्रंप स्वयं को विश्व शांतिदूत इसलिए समझते थे कि उनका दवा था कि उन्होंने विश्व में 8 युद्ध समाप्त किए। इन दावों के समर्थन वे इस्राईल और हमास के बीच गजा युद्ध में सीज फायर डील, रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की कोशिशें, इस्राईल -ईरान, भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, और अजरबैजान-अल्बानिया के बीच संघर्ष रुकवाने जैसे दावे करते रहे हैं। हालांकि इनमें से कई दावे हास्यास्पद भी हैं, क्योंकि इनमें से कई जगह या तो युद्ध अभी भी जारी हैं या फिर इनमें अमेरिका (ट्रंप) की कोई निर्णायक भूमिका नहीं थी। या फिर कुछ देश श्ट्रंप हस्तक्षेप या मध्यस्थता मानने को तैयार नहीं। दूसरी तरफ आंकड़े यह बताते है कि इसी स्वयंभू शांतिदूत के कार्यकाल में 2017 में अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों से इराक, सीरिया, अफगानिस्तान और यमन में 499 नागरिकों की मौत हुई। इन्हीं के कार्यकाल में अफगानिस्तान में युद्ध ने 2,463 अमेरिकी सैनिकों और नागरिकों की जान ली। इसी तरह ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में 2025-2026 के दौरान ईरान और वेनेजुएला जैसे देशों पर हमले किए गए। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरै को उनकी पत्नी सहित अपहृत कर अमेरिका ले जाया गया। 2025 में अलकायदा के एक दुर्दांत आतंकी सरगना अहमद हुसैन अल शरा को सीरिया का राष्ट्रपति थोप दिया गया। क्योंकि राष्ट्रपति निक. ोलस मदुरै की ही तरह पूर्व राष्ट्रपति बशर अलअसद, भी ट्रंप व अमेरिका के पिछलग्गू नहीं थे और अब ट्रंप ने इस्राईल से अपनी दोस्ती निभाते हुए ईरान को एक बार फिर ऐसे युद्ध में लपेट लिया है जहां विनाश का अभूतपूर्व इतिहास लिखा जा रहा है और निःसंदेह इस विनाश के जनक और कोई नहीं बल्कि केवल स्वयंभू विश्व शांतिदूत राष्ट्रपति ट्रंप ही हैं।

केवल तेल संपदा पर नियंत्रण के लिए वेनेजुएला से लेकर ईरान तक और ईरान युद्ध के चलते विश्व में अशांति फैलाने वाले ट्रंप का नोब. ेल शांति पुरस्कार के लिए इस कद्र मचलना वास्तव में हैरान करने वाला है। खासकर तब और भी अधिक जबकि एप्सटीन फाइल्स में उनके कथित कारनामे न केवल पूरे अमेरिका बल्कि पूरी मानवता को शर्मसार करने वाले हो सकते हैं। ट्रंप का कत्लो गारत का यह मिशन अभी पूरा नहीं हुआ है, क्योंकि वे स्वयं ईरान के बाद अब क्यूबा पर हमले की योजना बना रहे हैं। गोया एक तरफ तो ट्रंप ने पूरे विश्व में अशांति फैलाने का ठेका भी ले रखा है और दूसरी तरफ नोबेल शांति पुरस्कार की इच्छा भी पाले हुए हैं?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सिर्फ पढ़ाई ही नहीं साथ में करें कमाई भी

अगर आप कॉलेज में पढ़ाई के साथ-साथ कुछ अर्न भी करना चाहते हैं तो यह खबर आपके लिए है। अर्निंग हैबिट हर किसी को जिम्मेदार और आत्मनिर्भर बनाता है और अगर कॉलेज के दिनों में आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाने का मौका मिले, तो क्या कहना? आइए आपको बताते हैं कि आप पढ़ाई के साथ कुछ घंटे काम करके कॉलेज के दौरान कैसे 10 से 20 हजार रुपए मंथली कमा कर खुद को सहारा दे सकते हैं।

### सोशल मीडिया स्ट्रेटेजिस्ट

सोशल मीडिया के बढ़ते असर को देखते हुए कॉरपोरेट कंपनियां, पॉलिटीशियन, सरकारी महकमों आदि में सोशल मीडिया मैनेज करने वालों की मांग तेजी से बढ़ी है। इसमें वैसे लोगों की मांग बढ़ी है, जिसको फेसबुक, ट्विटर, लिंक्डइन, यूट्यूब आदि की समझ हो और इसको अच्छे से मैनेज करने की क्षमता रखते हों। कॉलेज स्टूडेंट इस काम को पढ़ाई के साथ बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इसके लिए कोई एक्स्ट्रा नॉलेज या स्पेस की जरूर नहीं होगी। आपको कंटेंट और टेक्नोसेवी होना होगा। इसके लिए अगर आप रोज 2 से 4 घंटे देकर काम करते हैं तो 10 से 20 हजार रुपए तक कमा सकते हैं। एक बार आपका काम कंपनी या व्यक्ति को समझ में आ जाने के बाद काम लेने के लिए ज्यादा मशक्कत नहीं होगी।

### ऑनलाइन रिसर्चर

आज के इस कम्पटेटिव दौर में ज्यादातर कंपनियां प्रोडक्ट लॉन्च करने से पहले ऑनलाइन रिसर्च करती हैं। इसके अलावा कॉलेज भी अलग-अलग टॉपिक पर रिसर्च कराते हैं। इसके लिए कॉलेज के डिपार्टमेंट्स पेड रिसर्च को पार्ट टाइम हायर करते हैं। हालांकि, इस फील्ड में काम करने के लिए आपके पास पहले से थोड़ा-बहुत अनुभव होना चाहिए। अगर आप किसी प्रोडक्ट या सबजेक्ट को लेकर ऑनलाइन रिसर्च कर रहे हैं तो उस के विषय में पहले से जानकारी बहुत जरूरी है। तभी आप सही तरीके से रिसर्च कर सकते हैं। इस वर्क करने के दो फायदे मिलेंगे। एक तो कमाई होगी और दूसरा आपके बायोडाटा में यह एक एडेड एडवांटेज के तौर पर जुड़ जाएगा। ऑनलाइन रिसर्चर के तौर पर आप महीने में 15 से 20 हजार रुपए कमा सकते हैं। इसके लिए आपको 2 से 5 घंटे देने होंगे।

### फास्ट फूड शॉप में पार्ट टाइम जॉब

कॉलेज के बाद पार्ट टाइम जॉब के रूप में आप कॉफी-डे, बरिस्ता, केएफसी, डोमिनोज, बड़े डिपार्टमेंट स्टोर का रुख कर सकते हैं। इस तरह के फास्ट फूड स्टोर और डिपार्टमेंट स्टोर में आमतौर पर शाम के वक्त ज्यादा लोगों की जरूरत होती है। ऐसा नहीं कि सिर्फ शाम के वक्त ही ये पार्ट टाइम जॉब ऑफर करते हैं। सुबह, दोपहर और नाइट में भी पार्ट टाइम का ऑफर रहता है। ये यंग लड़के को पार्ट टाइम के तौर पर रखने की प्रमुखता देते हैं। इस तरह के डिपार्टमेंटल स्टोर में 3 से 6 घंटे काम करने का ऑफर हमेशा होता है। 3 से 5 घंटे काम कर मंथली 8 से 15,000 रुपए कमा सकते हैं। कमाई के साथ ये ड्रिंक (काफी, ठंडा) और मील (खान) मुफ्त में देते हैं।



इससे छात्रों की फूडिंग परेशानी दूर हो जाती है।

### इवेंट प्लानिंग

अगर, आप किसी मेट्रो सिटी या बड़ी सिटी में पढ़ाई कर रहे हैं तो आप रोज किसी न किसी इवेंट से रूबरू जरूर हो रहे होंगे। बड़े शहरों के अलावा टियर टू और थ्री शहरों में इवेंट ऑर्गेनाइजर की मांग तेजी से बढ़ी है। इसके चलते इस सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों को नए हैंड की जरूरत बढ़ी है। वे इसके लिए पार्ट टाइम लड़के या लड़कियों को हायर करते हैं। इवेंट कंपनी में पार्ट टाइम जॉब की टाइमिंग 4 से 6 घंटे की होती है। इवेंट कंपनी में काम करने के सबसे बड़ा फायदा उन स्टूडेंट को मिलता है तो मैनजमेंट (बीबीए या एमबीए) कर रहे होते हैं। उनको इवेंट के दौरान मैनजेमेंट के गुर सिखने को मिलते हैं। साथ ही वो ऐसे चैलेंज से भी अवगत हो जाते हैं, जो काम के दौरान भविष्य में उनके सामने आने वाले होते हैं। वो अपने काम को अपने रेज्यूमे में दिखा सकते हैं, जिससे कैम्पस सेलेक्शन में भी आसानी होती है। इवेंट कंपनी में काम कर महीने के 10 से 20 हजार रुपए की कमाई आसानी से कर सकते हैं। महीने में 15 से 20 दिन काम करना होगा। काम 4 से 6 घंटा करना होगा।

### कंटेंट एडिटिंग एंड राइटिंग

अगर, आपको लिखने का शौक या भाषा पर अच्छी पकड़ है तो आप कंटेंट का काम कर अच्छी खासी रकम कमा सकते हैं। इसमें आपको कंटेंट एडिटिंग से लेकर राइटिंग का काम कर सकते हैं। कंटेंट एडिटर के तौर पर आप जिस भाषा में काम करेंगे उस पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए।

# अमेरिका की कूटनीति नहीं दादागिरी!

विनीत नारायण



आज दुनिया में हर ओर युद्ध, तबाही और अराजकता का दौर है। विकास की गति रुक रही है। अनिश्चितता का वातावरण है। अनेक देशों के नेता ही मवालियों की तरह बर्ताव कर रहे हैं। जबकि विश्व के लोग हमेशा शांति और विकास चाहते हैं। कोई भी युद्ध नहीं चाहता। हर कोई यह चाहता है कि दुनिया के हर मुल्क में स्थिरता का माहौल बना रहे। इसी उठा-पटक में अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सबसे आगे हैं। ट्रम्प ही क्यों, अमरीका की तो फितरत ही रही है कि कोई बहाना ढूंढ कर कमजोर देशों को दबाना और उनके संसाधनों पर कब्जा करना। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट ने अमेरिका की कूटनीति और युद्ध रणनीति पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट काफी वायरल हुई जिसमें लिखा है कि, प्रिय दुनिया, क्या तुम अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा झूठ बोलने से थक नहीं गए हो? क्या तुम उस साम्राज्य से थक नहीं गए हो जो खून और मौत की तलाश में नहीं रुकता? उन्होंने कोरिया (1950.1953) के बारे में झूठ बोला, ग्वाटेमाला (1954) के बारे में, इंडोनेशिया (1958), क्यूबा (1961), वियतनाम (1961.1975), लाओस (1964.1973), कांगो (1964), डोमिनिकन रिपब्लिक (1965), कंबोडिया (1969.1970), ग्रेनाडा (1983), लेबनान (1983.1984), लीबिया (1986), ईरान (1987.1988), पनामा (1989), इराक (1991, 1998, 2003), सोमालिया (1992. 1994, 2007.वर्तमान), बोस्निया (1994.1995), सूडान (1998), अफगानिस्तान (1998, 2001), यूगोस्लाविया (1999), यमन (2002.वर्तमान), पाकिस्तान (2004), सीरिया (2014), लीबिया (2011), वेनेजुएला (2026), क्यूबा (2026), ईरान (2026) के बारे में झूठ बोला। अमेरिका या उसके सहयोगी कभी किसी बात पर सच्चे रहे हैं? दुनिया कब इनके झूठ से ऊब जाएगी? अब तो हमें पता होना चाहिए कि वैश्विक अशांति, मौत, अराजकता और विनाश के जिम्मेदार कौन हैं? जो दुनिया की स्थिरता के खिलाफ हैं? जो विश्व शांति के विचार से डरते हैं? तुम्हारी चुप्पी सहयोग है! अमेरिका वैश्विक मुसीबत पैदा करने वाला है। मौत और विनाश की मशीन। अमेरिकी साम्राज्य की तानाशाही के खिलाफ बोलो।

यह पोस्ट न केवल अमेरिका की ऐतिहासिक गलतियों को उजागर करती है बल्कि दुनिया को जगाने का प्रयास भी करती है। आज, जब हम वेनेजुएला, क्यूबा और ईरान जैसे देशों में अमेरिकी हस्तक्षेप की नई लहर देख रहे हैं, यह स्पष्ट हो गया है कि अमेरिका के फैसले गलत साबित हो चुके हैं। इन युद्धों ने न केवल लाखों जानें लीं बल्कि दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेला। अमेरिका की इन गलतियों से यह पता चलता है कि वैश्विक समुदाय अब युद्धों से कितना ऊब चुका है?

अमेरिका की विदेश नीति का इतिहास झूठ, हस्तक्षेप और युद्धों से भरा पड़ा है। 1950 के दशक से शुरू करें तो कोरियाई युद्ध (1950-1953) में अमे. रिका ने उत्तर कोरिया के आक्रमण का बहाना बनाकर हस्तक्षेप किया, लेकिन वास्तविकता यह थी कि यह शीत युद्ध की रणनीति का हिस्सा था। लाखों कोरियाई मारे गए, लेकिन क्या अमेरिका की जीत हुई? नहीं, यह युद्ध आज भी कोरियाई प्रायद्वीप पर तनाव का कारण बना हुआ है। इसी तरह, 1954 में ग्वाटेमाला में अमे. रिका ने लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंका, क्योंकि वहां की भूमि सुधार नीतियां अमेरिकी कंपनियों को पसंद नहीं आईं। सीआईए के ऑपरेशन ने देश को दशकों की अस्थिरता में डाल दिया। क्या यह फैसला सही साबित हुआ? नहीं, ग्वाटेमाला आज भी गरीबी और हिंसा से जूझ रहा है।

1950-60 के दशक से अमेरिका के झूठ की फेहरिस्त लंबी है। इंडोनेशिया (1958) में सीआईए ने विद्रोहियों को समर्थन दिया, लेकिन असफल रहा। क्यूबा (1961) में 'बे ऑफ पिग्स' हमला एक बड़ी असफलता थी, जहां अमेरिका ने फिदेल कास्त्रो को हटाने की कोशिश की लेकिन खुद की किरकिरी हुई। वियतनाम युद्ध (1961-1975) तो अमेरिकी इतिहास का सबसे काला अध्याय है। अमेरिका ने श्टोंकिन की खाड़ी घटनाश् को बहाना बनाकर युद्ध शुरू किया, जो बाद में झूठ साबित हुआ। 58,000 अमेरिकी सैनिक और लाखों वियतनामी मारे गए। अमेरिका हारकर लौटा, और वियतनाम आज एक मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश है। क्या अमेरिका का फैसला सही था? नहीं, यह युद्ध अमेरिकी समाज को भी बांट गया। लाओस (1964-1973) और कंबोडिया (1969-1970) में गुप्त बमबारी ने लाखों लोगों को मार डाला और खमेर रूज जैसे आतंक को जन्म दिया। कांगो (1964) में अमेरिका ने वहां प्रधानमंत्री पैट्रिस लुमुम्बा की हत्या में भूमिका निभाई, जो अफ्रीका की आजादी के प्रतीक थे। डोमिनिकन रिपब्लिक (1965) में हस्तक्षेप ने लोकतंत्र को कुचला। 1980 के दशक में भी यह सिलसिला जारी रहा। ग्रेनाडा (1983) में अमेरिका ने मेडिकल छात्रों की सुरक्षा का बहाना बनाकर आक्रमण किया, लेकिन यह छोटे देश पर साम्राज्यवादी कब्जा था। लेबनान (1983-1984) में अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई, लेकिन कोई स्थाई शांति नहीं आई। लीबिया (1986) में कद्दाफी पर हमला, ईरान (1987-1988) में नौसेना संघर्ष, पनामा (1989) में नोरिएगा को हटाना . ए सभी फैसले अमेरिका की ताकत दिखाने के लिए थे, लेकिन उन्होंने क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ाई। इराक के खिलाफ 1991 का गल्फ वॉर, 1998 की बमबारी और 2003 का आक्रमण श्महाविनाश के हथियारोंश् के झूठ पर आधारित था। सद्दाम हुसैन को हटाया गया, लेकिन इराक आज भी अराजकता में डूबा है, आईएसआईएस जैसे समूह पैदा हुए। सोमालिया (1992-1994, 2007-वर्तमान) में अमेरिकी हस्तक्षेप ने समुद्री डकैती और आतंकवाद बढ़ाया। बोस्निया (1994-1995) में नाटो हमले, सूडान (1998) में दूतावास बमबारी, अफगानिस्तान (1998, 2001) में तालिबान के खिलाफ युद्ध यह सभी अमेरिका की 'आतंकवाद विरोधी' नीति के नाम पर थे, लेकिन अफगानिस्तान से 2021 की शर्मनाक वापसी ने साबित किया कि 20 साल का युद्ध व्यर्थ था। यूगोस्लाविया (1999) में नाटो बमबारी ने कोसोवो को अलग किया, लेकिन जातीय तनाव आज भी हैं। यमन (2002-वर्तमान) में ड्रोन हमलों ने नागरिकों को मार डाला, पाकिस्तान (2004) में भी यही हुआ। सीरिया (2014) में आईएसआईएस के खिलाफ हस्तक्षेप ने देश को बर्बाद कर दिया। लीबिया (2011) में कद्दाफी को हटाने के बाद देश गृहयुद्ध में फंस गया। और अब 2026 में वेनेजुएला, क्यूबा और ईरान पर झूठ। वेनेजुएला में अमेरिका ने आर्थिक प्रतिबंध लगाए और विपक्ष को समर्थन दिया, दावा किया कि मदुरो तानाशाह है, लेकिन यह तेल संसाधनों पर कब्जे की कोशिश है। क्यूबा पर दशकों से प्रतिबंध, लेकिन 2026 में नए आरोप लगाकर दबाव बढ़ाया जा रहा है। ईरान पर परमाणु कार्यक्रम के बहाने हमले की धमकी, जबकि ईरान शांति समझौते चाहता है। ये सभी फैसले गलत साबित हो चुके हैं क्योंकि उन्होंने न केवल लक्षित देशों को नुकसान पहुंचाया बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट्स बताती हैं कि युद्धों से करोड़ों लोग विस्थापित हुए, अर्थव्यवस्थाएं चरमरा गईं। यूक्रेन-रूस संघर्ष और इजराइल-फिलिस्तीन विवाद में अमेरिका की भूमिका ने दिखाया कि वह शांति दलाल नहीं, बल्कि युद्ध उकसाने वाला है। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देश अब चीन और रूस जैसे भागीदारों की ओर मुड़ रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि ए देश शांति और विकास पर जोर देते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



केरल। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भोजन करते समय छात्राओं से बातचीत करते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध में कुर्द को शामिल नहीं करना चाहते हैं: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह नहीं चाहते हैं कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध में कुर्द शामिल हों। ट्रम्प ने शनिवार शाम कहा कि हम नहीं चाहते कि कुर्द युद्ध में शामिल हों। उन्होंने कहा कि हम युद्ध को पहले से ज्यादा मुश्किल नहीं बनाना चाहते। मैं नहीं चाहता कि कुर्द घायल हों और मारे जाएं। हमारे बीच अच्छे रिश्ते रहे हैं। वे युद्ध में शामिल होने को तैयार हैं, लेकिन सच में मैंने उनसे कहा है कि मैं नहीं चाहता कि वे युद्ध में शामिल हों।

## श्रीलंका ने बचाए गए ईरानी नाविकों को वायुसेना बेस पर भेजा

**कोलंबो।** श्रीलंका ने ईरानी युद्धपोत आइरिस डेना के डूबने के बाद बचाए गए 22 ईरानी नाविकों को करापितिया अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद दक्षिणी प्रांत के कोग्गला में श्रीलंका वायुसेना बेस पर भेज दिया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। दस और नाविकों का अभी भी इलाज चल रहा है, जिनमें से आठ को आपातकालीन देखरेख में रखा गया है। इस बीच, श्रीलंका के अधिकारियों ने एक और ईरानी नौसेना के जहाज आइरिस बुशहर से सभी 204 लोगों को वेलिसारा नौसेना कैंप में रखा है। आइरिस बुशहर को शुक्रवार को त्रिकोमाली के पूर्वी बंदरगाह पर ले जाया गया। श्रीलंका पिछले हफ्ते द्वीप के दक्षिणी तट पर समुद्री इमरजेंसी के बाद ईरानी नौसेनिकों को मेडिकल देखभाल, शरण और आवागमन से संबंधित समर्थन दे रहा है।

# न्यूयॉर्क मेयर ममदानी के आवास पर बम हमले की कोशिश

### न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग ने इस मामले में दो संदिग्धों की पहचान की है और उन्हें हिरासत में लिया

**न्यूयार्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां मेयर जोहरान ममदानी के आधिकारिक आवास, ग्रेसी मेंशन के बाहर बम हमले का प्रयास किया गया। न्यूयार्क सिटी पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) ने इस मामले में दो संदिग्धों की पहचान की है और उन्हें हिरासत में लिया है।

■ यह घटना रमजान के पवित्र महीने के दौरान हुई, जब दो विरोधी प्रदर्शनकारी समूहों के बीच हिंसक झड़प हुई



यह घटना रमजान के पवित्र महीने के दौरान हुई, जब दो विरोधी प्रदर्शनकारी समूहों के बीच हिंसक झड़प हुई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार घटना के दौरान एक वीडियो में एक संदिग्ध को एक उपकरण दूसरे को सौंपते हुए दिखाया गया है, जिसके तुरंत बाद गिरफ्तारी हुई। पुलिस द्वारा बरामद किए गए उपकरण में एक जार था, जो काले टेप से लिपटा हुआ था और उसमें नट, बोल्ट, स्क्रू और एक फ्यूज भरा हुआ था। यह उपकरण फुटबाल से थोड़ा छोटा बताया जा रहा है। यह कार्रवाई उस समय हुई जब मेयर के आधिका. रिक आवास के बाहर दो विरोधी प्रदर्शनकारी समूहों के बीच झड़प हो गई थी। पुलिस ने इस दौरान कुल छह लोगों को हिरासत में लिया। बताया गया कि यह हिंसा उस समय भड़की जब दक्षिणपंथी प्रभावक जेक लैंग द्वारा आयोजित एक इस्लाम विरोधी प्रदर्शन का टकराव रमजान के दौरान आयोजित एक प्रदर्शन से हो गया। इस दौरान दो संदिग्ध उपकरणों को जलाकर फेंका गया। पुलिस आयुक्त जेसिका एस. टिश ने बताया कि ये उपकरण आकार में फुटबाल से थोड़े छोटे थे और फिलहाल उनकी जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे वास्तव में काम करने वाले विस्फोटक थे या सिर्फ डर फैलाने के लिए बनाए गए थे। पुलिस के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हवा में जाते समय उपकरण से आग और धुआं निकलता दिखाई दिया, जो एक बैरियर से टकराने के बाद पुलिस अधिकारियों से कुछ फीट दूर गिरकर बुझ गया। रिपोर्ट के अनुसार घटना की शुरुआत तब हुई जब इस्लाम विरोधी समूह के एक व्यक्ति ने काउंटर-प्रोटेस्ट करने वालों पर कथित तौर पर मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल किया। लगभग 20 मिनट बाद एक 18 वर्षीय प्रदर्शनकारी ने जलता हुआ उपकरण प्रदर्शन क्षेत्र की ओर फेंका, जो सड़क के क्रासवाक पर गिरा। इसके बाद उसी व्यक्ति ने अपने 19 वर्षीय साथी से दूसरा उपकरण लिया और उसे भी जलाकर सड़क पर गिरा दिया, तभी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में ले लिया। ये दोनों उन छह लोगों में शामिल हैं, जिन्हें पुलिस ने पकड़ा है। घटना के बाद मेयर जोहरान ममदानी और उनकी पत्नी रमा दुवाजी सुरक्षित बताए गए हैं। मेयर के प्रवक्ता ने इस प्रदर्शन को 'निंदनीय और इस्लामोफोबिक' बताया और कहा कि यह घटना उन खतरों की याद दिलाती है जिनका उन्हें अक्सर सामना करना पड़ता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प ने ब्रिटेन को कहा धन्यवाद, अब हमें मदद की जरूरत नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमे. रिका-इजरायल और ईरान युद्ध में दो विमान-वाहक पोत भेजने पर विचार करने के लिए ब्रिटेन धन्यवाद दिया है और कहा है कि अब उन्हें इसकी जरूरत नहीं हैं। ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर ब्रिटेन को धन्यवाद देते हुए कहा कि ब्रिटेन जो कभी हमारा सबसे बड़ा साथी था, शायद सबसे बड़ा, आखिरकार पश्चिम एशिया में दो विमान-वाहक पोत भेजने के बारे में गंभीरता से सोच रहा है। कोई बात नहीं प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, हमें अब उनकी जरूरत नहीं है, लेकिन हम याद रखेंगे।

### बेरूत के होटल पर इजरायली हमले में चार की मौत, 10 घायल

**बेरूत।** लेबनान की राजधानी बेरूत स्थित एक होटल पर इजरायल की ओर से किए गए हमले में चार मारे गए, जबकि 10 अन्य लोग घायल हुए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार लेबनान के अधिकारियों ने बताया कि बेरूत के होटल पर इजरायली हमले में चार लोगों की मौत हो गई और 10 घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार यह हमला मध्य बेरूत में स्थित एक होटल पर हुए, जिसके कारण चार लोगों की जान चली गई।

### बंगलादेश : खालिदा जिया को मिला 'श्रेष्ठ अजेय महिला पुरस्कार'

**ढाका।** बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी की पूर्व अध्यक्ष खालिदा जयिा को लोकतंत्र को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका के लिए 'श्रेष्ठ अजेय महिला' सम्मान से नवाजा गया है। उनकी तरफ से उनकी पोती जैमा रहमान ने यह पुरस्कार स्वीकार किया। सुजयिा की बहू जुबैदा रहमान भी आयोजन में मौजूद रहीं। मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रविवार सुबह 11 बजे उस्मानी मेमोरियल ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम में जैमा रहमान को यह पुरस्कार दिया।

### पेजेशकियान के बयान के सिर्फ एक दिन बाद ईरान ने बरपाया कहर

# अरब देशों में ड्रोन, मिसाइल हमलों की नई लहर

**रियाद/ मनामा।** पड़ोसी देशों से माफी मांगने वाले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के बयान के सिर्फ एक दिन बाद फारस की खाड़ी के कई देशों में रविवार सुबह ड्रोन और मिसाइल हमलों की नई लहर दर्ज की गई, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। कुवैत की सेना ने कहा है कि कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन भंडारण क्षेत्र को 'शत्रुतापूर्ण ड्रोन की लहर' ने निशाना बनाया। सेना के अनुसार वायु रक्षा प्रणालियों ने कई ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया, लेकिन अवरोधन के दौरान गिरे मलबे से कुछ नागरिक ढांचे को नुकसान पहुंचा।

सरकारी मीडिया के अनुसार ड्रोन हमले में पब्लिक इंस्टीट्यूशन फॉर सोशल सिक्योरिटी की इमारत भी प्रभावित हुई। लगभग 22 मंजिला इस भवन में आग लगने की तस्वीरें सामने आई हैं लेकिन इसमें किसी के घायल होने की खबर नहीं है। इस बीच, कुवैत के बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के दो जवानों की रविवार सुबह 'कर्तव्य निभाते समय' मौत हो गई।

यह स्पष्ट नहीं है कि यह घटना हवाई अड्डे और सरकारी भवन पर हुए हमलों से जुड़ी है या नहीं। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने भी रविवार तड़के ड्रोन हमलों की पुष्टि करते हुए कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने कम से कम 21 ड्रोन को मार गिराया है। बहरीन में गृह मंत्रालय ने बताया कि मिसाइलों के टुकड़े गिरने से एक विश्वविद्यालय की इमारत को



■ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन भंडारण क्षेत्र को 'शत्रुतापूर्ण ड्रोन की लहर' ने निशाना बनाया: कुवैत


■ सऊदी अरब ने भी की ड्रोन हमलों की पुष्टि, कहा: उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने 21 ड्रोन मार गिराए

■ ईरानी ड्रोन हमले के कारण बहरीन के जल शुद्धिकरण संयंत्र को नुकसान पहुंचा: बहरीन गृह मंत्रालय

नुकसान पहुंचा और तीन लोग घायल हुए। इसके अलावा एक समुद्री जल शोधन संयंत्र भी क्षतिग्रस्त हुआ है। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि देश की वायु रक्षा प्रणालियां रविवार सुबह एक संभावित मिसाइल खतरे का सामना कर रही थीं।

इन हमलों से एक दिन पहले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने खाड़ी देशों से पिछले सप्ताह अमेरिकी ठिकानों पर हुए ड्रोन और मिसाइल हमलों के लिए खेद व्यक्त किया था और कहा था कि यदि उन पर हमला नहीं किया गया तो ईरान अपने पड़ोसी देशों को निशाना नहीं बनाएगा। बाद में राष्ट्रपति कार्यालय ने स्पष्ट किया कि उनका आशय यह था कि यदि क्षेत्रीय देश अमेरिका के हमलों में सहयोग नहीं करते हैं, तो ईरान भी उन पर हमला नहीं करेगा। वहीं बहरीन के गृह मंत्रालय ने कहा है कि ईरानी ड्रोन हमले के कारण बहरीन के एक जल शुद्धीकरण संयंत्र को नुकसान पहुंचा है। यह घटना ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के उस बयान के एक दिन बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ने दक्षिणी ईरान के केश्म द्वीप पर एक जल शुद्धीकरण संयंत्र पर हमला किया है, जो अपने आप में एक 'मिसाल' है। बहरीन के इस बयान के बाद ईरान की ओर से फिलहाल कोई तत्काल प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। खाड़ी के अधिकतर देश अपने निवासियों की खपत के लिए मुख्य रूप से जल शुद्धीकरण पर ही निर्भर हैं। बहरीन ने कहा है कि एक ईरानी ड्रोन ने जल शुद्धीकरण संयंत्र पर हमला किया। पिछले नौ दिनों से जारी युद्ध के दौरान यह पहली बार है, जब किसी अरब देश ने ईरान की ओर से जल शुद्धीकरण संयंत्र को निशाना बनाए जाने का दावा किया है। यह घटना तब हुई है, जब ईरानी अधिकारियों ने कहा था कि अमेरिका ने देश के दक्षिणी द्वीप केश्म में ईरान के जल शुद्धीकरण संयंत्र को निशाना बनाया है। खाड़ी देशों में प्राकृतिक मीठे पानी के संसाधन अत्यंत सीमित हैं। इस कारण पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए वे ऊर्जा-गहन समुद्री जल विलवणीकरण पर निर्भर रहते हैं। वॉशिंगटन डीसी के अरब सेंटर के प्रकाशित शोध पत्र के अनुसार, ए संयंत्र कितने महत्वपूर्ण हैं, इसे समझने के लिए यहां कुछ आंकड़े दिए गए हैं-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के सदस्य देश वैश्विक जल शुद्धीकरण क्षमता का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं और इस पूरे क्षेत्र में 400 से अधिक शुद्धीकरण संयंत्रों के माध्यम से दुनिया के कुल विलवणीकृत जल का लगभग 40 प्रतिशत उत्पादन करते हैं।

## हमला करने वालों के खिलाफ मजबूती से खड़ा है ईरान: मसूद पेजेश्कियान



**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा है कि ईरान पर हमला करने वालों के खिलाफ देश मजबूती से खड़ा है और किसी भी आक्रामकता का जवाब पूरी ताकत के साथ दिया जाएगा। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, पेजेश्कियान ने एक अस्पताल में घायलों से मुलाकात के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि उनके पहले दिए गए बयान को गलत तरीके से पेश किया गया, जिससे यह धारणा बनाई गई कि ईरान खाड़ी देशों पर हमले रोकने का निर्णय ले रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे और भाईचारे वाले संबंध चाहता है। यदि किसी अन्य देश की जमीन से ईरान पर हमला किया जाता है, तो उसे जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि उन देशों के साथ उसका विवाद है। पेजेश्कियान ने कहा कि ईरान किसी भी हमले के सामने मजबूती से खड़ा रहेगा और उसका जवाब ताकत के साथ देगा। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं के बावजूद देश के लोग किसी भी राजनीतिक दल या गुट से ऊपर उठकर दुश्मन के खिलाफ एकजुट रहेंगे।

## ईरान ने किया मिनाब में बालिकाओं के स्कूल पर हमला: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के मिनाब शहर में एक स्कूल पर हुए हमले में अमेरिका की जिम्मेदारी से इन्कार करते हुए कहा है कि इसे ईरान ने खुद अंजाम दिया था। इस हमले में 175 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें अधिकांश बच्चे बताए जा रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि उनकी राय में यह हमला ईरान की एक त्रुटिपूर्ण मिसाइल के कारण हुआ हो सकता है। उल्लेखनीय है कि सीएनएन, न्यूयॉर्क टाइम्स और वॉशिंगटन पोस्ट जैसे अंतर्राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों की जांच में अलग निष्कर्ष सामने आए हैं। रिपोर्टों के अनुसार उपग्रह चित्रों और अन्य दृश्य प्रमाणों के आधार पर यह संभावना जताई गई है कि 28 फरवरी को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के ठिकानों पर अमेरिकी हमलों के दौरान दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर में स्थित एक लड़कियों के प्राथमिक विद्यालय को निशाना बनाया गया। ट्रम्प से शनिवार को जब पूछा गया कि क्या अमेरिका इस हमले के लिए जिम्मेदार है, तो उन्होंने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार यह हमला ईरान द्वारा किया गया था। इस दौरान अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से भी इस विषय पर सवाल किया गया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और यह भी आरोप लगाया कि नागरिकों को निशाना बनाने वाला पक्ष ईरान है।

# ईरान में अगले सर्वोच्च नेता के नाम पर बनी सहमति

### खामेनेई के उत्तराधिकारी और उसे नियुक्त करने वालों का पीछा करना जारी रखेगा इजरायल

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद खाली हुए पद को भरने के लिए 'असें. बली ऑफ एक्सपर्ट्स' (विशेषज्ञों की परिषद) ने नए उत्तराधिकारी के नाम पर लगभग सहमति बना ली है।

ईरानी समाचार एजेंसी 'फार्स' के अनुसार, परिषद के सदस्य अयातुल्ला मोहम्मद मेहदी मीरबा. गेरी ने पुष्टि की है कि नेतृत्व निर्धारित करने के लिए 'बड़े प्रयास' किए गए हैं और एक 'निर्णायक और सर्वसम्मत राय' बन चुकी है। हालांकि, सुरक्षा कारणों और कठिन परिस्थितियों का हवाला देते हुए अभी तक नए नेता के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। परिषद के



■ ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई, ने 37 वर्षों तक शासन किया था और वह 28 फरवरी को तेहरान में एक अमेरिकी-इजरायली हमले में मारे गए थे

एक अन्य सदस्य हुज्जतुल इस्लाम जाफरी ने कहा कि तीसरे सर्वोच्च नेता के चयन में देरी सभी के लिए अनपेक्षित है, लेकिन जल्द ही परिणाम सामने आएंगे। गौरतलब है कि 88 सदस्यीय यह परिषद ही ईरान के सर्वोच्च नेता को चुनने के लिए संवैधानिक रूप से अधिकृत है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई, ने 37 वर्षों तक शासन किया था और वह 28 फरवरी को तेहरान में एक अमे. रिकी-इजरायली हमले में मारे गए थे। उनके निधन के एक सप्ताह के बाद भी ईरान उनकी जगह किसी को नेता चुन नहीं सका और इसके बजाए देश की कमान एक तीन सदस्ईय समिति को सौंप दी गई थी। इस देरी के कारण ईरान के कुछ समूहों में असंतोष भी उपज रहा था। इन लोगों का मानना है कि नेतृत्व के नाम पर एक चेहरा अवश्य होना चाहिए। विशेषकर युद्ध के हालात में फौज का मनोबल बनाए रखने के लिए ऐसा करना जरूरी है। दूसरी ओर, इजरायल ने ईरान के संभावित नए सर्वोच्च नेता और उनके चयन में शामिल लोगों को सीधी सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि इजरायल का 'लंबा हाथ' खामेनेई के उत्तराधिकारी और उसे नियुक्त करने वाले किसी भी व्यक्ति का पीछा करना जारी रखेगा। आईडीएफ ने चेतावनी देते हुए कहा कि हम आपको निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। इसे अपने लिए चेतावनी समझें। आधिकारिक नाम की घोषणा अभी भले न हुई हो लेकिन विशेषज्ञों और अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों के अनुसार इस शक्तिशाली पद के लिए कई नाम सामने आए हैं।

# अमेरिका अपने पकड़े गए सैनिकों का सच छिपा रहा: लारिजानी

**तेहरान।** ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारिजानी ने दावा किया है कि हालिया संघर्ष के दौरान कई अमे. रिकी सैनिकों को ईरानी बलों ने बंदी बना लिया है और अमेरिका इस सच्चाई को छिपाने की कोशिश कर रहा है। लारिजानी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर रविवार को किए गए एक पोस्ट में कहा कि उन्हें जानक. ारी मिली है कि कई अमेरिकी सैनिकों को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अमे. रिकी पक्ष उन्हें युद्ध में मारे जाने की बात कह रहा है, लेकिन यह सच्चाई ज्यादा समय तक छिपी नहीं रह सकेगी। पिछले महीने के अंत से अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले शुरू किए जाने के बाद

■ पिछले महीने के अंत से अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले शुरू किए जाने के बाद क्षेत्र में संघर्ष तेज हो गया है

क्षेत्र में संघर्ष तेज हो गया है। इसके जवाब में ईरान की सशस्त्र सेनाओं, विशेष रूप से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कई संवे. दनशील और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाते हुए सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से जवाबी हमले किए हैं। इससे एक दिन पहले लारिजानी ने चेतावनी दी थी कि अमेरिका की कार्रवाई का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका को समझना चाहिए कि ईरान के सब्र को तोड़ने और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने के गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संकल्प के आधार पर ईरान अमेरिकी आक्रामकता का जवाब दिए बिना नहीं छोड़ेगा और उसे जवाबदेह ठहराया जाएगा। शेरा लारिजानी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी बयानबाजी से यह स्पष्ट होता है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका की व्यापक रणनीति विफल रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका का मुख्य उद्देश्य ईरान की शासन व्यवस्था को कमजोर करना और राष्ट्रीय एकता को तोड़ना था, लेकिन यह लक्ष्य हासिल नहीं हो सका।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यूरोपीय नेताओं ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** यूरोपीय नेताओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को बधाई दी है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने दुनिया भर की उन लड़कियों और महिलाओं को श्रद्धांजलि दी जो



■ उर्सुला वॉन डर ने महिलाओं से अपने भीतर की शक्ति को पहचानने और कभी पीछे न हटने का आह्वान किया

उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई जारी रखे हुए हैं। उन्होंने महिलाओं से अपने भीतर की शक्ति को पहचानने और कभी पीछे न हटने का आह्वान किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भी महिलाओं से अपने देश की रक्षा करने का आह्वान किया। उन्होंने युद्ध के मैदान और दैनिक जीवन में महिलाओं द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली शक्ति के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बाधाओं का सामना करने के बावजूद वर्ष 2025 में यूक्रेन की सेना में 70000 से अधिक महिलाओं ने सेवा दी, जो 2022 की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। इनमें से 5500 से अधिक महिलाएं सीधे अग्रिम पंक्ति (फ्रंट लाइन) पर तैनात थीं। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि उनकी सरकार 'नफरत को अधिकारों का स्थान नहीं लेने देगी।' उन्होंने जोर देकर कहा कि लैंगिक हिंसा को कमतर करके आंकने और ऑनलाइन उत्पीड़न जैसी चुनौतियों के बावजूद नारीवादी आंदोलन को आगे बढ़ते रहना चाहिए। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने इंटरनेट के माध्यम से संदेश दिया 'आठ मार्च हम सभी को एक ऐसी जिम्मेदारी की याद दिलाता है जो केवल एक दिन के लिए नहीं बल्कि हर दिन के लिए लागू होती है। हमें एक ऐसे इटली का निर्माण जारी रखना है जहां किसी भी महिला को स्वतंत्रता, कार्य, परिवार और व्यक्तिगत संतुष्टि के बीच चुनाव न करना पड़े। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस जैसी अन्य प्रमुख हस्तियों ने दुनिया को याद दिलाया कि 'समानता से सभी को लाभ होता है' और महिलाओं एवं लड़कियों की शिक्षा और उनके कल्याण को बढ़ावा देना दुनिया को एक बेहतर स्थान बनाने के सबसे निश्चित तरीकों में से एक है।

# खामेनेई की मौत पर अमेरिका में लगा था सट्टा

**न्यूयार्क/वाशिंगटन।** ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई को लेकर अमेरिकी प्रेडिक्शन मार्केट साइट काल्शी पर 498 करोड़ रुपये का दांव लगाया गया। यह न्यूयार्क स्थित कंपनी है, जहां लोग चुनाव, युद्ध और वैश्विक घटनाओं के नतीजों पर पैसे लगाते हैं। खामेनेई की मौत के बाद कई यूजर्स ने खुद को विजेता मान लिया।

एक कारोबारी ने 3.19 लाख रुपये लगाए थे और उसे 58 लाख रुपये मिलने की उम्मीद थी, लेकिन कुछ ही मिनट बाद साइट ने ट्रेड रोक दिया। कंपनी ने कहा कि उसके नियम किसी व्यक्ति की मौत से जुड़े दांव पर भुगतान की अनुमति नहीं देते। विवाद बढ़ने पर काल्शी ने दांव लगाने वालों को पैसा और फीस लौटाने का फैसला

■ 498 करोड़ का खेला था दांव, अब साइट ने भुगतान रोका, नियमों को लेकर विवाद

किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ऐसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए हैं जिन्होंने स्पष्ट जनसमर्थन के बिना युद्ध शुरू किया। आम तौर पर जब कोई अमेरिकी राष्ट्रपति युद्ध शुरू करता है तो शुरुआती दौर में जनता उसके पीछे खड़ी (रैली अराउंड द प्रेसिडेंट) हो जाती है। ताजा सर्वे के मुताबिक ईरान पर हमले को सीमित समर्थन मिला है। रायटर्स-इप्सोस सर्वे में केवल 27 प्रतिशत अमे. रिकियों ने कार्रवाई का समर्थन किया, जबकि 43 प्रतिशत इसके विरोध में रहे। सीएनएन के सर्वे में समर्थन करीब 41 प्रतिशत रहा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108